हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रचा इतिहास फिर से बने टी20 चैंपियन

तीसरी बार फिर बनी इंडिया चैम्पियन

अहमदाबाद। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों हराकर इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई है। वहीं पहली बार होम टीम ने टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। इससे पहले मेजबानी करते हुए कोई भी टीम टी20 वर्ल्ड कप का खिताब नहीं जीत पाई थी। लेकिन अब ये कारनामा टीम इंडिया ने कर दिखाया है। फाइनल में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाए थे। जवाव में कीवी टीम 19 ओवर में 159 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यह टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है।

बड़े टारगेट के दबाव में बिखरे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कीवी टीम के बल्लेबाज पारी के शुरुआत ही दबाव में दिखे। पहले विकेट के लिए टिम सीफर्ट और फिन एलन ने तेज गति से 31 रन जरूर जोड़े। लेकिन पहला विकेट गिरने के बाद कीवी टीम बिखर गई।

Dish
खतीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैकेज देखो
TATA PLAY पैकेज रु. 1155 | airtel पैकेज रु. 366

कांग्रेस की 'गुलाम' है द्रमुक : पलानीस्वामी

इरोड। अन्नाद्रमुक प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर पलटवार करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अपने सहयोगी दल कांग्रेस की 'गुलाम' है। पलानीस्वामी ने इरोड के पेरुंथुरई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि अंततः कांग्रेस पार्टी ने अपने सहयोगी द्रमुक को धमकाया और इस साल अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 28 सीटें हासिल कर लीं।

पाक में रह रहे आतंकी की संपत्ति जब्त की गई

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकी सरगना की राजौरी जिले के मांजकोट इलाके में स्थित अचल संपत्ति जब्त कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति में घोषित अपराधी शफीक अहमद की सात मरला जमीन शामिल है, जो नाइका पंजग्रेन गांव का निवासी है। उन्होंने कहा कि अहमद सीमा पार करके पाकिस्तान चला गया है और वर्तमान में वहीं से अपनी गतिविधियां चला रहा है।

आशुतोष महाराज पर ट्रेन में जानलेवा हमला

प्रयागराज। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ कोर्ट में यौन उत्पीड़न का केस दाखिल करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज पर जानलेवा हमला होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ब्रह्मचारी ने अपने ऊपर चलती ट्रेन में हमले का आरोप लगाया है। किसी तरह आशुतोष ब्रह्मचारी ने ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद कर अपनी जान बचाई। रेलवे पुलिस को दी तहरीर में रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रयागराज जाते वक्त जानलेवा हमला किए जाने का आरोप है। प्रयागराज के जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस इस पूरी घटना की जांच में जुट गई है। आशुतोष ने आरोप लगाया है कि प्रयागराज आते समय उनपर फतेहपुर और कौशांबी जिले के सिराथू रेलवे स्टेशन के बीच हमला किया गया। शामली से वो रात में गाजियाबाद पहुंचे थे और फिर वहां से रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रयागराज आ रहे थे, पांच बजे सुबह टॉयलेट जाते समय युवक ने हमला बोला।

उज्जैन में रंगपंचमी के अलग ही रंग में नजर आए सीएम डॉ. यादव

गुलाब के फूल बरसाकर खेली होली गाना गाया-ये देश है 'वीर जवानों' का

सीएम परंपरागत अंदाज में

इंदौर में उतर आया 'बरसाना'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को रंगपंचमी के पावन अवसर पर टॉवर चौक उज्जैन में आमजन के साथ फूलों की होली खेली। इससे पहले मुख्यमंत्री सिंधी कॉलोनी से निकाली गई गेर (चल समारोह) में शामिल हुए। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर नागरिकों ने हर्षोल्लास से रंगपंचमी मनाई और मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। टॉवर चौक पर बनाए गए मंच से मुख्यमंत्री ने सभी पर गुलाब के फूल बरसाकर होली खेली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीन अवंतिका नगरी में सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल के दौरान परंपरागत रूप से सैनिक छावनियों से सैनिक विजयी पताका और चिन्ह लेकर चल समारोह के रूप में नगर में उत्सव मनाते थे। बाद में इस उत्सव को गेर नाम दे दिया। यह प्राचीन परंपरा आज भी कायम है। यह परंपरा हमारे सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में सुबह महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकाल का पूजन अभिषेक करने के बाद मंदिर के सभा मंडप में रंगपंचमी के अवसर पर ध्वज चल समारोह में भगवान वीरभद्र के ध्वज और श्री महाकाल ध्वज के साथ ही शस्त्रों का विधि विधान पूर्वक पूजन किया। ध्वज हाथ में लेकर मंदिर के कुंड परिसर तक गए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को निर्देश दिए कि उज्जैन में परंपरागत रूप से निकलने वाले चल समारोह (गेर) की परंपरा को आगे भी कायम रखने के लिए सवा-सवा लाख रुपए की राशि दी जाए। पूजन के बाद नंदी हाल में मंदिर के पुजारी-पुरोहितों की ओर से स्वस्ति वाचन किया गया। मुख्यमंत्री ने भगवान महाकाल का ध्यान लगाया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मुख्यमंत्री को भगवान महाकाल का अंगवस्त्र, भगवान महाकाल का प्रसाद व स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

हरिभूमि न्यूज:इंदौर। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में रंगपंचमी के मौके पर पारंपरिक गेर का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया, जिसमें लाखों की संख्या में हुरियारे राजबाड़ा और आसपास के इलाकों में उमड़ पड़े। गेर की शुरुआत टोरी कॉर्नर से हुई, जिसे पारंपरिक रूप से सबसे प्रमुख माना जाता है। यहां तीन विशेष टैंकरों पर मिसाइलनुमा उपकरण लगाए गए थे, जो हवा में सैकड़ों फीट ऊपर गुलाल का गुबार छोड़ रहे थे। दूसरी ओर, इंदौर नगर निगम की गेर में एक विशालकाय हाथी की प्रतिकृति आकर्षण का केंद्र रही। हाथी की सूंड से निकलती रंगीन पानी की बौछारें सड़क किनारे खड़े लोगों को सराबोर करती रही। संगम कॉर्नर समिति की गेर ने इंदौर में ब्रज की यादें ताजा कर दीं। यहां बरसाना से आई विशेष टीम ने लट्ठमार होली का प्रदर्शन किया। राधा-कृष्ण की झांकी के साथ कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में रासरंग करते नजर आए, जिसे देख विदेशी सैलानी भी झूम उठे। युवाओं की टोलियां डीजे पर देशभक्ति के गीतों पर डांस किया। भीड़ की विशालता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। एक घंटे में चकाचक भी कर दी 4 किमी लंबी सड़क। दोपहर 1:45 पर आखिरी गेर राजवाड़ा से गुजरी और दो बजे सफाई अमला सड़कों पर जुट गया।

ग्वालियर के व्यापारी के घर भीषण आग

बहू जिंदा जली, खिड़कियां तोड़कर रेस्क्यू टीम ने 5 लोगों को 'बचाया'

- आग लगने के कारणों का पता नहीं चला
- फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

आग और धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4 बजे एक व्यापारी के घर में आग लग गई। आग लगते ही घर से तेज धुआं और लपटें उठने लगीं। उस समय घर के अंदर परिवार के 6 लोग मौजूद थे। इनमें से 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि जलने से बहू की मौत हो गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। खिड़कियां तोड़कर घर के अंदर पहुंचे। इसके बाद अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। टीम ने आग बुझाने के लिए अंदर से भी पानी का छिड़काव किया। घटना में व्यापारी परिवार की बहू अंकिता अग्रवाल (पत्नी सचिन अग्रवाल) गंभीर रूप से झुलस गई थीं। पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान अंकिता की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मकान में व्यापारी परिवार के तीन भाई गिर्राज, दिनेश और हरिओम एक साथ रहते हैं। आग लगने के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर थे। स्थानीय लोगों ने भी दमकलकर्मियों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में मदद की। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

मंत्री और विधायक मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही एसपी धर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्रीय विधायक सतीश सिकरवार और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी ली। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 10 से अधिक गाड़ियां लगाई गईं। इसके अलावा टैंकरों से भी पानी की सप्लाई की गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया है।

इन नाबालिगों की मौत

सीहोर में देर रात सड़क हादसा

बोलेरो ने बाइक सवार चार को कुचला, 2 नाबालिगों की मौत

- बच्चों की अर्थी सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

यहां शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। बोलेरो ने एक ही बाइक पर सवार चार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में 13 और 16 साल के दो लड़कों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने वाली बोलेरो पर मप्र शासन लिखा हुआ था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसा शुगर फैक्ट्री चौराहा से लुनिया चौराहे के बीच मोती बाबा मंदिर के पास रात करीब 11 बजे हुआ। बोलेरो चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। बाइक को टक्कर मारने के बाद बोलेरो अनियंत्रित हो गई। गाड़ी पहले सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर से टकराई और फिर सीधे एक घर में जा घुसी। सीएसपी अभिनंदना शर्मा के अनुसार हादसे के समय चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान बोलेरो के चालक सुनील पिता रंजीत सिंह ठाकुर (48), निवासी हनुमान फाटक, सीहोर ने बाइक पर सवार चार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में अमित चौहान (16), विवेक चौहान (12), धीरज चौहान (18) और विक्रम चौहान (18) घायल हो गए।

पूर्व सीएम दिग्विजय ने लिखा पीएम को पत्र

प्रदेश के 14 जिलों के बासमती चावल को तुरंत मिले जीआई टैग

प्रदेश के लाखों किसानों की आय बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश के 14 जिलों में उत्पादित बासमती चावल को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग दिए जाने की मांग की है। सिंह ने अपने पत्र में कहा कि इस विषय पर तीन माह पूर्व पत्र लिखने के बाद भी केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

उन्होंने बताया कि संसद के शीतकालीन सत्र में भी उन्होंने इस मुद्दे को उठाया था और मध्यप्रदेश के बासमती उत्पादक किसानों को जीआई टैग नहीं मिलने से हो रही आर्थिक क्षति की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल से लेकर मालवा और महाकौशल क्षेत्र तक लगभग 14 जिलों- श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, गुना, विदिशा, रायसेन, सीहोर, हरदा, होशंगाबाद, नरसिंहपुर और जबलपुर में हजारों किसान वर्षों से उच्च गुणवत्ता वाले सुगंधित बासमती चावल का उत्पादन कर रहे हैं।

दिग्विजय सिंह

बावजूद इसके, जीआई टैग नहीं मिलने के कारण किसानों को अपने उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। सिंह ने कहा कि जीआई टैग मिलने से न केवल प्रदेश के लाखों किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि मध्यप्रदेश के बासमती चावल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी और इससे देश को विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होगी।

टैक्सी ड्राइवर ने महिला से की रेप की कोशिश

नई दिल्ली। उत्तराखंड के नैनीताल में एक टैक्सी ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। ड्राइवर ने कथित तौर पर एक टूरिस्ट के साथ रेप करने की कोशिश की और नाकाम रहने पर उसके साथ मारपीट की और उसका फोन छीन लिया। ड्राइवर ने ड्रॉप लोकेशन के बजाय सुनसान सड़क पर ले जाकर रेप की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति-फिलहाल ऐलान नहीं इजराइल बोला- खामेनेई के हर उत्तराधिकारी को निशाना बनाएंगे

अमेरिका इजराइल बीते एक सप्ताह से ईरान पर लगातार हमले कर रहे हैं। इसके बाद भी ईरान न झुकने को तैयार है न रुकने को। माना जा रहा है कि ये जंग करीब 6 माह तक चलेगी और पूरी दुनिया में इसका असर दिखाई देगा।

अमेरिका - ईरान जंग
विश्व युद्ध की आहट

ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले के लिए माफी मांगी थी इसके बाद भी हमले

खाड़ी के कई देशों में दहशत का माहौल है और मिसाइलों की आवाजें सुनी जा रहीं

जंग की वो 6 बड़ी बातें जो दुनिया को डराती हैं

1. ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया
2. इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा
3. 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया
4. यूएस-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1701 मौत हुई
5. जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए
6. इस जंग से पूरी दुनिया में तेल और गैस संकट की बढ़ रही आशंका

खामेनेई की हत्या का बदला ले रहा है ईरान

अमेरिका इस जंग में अब तक करोड़ों डॉलर फूंक चुका

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति बन गई है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नए लीडर का चयन कर लिया है। असेंबली के सदस्य मोहसिन हेदरी ने कहा कि बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी दे दी गई है। एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है।

इस बीच, इजराइली सेना (ईडीएफ) ने ईरान को चेतावनी दी है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के हर संभावित उत्तराधिकारी को निशाना बनाया जाएगा। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उत्तराधिकारी चुनने की प्रक्रिया में शामिल लोग भी टारगेट पर हैं। संभावित उम्मीदवारों में खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई का नाम सबसे आगे बताया जा रहा था। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे मुजतबा को नए सुप्रीम लीडर के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे।

इजराइल की धमकी कहा-खत्म कर देंगे

गौरतलब है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी की चयन प्रक्रिया ऐसे समय पर हो रही है, जब इजराइल की ओर से चेतावनी दी गई है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता को भी निशाना बना सकता है। हाल में ही इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज की ओर से कहा गया कि अगर ईरान इजराइल के साथ अपना टकराव जारी रखता है, तो खामेनेई के उत्तराधिकारी को स्पष्ट रूप से खत्म करने का निशाना बनाया जाएगा।

उत्तराधिकारी का नाम नहीं बता रहा ईरान

इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ईरान फैसला लेने के बाद भी नए नेता का नाम नहीं बता रहा है। माना जा रहा है कि सुरक्षा चिंता और राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण ऐसा किया गया है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा रहा है कि निर्णय लेने में देरी इजरायल की ओर से दी गई चेतावनी के कारण भी की जा रही है।

ईरान झुकने को तैयार नहीं कहा-ट्रंप को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे

ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने ट्रंप को सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की कीमत चुकाने की चेतावनी दीअमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिनमें खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले जारी रखे हैं और हथियार डालने से इनकार किया है। ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिसमें 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता की मौत हो गई और मिडिल ईस्ट में युद्ध छिड़ गया। ईरान इसके बाद से अमेरिका के ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से अटैक कर रहा है। खामेनेई के करीबी सहयोगी लारीजानी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, 'हम अपने नेता और अपनी जनता के खून का बदला लिये बिना रुकेंगे नहीं। ट्रंप को कीमत चुकानी होगी और वह चुकाएंगे।' ईरान ने हथियार डालने से मना कर दिया है। वो लगातार इजराइल और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिका का कहना है कि ये जंग लंबी चलने वाली है।

लेबनान में इजराइली हमलों में 394 की मौत,कई घायल

लेबनान में इजराइल के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 394 हो गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मृतकों में 83 बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 1130 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष के बीच लेबनान में हमले तेज हुए हैं।

ईरान में 400 से ज्यादा ठिकानों पर कर दी एयर स्ट्राइक

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने ईरान में 400 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इन हमलों में बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर और हथियार बनाने वाले ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइली रक्षा बल के मुताबिक वायुसेना ने पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य ईरान में व्यापक हमले किए। इस दौरान मिसाइल लॉन्चर, रक्षा प्रणालियों, हथियार भंडारण केंद्रों और अन्य सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को टारगेट किया गया। यह कार्रवाई ऑपरेशन "रोरिंग लायन" के तहत की जा रही है। इस ऑपरेशन के दौरान इजराइली वायुसेना अब तक सैकड़ों स्ट्राइक मिशन पूरा कर चुकी है।

ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले रोकने वाले बयान पर दी सफाई

अमेरिका को ईरान की दो टूक- कहा हम एक इंच जमीन भी नहीं लेने देंगे

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि उनके हालिया बयान को दुश्मनों ने गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और दोस्ताना संबंध बनाए रखना चाहता है। पेजेशकियन ने कहा कि ईरान कई बार यह कह चुका है कि पड़ोसी देशों के साथ भाईचारे और अच्छे रिश्ते होने चाहिए। हालांकि अगर ईरान पर हमला होता है तो जवाब देना उसकी मजबूरी बन जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जवाबी कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि ईरान का किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह वहां के लोगों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि बार-बार कहा गया है कि हम भाई हैं और हमें पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। हालांकि, हमें हमलों का जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारा किसी (पड़ोसी) देश के साथ कोई विवाद है या हम उनके लोगों को नाराज करना चाहते हैं।

अमेरिका को दिया चुभने वाला जवाब

इस बीच अमेरिकी की लगातार धमकियों के बीच पेजेशकियन ने करारा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान देश की एक इंच जमीन भी किसी को नहीं लेने देगा। यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब अमेरिका और इस्राइल लगातार अलग-अलग दावे कर रहे हैं। इससे पहले पेजेशकियन ने अमेरिका की उस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी उम्मीद रखना सिर्फ एक सपना है, जो कभी पूरा नहीं होगा। राज्य टीवी पर प्रसारित अपने रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ईरान किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है।

हमलों को रोकने वाले बयान पर आया जवाब

मसूद पेजेशकियन का ये बयान ऐसे समय में आए हैं, जब कुछ रिपोर्टों में यह समझा जा रहा था कि ईरान ने खाड़ी देशों पर हमलों को रोकने का फैसला किया है, हालांकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत बताई जा रही थी। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान पर जब हमले होते हैं, तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसका किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह उनके लोगों को परेशान करना चाहता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान हमेशा से अपने पड़ोसियों के साथ 'भाईचारे' और अच्छे संबंधों का पक्षधर रहा है। उनके अनुसार जवाबी कार्रवाई एक मजबूरी है, न कि किसी देश के साथ विवाद या उनके लोगों को नुकसान पहुंचाने की इच्छा। यह बयान ईरान की विदेश नीति के उस पहलू पर प्रकाश डालता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों को बनाए रखने पर जोर देता है, भले ही वह अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने को मजबूर हो।

युद्ध के 9वें दिन रविवार को क्या-क्या हुआ?

- **ईरान पर भारी हमला:** शनिवार देर रात और आज सुबह अमेरिका और इजरायल ने तेहरान के 5 प्रमुख तेल ठिकानों और रिफाइनरियों को निशाना बनाया। तेहरान का आसमान धुएं और आग की लपटों से घिरा हुआ है।
- **ईरान का नया सर्वोच्च नेता:** खबर है कि ईरान की 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नया सर्वोच्च नेता चुन लिया है, लेकिन सुरक्षा कारणों से नाम गुप्त रखा गया है।
- **संयुक्त अरब अमीरात पर हमला:** ईरान ने यूएई पर 117 ड्रोन और 17 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यूएई ने इनमें से अधिकांश को नष्ट करने का दावा किया है, लेकिन एक ड्रोन हमले में दुबई में एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई।
- **बहरीन और कुवैत:** ईरान ने बहरीन के एक 'डिसैलिनेशन प्लांट' (जल शोधन संयंत्र) और कुवैत के अल-अदिरी एयरबेस पर भी हमला किया है।

खबर संक्षेप

जंग के बीच भारत ने तेज किया नागरिकों का रेस्क्यू

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संकट और युद्ध की बदलती परिस्थितियों के बीच भारत सरकार ने अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से अपील की है कि वे संपर्क में रहें और जरूरत वाले हर नागरिक तक पहुंचने के लिए संबंधित देशों की सरकारों के साथ निरंतर समन्वय कर रही है। शनिवार देर रात जारी बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र के हवाई क्षेत्र के आंशिक रूप से खुलने के बाद अब तक 52,000 से अधिक भारतीय सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। क्षेत्र की उभरती स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा व कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भारत के लोग खुद फैसले लेने वाले हैं: कमल हसन

नई दिल्ली। फिल्म अभिनेता कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक ओपन पत्र लिखा है। पत्र में हासन ने ट्रंप को अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने ट्रंप की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रुस से तेल खरीदने की अस्थायी छूट दी है। हासन ने एक्स पर लिखा- सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। हम किसी दूसरे देश से आदेश नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखिए। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में शांति बनाए रखने का सही तरीका है। हम आपके देश और वहां के लोगों के लिए शांति और तरक्की की कामना करते हैं। कमल हासन- एक प्राउड भारतीय नागरिक।

भारत दौरे के बाद फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की विदाई

डिजिटल-तकनीकी साझेदारी पर समझौता भारत और फिनलैंड के संबंध नए मुकाम पर

भारत और फिनलैंड के संबंधों में स्थायित्व का दौर: अलेक्जेंडर स्टब

जयशंकर ने कहा-दुनिया की समस्याएं यूरोप की समस्याएं नहीं, इस पर सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने रविवार को भारत का अपना राजकीय दौरा पूरा किया। इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें गर्मजोशी से विदाई दी। राष्ट्रपति स्टब का यह दौरा भारत और फिनलैंड के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है, जिसमें दोनों देशों ने तकनीक, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति स्टब के भारत दौरे को बेहद महत्वपूर्ण और लाभदायक बताया। मंत्रालय ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रपति स्टब की भारत यात्रा के साथ एक सफल और उपयोगी दौरा संपन्न हुआ। एयरपोर्ट पर राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें औपचारिक रूप से विदाई दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान भारत और फिनलैंड के संबंधों ने एक नया मुकाम हासिल किया है। दोनों देशों के बीच संबंध अब "डिजिटलाइजेशन और स्थायित्व में रणनीतिक साझेदारी" के स्तर तक पहुंच गए हैं। इस साझेदारी से भविष्य में द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अपने भारत दौरे के दौरान राष्ट्रपति स्टब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में दोनों नेताओं ने विशेष रूप से उभरती हुई तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फिनलैंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 5जी और 6जी टेलीकम्युनिकेशन, एडवांस्ड डेटा एनालिटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। दोनों देशों ने वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त प्रयासों पर भी जोर दिया। इसके अलावा, भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा फिनलैंड की नवाचार फंडिंग एजेंसी बिजनेस फिनलैंड के बीच संयुक्त अनुसंधान

वैश्विक संघर्षों पर भी जताई चिंता

अपने संबोधन में राष्ट्रपति स्टब ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते संघर्षों और हिंसा के इस्तेमाल पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने यूक्रेन, पश्चिम एशिया और सूडान में जारी संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में विदेश नीति के उपकरण के रूप में हिंसा का इस्तेमाल बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस विषय पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और तमिम बिन हमद अल थानी के साथ भी चर्चा की है।

एस. जयशंकर के विचारों का किया समर्थन

राष्ट्रपति स्टब ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के यूरोप से जुड़े एक बयान का समर्थन करते हुए कहा कि यूरोप को यह समझने की जरूरत है कि दुनिया की समस्याएं केवल किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, मध्य पूर्व और सूडान जैसे संघर्ष केवल क्षेत्रीय मुद्दे नहीं हैं, बल्कि वैश्विक समस्याएं हैं, जिनका समाधान अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी से ही संभव है। राष्ट्रपति स्टब की यह यात्रा भारत और फिनलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग का संकेत मानी जा रही है, जिससे आने वाले समय में तकनीक, अनुसंधान और वैश्विक मुद्दों पर दोनों देशों के बीच साझेदारी और मजबूत होने की उम्मीद है।

बांग्लादेश में काली मंदिर पर अटैक

राक्षस के भेष में आए थे पूजा के दौरान बैग में बम रखकर भागे

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में एक काली मंदिर में पूजा के दौरान कुछ नकाबपोश हमलावरों ने बम से हमला कर दिया। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद पूरे इलाके में डर और तनाव का माहौल बन गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये घटना उस समय हुई जब मंदिर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग चेहरे पर राक्षस का मास्क लगाकर मंदिर परिसर के पास पहुंचे और बैग में बम रखकर भाग गए। आरती के वक्त अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट की आवाज सुनते ही मंदिर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। हमलावरों की यह पूरी हरकत मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ नकाबपोश युवक मंदिर के पास आते हैं और थोड़ी देर बाद वहां एक बैग रखकर चले जाते हैं, जिसमें बम था। पुलिस अब इसी वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के समय मंदिर में पूजा चल रही थी और कई श्रद्धालु वहां मौजूद थे। अचानक हुए धमाके से लोग घबरा गए। हालांकि राहत की बात ये रही कि इस हमले में किसी के गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन मंदिर परिसर में हल्का

मामले की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि फुटेज की जांच की जा रही है और संदिग्ध लोगों की तलाश जारी है। इसके साथ ही आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि आगे किसी तरह की अनहोनी न हो। बांग्लादेश में पिछले कुछ सालों में मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमले की कई घटनाएं सामने आई हैं।

ओली ने बालेन को दी बधाई

बालेंद्र शाह ने पीएम ओली को भारी मतों से हराया, पीएम की राह मजबूत

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में चुनावो में आरएसपी के बालेंद्र शाह ने पीएम केपी ओली को भारी मतों से हराकर सरकार बनाने की राह पर कदम रखा है। पिछले साल पीढ़ीगत बदलाव और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मांग को लेकर हुए हिंसक 'जेन जेड' प्रदर्शनों के बाद हुए पहले आम चुनाव में उन्होंने पारंपरिक राजनीतिक दलों को करारा झटका दिया। रैपर से राजनीतिक नेता बने बालेंद्र शाह 'बालेन', जो राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के पीएम पद के उम्मीदवार हैं, उन्होंने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी– सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली को करीब 50,000 मतों के भारी अंतर से हराया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल चुनाव आयोग ने बताया कि 35 साल के बालेन ने 74 साल के ओली को 18,734 वोट के मुकाबले 68,348 वोट हासिल किए। रात घोषित परिणामों के मुताबिक रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित आरएसपी ने अब तक घोषित 87 सीटों के परिणाम में 70 सीट पर जीत दर्ज की है।

उपराष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से किया संवाद

आने वाले समय में कई लखपति दीदी आगे बढ़कर करोड़पति दीदी बनेंगी

महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का उपराष्ट्रपति ने दौरा किया

उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की जमकर सराहना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हापानिया में इंटरनेशनल ट्रेन एंड फेयर सेंटर में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्यों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने जमीनी स्तर पर विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण में इन समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में महिलाओं की भूमिका में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है। देश अब केवल महिला विकास की अवधारणा से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व वाले विकास के दौर में प्रवेश कर चुका है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्ण ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है, जो देश की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कई लखपति दीदी आगे बढ़कर करोड़पति दीदी बनेंगी, जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उकार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं मेला केंद्र में लगाए गए महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का भी दौरा किया। इस दौरान उन्हें त्रिपुरा के विभिन्न जिलों से आए एसएचजी समूहों द्वारा प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प के बारे में जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने इन उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

विकसित देश बनाने में महिलाओं का बड़ा योगदान

इससे पहले, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, इंटरनेशनल विमेंस डे पर हम उन महिलाओं की ताकत, हिम्मत और कामयाबियों का जश्न मनाते हैं जो हमारे परिवारों, समाज और हमारे देश की किस्मत को आकार देती रहती हैं। भारत के लंबे और शानदार इतिहास में हमारी पुरानी ज्ञान परंपराओं की रखवाली करने वाली से लेकर हमारे आजादी के आंदोलन के बहादुर नेताओं और मॉडर्न भारत की तरक्की की अगुआ तक, महिलाएं हिम्मत, समझदारी और दया की मिसाल रही हैं। आज, महिलाएं साइंस, एजुकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, गवर्नेंस, डिफेंस, स्पोर्ट्स और स्पेस जैसे हर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही हैं, और भारत को एक मजबूत, सबको साथ लेकर चलने वाला और डेवलप्ड देश बनाने की दिशा में बहुत बड़ा योगदान दे रही हैं। हम एक ऐसा समाज बनाते रहें जहां हर लड़की आजादी से सपने देख सके और हर महिला अपनी पूरी काबिलियत को पहचान सके। इंटरनेशनल विमेंस डे पर सभी महिलाओं को दिल से बधाई और शुभकामनाएं।

जबलपुर

सोमवार 9 मार्च 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-7
वर्ष : 20, अंक : 307
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 18

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

देश से बेहतर रहा भोपाल का परिणाम

फाउंडेशन में स्वास्तिक को 'शिखर', इंटरमीडिएट में मुस्कान भोपाल टॉपर

मुस्कान ने कहा- 10 महीने से हर दिन 10 घंटे पढ़ाई

स्वास्तिक गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के छात्रों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में भोपाल सेंटर से मुस्कान दांगी ने 447 अंक (74.50 प्रतिशत) प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि सीए फाउंडेशन परीक्षा में स्वास्तिक गुप्ता 330 अंक (82.50 प्रतिशत) के साथ भोपाल टॉपर रहे। भोपाल ब्रांच ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई ने इसकी आधिकारिक सूचना जारी की है।

भोपाल सेंटर पर 19.57 प्रतिशत छात्र हुए सफल

सीए फाउंडेशन परीक्षा में भोपाल सेंटर पर कुल 976 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 191 विद्यार्थी सफल हुए, जिससे कुल परिणाम 19.57 प्रतिशत रहा। देशभर में इस परीक्षा में 1,09,694 छात्र शामिल हुए थे।

सीए रिजल्ट जारी: इंटरमीडिएट में 9.39% अभ्यर्थी सफल, फाउंडेशन में 19.23% छात्र उत्तीर्ण

सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट में महिलाओं का दबदबा

सीए फाउंडेशन टॉपर लोगप्रिया पीपी सीए इंटरमीडिएट में कन्हैया अव्वल

टॉप 3 रैंक

- कन्हैया लाल (एलेनाबाद) ⏭ 508/600 (84.67%)
- फातिमा शेहजा (कश्मीर) ⏭ 504/600 (84%)
- वान्या बंसल (फरीदाबाद) ⏭ 498/600 (83%)

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने रविवार को सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट जनवरी 2026 सेशन रिजल्ट जारी किया। सीए फाउंडेशन परीक्षा में टॉप 3 रैंक लड़कियों ने हासिल की है। साथ ही सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में भी दूसरी और तीसरी रैंक लड़कियों की है।

कन्हैया लाल

फातिमा शेहजा

वान्या बंसल

आईसीएआई के अनुसार सीए फाउंडेशन में मदुरई की लोगप्रिया पीपी ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। उनके 400 में से 366 मार्क्स (91.50%) हैं। जबकि मिंडापुर की खुशी सिकारिया ने दूसरी रैंक हासिल की है। उनके 365 मार्क्स (91.25%) हैं। वहीं, कन्नूर की हिबा बी ने 361 मार्क्स (90.25%) के साथ तीसरी रैंक हासिल की है।

देशभर में 566 सेंटरों में आयोजित हुई थी परीक्षा

सीए इंटरमीडिएट में ऐलनाबाद के कन्हैया लाल ने 600 में से 508 मार्क्स (84.67%) लाकर ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। उसके बाद दूसरा स्थान पेरिन्टलमन्ना की फातिमा शहजा के ने 504 मार्क्स (84%) ने हासिल किया है। तीसरे स्थान पर फरीदाबाद की वान्या बंसल हैं। जिनके 498 मार्क्स (83%) हैं। फाउंडेशन एग्जाम 2026 के लिए कुल 57,238 पुरुष कैंडिडेट शामिल हुए, जिनमें से 11,523 पास हुए, जबकि 52,456 महिला कैंडिडेट शामिल हुईं, जिनमें से 9,576 पास हुईं। यह एग्जाम पूरे भारत में 566 सेंटर्स पर हुआ था।

खबर संक्षेप

राज्यपाल के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

श्रीनगर। टिहरी से लौट रहे राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) के हेलिकॉप्टर में अचानक तकनीकी खराबी आने से हड़कंप मच गया। स्थिति को देखते हुए पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलिकॉप्टर को इमरजेंसी के तौर पर श्रीनगर स्थित जीवीके हेलिपैड पर उतार दिया। जिससे किसी तरह की अनहोनी टल गई। फिलहाल राज्यपाल के आगे के कार्यक्रम को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

पेंचः बाघिन की मौत, 10 शावकों को दिया जन्म

सिवनी। प्रसिद्ध पेंच टाइगर रिजर्व की सबसे चर्चित और उम्रदराज बाघिन 'लंगड़ी बाघिन' (पीएन-20) ने दुनिया को अलविदा कह दिया। करीब 18 वर्ष की आयु तक जंगल में अपना वर्चस्व बनाए रखने वाली इस बाघिन का शव कर्माझिरी रेंज के मुनारा क्षेत्र में मिला। गाइडलाइंस के अनुसार पोस्टमार्टम कर पूरे सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया। बाघिन अब तक 10 शावकों को जन्म दे चुकी है।

सड़क हादसे में भाजपा नेता श्याम साहू की मौत

छिंदवाड़ा। जिले के हर्रई क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम साहू की रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। वे बरमान से नर्मदा स्नान कर वापस लौट रहे थे, तभी परतापुर के पास उनकी कार की आयशर ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि श्याम साहू की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार श्याम साहू हर रविवार की तरह इस बार भी बरमान में नर्मदा स्नान करने गए थे।

राष्ट्रपति संथाल समुदाय के आयोजन में गईं थी, जहां ममता नहीं पहुंची

नया विवाद : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान पर भाजपा ने ममता सरकार को घेरा

पीएम : यह संविधान व लोकतंत्र का अपमान ममताः बंगाल को 'निशाना' बनाया जा रहा है

ममता ने कहा कि राज्य सरकार को कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी, इसलिए उस पर अव्यवस्था या प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है

नरेंद्र मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आयोजित एक कार्यक्रम को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान के साथ समझौता किया गया और यह न केवल राष्ट्रपति बल्कि देश के संविधान का भी अपमान है।

यह लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल समुदाय के एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल गई थीं। लेकिन इस महत्वपूर्ण और पवित्र कार्यक्रम में उन्हें उचित सम्मान देने के बजाए टीएमसी ने उसका बहिष्कार किया।

राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर टीएसी पर बरसे पीएम मोदी

राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को सिलीगुडी में संबोधन के दौरान नाराजगी जताई थीं

ममता ने आडवाणी के ये फोटो जारी कर राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाया

गृह मंत्रालय ने बंगाल के मुख्य सचिव से रिपोर्ट तलब की

भाजपा ने कहा कि ममता को देश से माफी मांगनी चाहिए

टीएमसी सरकार पर सत्ता का अहंकार, यह जल्द टूटेगा

प्रधानमंत्री के अनुसार राज्य सरकार ने इस आयोजन को पूरी तरह अव्यवस्था के हवाले कर दिया। उनका कहना था कि यह घटना केवल राष्ट्रपति का अपमान नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान और उसकी मूल भावना का भी अनादर है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की महान परंपरा में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक होता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती हैं।

लोगों के अधिकार के लिए धरने पर बैठी हूं: ममता

ममता बेनर्जी ने यह भी बताया कि सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए राष्ट्रपति का बागडोगरा हवाई अड्डे पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं धरने पर बैठी हूं।

ममता की सफाई

न हमें बताया गया, न आयोजन में शामिल किया

मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में हुई अव्यवस्था के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं है। राज्य सरकार को शनिवार को होने वाले राष्ट्रपति के कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी और न ही सरकार को इस आयोजन में शामिल किया गया था। उनके मुताबिक, जब राज्य सरकार को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ही नहीं थी, तो उस पर प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है। सीएम ममता ने यह भी कहा कि गंदगी, ग्रीन रूम की समस्या और महिलाओं के टॉयलेट की कमी जैसी शिकायतें भी आयोजकों और एएआई की जिम्मेदारी हैं।

ममता बेनर्जी

जंग के दौरान ईरान में बमबारी का दृश्य

ईरान में सरकार बदलने के खिलाफ चीन की अमेरिका को सीधी चेतावनी

जंगलराज नहीं चलेगा लड़ाई से सिर्फ नफरत बढ़ेगी और नए संकट पैदा होंगे

मिलिट्री ऑपरेशन तुरंत रोका जाए

एजेंसी ⏭ बीजिंग

चीन ने ईरान में सरकार बदलने की कोशिशों के खिलाफ अमेरिका और इजराइल को चेताया है। चीनी सरकार ने कहा है कि तेहरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश नहीं होनी चाहिए क्योंकि आम लोगों की भावना ऐसी नहीं है। चीन का यह कड़ा बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान में भीषण हमले किए जा रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली नेताओं ने तेहरान में शासन गिराने से लेकर ईरान को बांटने तक की बातें कही हैं। चीन ने नाम लिए बिना अमेरिका की कोशिशों को जंगलराज कहा है।

वांग यी

बातचीत की टेबल पर लौटने की अपील

वांग यी ने अमेरिका और इजराइल का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया जंगल के कानून पर वापस नहीं जा सकती, जिसमें ताकतवर जो चाहे वह करे। हम सभी पक्षों से बातचीत के जरिए मतभेदों को सुलझाने और जितनी जल्दी हो सके बातचीत की टेबल पर लौटने की अपील करते हैं।

इंदौर में ज्वेलरी शोरूम में सेंध

60 लाख के गहने लेकर महिला कर्मचारी हुई फरार

ग्राहकों के नाम पर ले गई थी सोना, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

शहर के एमजी रोड स्थित रजत जेम्स एंड ज्वेलरीज प्राइवेट लिमिटेड की एक पुरानी महिला कर्मचारी कंपनी के लगभग 60.97 लाख रुपए के आभूषण लेकर गायब हो गई है। वह ग्राहकों को गहने दिखाने के बहाने 357 ग्राम सोना ले गई थी। कंपनी के डायरेक्टर की शिकायत पर तुकोगंज पुलिस ने आरोपी महिला कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस अब महिला और उसके सहयोगियों की तलाश में जुटी है। फरियादी कंपनी डायरेक्टर रजत माहेश्वरी, जो डी स्कीम नंबर 74 के निवासी हैं।

वीडियो कॉल पर हुई सारी रस्में

कुवैत के दूल्हे के साथ श्योपुर की दुल्हन का हुआ निकाह

ऑनलाइन शादी में शहरकाजी ने ली रजामंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रविवार को श्योपुर के मेवाती मोहल्ला में सात समंदर पार के दूल्हे के साथ निकाह हुआ। एक घर के भीतर कई मेहमान मौजूद थे सभी ने नए कपड़े पहने हुए थे खुशी का आलम था इस बीच मेहमानों से भरे उस घर में खास मेहमान (शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी) की एंट्री हुई। काजी साहब ने बैठने के तत्काल बाद अपना बस्ता खोलकर निकाह वाला रजिस्टर निकाला और निकाह के लिए दूल्हा दुल्हन के नाम की एंट्री करने लगे।

बाबा धीरेंद्र शास्त्री की सख्त टिप्पणी

कुछ सेवादार लड़कीबाजी के चक्कर में जुड़े, इनकी नजर 'सेवा' पर नहीं

हम दूसरों का पर्चा खोलते हैं, तो तुम्हारा भी पर्चा खोल देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रविवार को दरबार में अपने सेवादारों और चेलों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि धाम की व्यवस्था में बड़े बदलाव की जरूरत है।

कई सेवादारों का व्यवहार भक्तों के प्रति ठीक नहीं है। भक्तों को धक्का देते हैं। कुछ सेवादारों की भाषा और व्यवहार बहुत घटिया है। शास्त्री ने कहा कि कई सेवादार भक्तों से इस तरह पेश आते हैं, जैसे वे किसी सैन्य व्यवस्था में खड़े हों। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चाय से ज्यादा तो केतली गरम हो रही है। उनका कहना था कि कई चेले उनके पीठ पीछे खुद को ही गुरु समझने लगे हैं। शास्त्री ने कहा कि कई चेले हमसे सादगी नहीं सीख पा रहे हैं। इनकी नजर सेवा पर नहीं, बाबा के भौकाल पर है। इन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों से डायरेक्ट कनेक्शन है, इसलिए भौकाल है। सेवादारों को सेवा से नहीं, बल्कि गुरु के भौकाल से मतलब है।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

आज से संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण

संसद में सियासी टकराव के आसार

लोकसभा अध्यक्ष बिरला के खिलाफ पेश होगा 'प्रस्ताव'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है और पहले ही दिन लोकसभा में जोरदार हंगामे के संकेत मिल रहे हैं।

विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा कराने जा रहा है। इस प्रस्ताव को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है। विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही के

ओम बिरला

दौरान पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और कांग्रेस के सांसदों को लेकर कुछ गलत दावे भी किए। इसी वजह से कई विपक्षी दलों के नेताओं ने उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया है। नियमों के अनुसार, प्रस्ताव दिए जाने के बाद ओम बिरला ने खुद को कार्यवाही से अलग कर लिया है और कहा गया है कि प्रस्ताव पर फैसला होने के बाद ही वह फिर से सदन की कार्यवाही संभालेंगे। हालांकि संख्या बल के लिहाज से सरकार मजबूत स्थिति में है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों के पास लोकसभा में बहुमत है, इसलिए माना जा रहा है कि यह प्रस्ताव पारित नहीं हो पाएगा। सदन में हंगामें के आसार हैं।

नया पश्चिमी विक्षोभ आज होगा सक्रिय, अभी पारा बढ़ेगा

मार्च में राजधानी का पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने की उम्मीद दो दौर हल्की बारिश के चलेंगे

13 मार्च तक तपिश की ही चलेगी, फिर 'बौछारें' थामेंगी मौसम... पर 22 तक गर्मी रहेगी 'पीक' पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित कुछ जिलों में रविवार को तापमान में आधा डिग्री तक कमी रही, जबकि शेष प्रदेश में पारा बढ़ गया। अगले तीन से चार दिन तापमान में ऐसा बदलाव जारी रहेगा। औसत तापमान में बढ़ोतरी होने से कुछ जिलों में गर्मी का असर बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक ट्रफ बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ से होते हुए गुजर रही है। आज नया पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होगा, जिससे 13 मार्च के बाद मौसम में बदलाव की उम्मीद है। शुक्ला के अनुसार अभी जम्मू कश्मीर के ऊपर एक जेट स्ट्रीम है।

भोपाल स्थित शीतलदास की बगिया का दृश्य

दिन-रात के तापमान में दो गुना का अंतर

रविवार को प्रदेश के दिन और रात के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं रहा। दिन का औसत तापमान करीब 35 और रात का 16 डिग्री के आसपास रहा है। कुछ जिलों में पारा 40 डिग्री को पार कर सकता है। सबसे अधिक दिन का पारा रतलाम में 39 डिग्री रहा, जो सामान्य से 6.2 डिग्री अधिक है। भोपाल में दशमलव 4 डिग्री गिरकर 34.8 डिग्री रहा, यह सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक है। हवाओं में मामूली बदलाव से भोपाल सहित कुछ जिलों में आधा डिग्री तक पारा गिरा है।

मार्च में बारिश के दो दौर

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार मार्च में गर्मी बढ़ते क्रम में रहेगी। पारा 40 डिग्री तक पहुंचेगा। भोपाल में 38 डिग्री तक आने की उम्मीद है। इसके बाद 13 मार्च के बाद कुछ जिलों में बारिश होगी। कुछ जिलों में बादल-बारिश और बौछारों का यह क्रम दो से तीन दिन रहेगा। इसके बाद गर्मी तेजी पकड़ेगी। 22 मार्च के बाद गर्मी इस महीने के पीक पर रहेगी। दिन का पारा 40 डिग्री या इससे अधिक होने के बाद अंतिम सप्ताह में भी मौसम में बदलाव की उम्मीद है। इससे पारा फिर गिरेगा। अप्रैल की शुरुआत मिले-जुले मौसम के बीच हो सकती है।

घटिया कार्य पर ठेकेदार ब्लैकलिस्ट, कंसलटेंट के विरुद्ध कार्रवाई और विभागीय अधिकारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सात जिलों में निर्माण कार्यों की जांच, 35 प्रोजेक्ट का किया औचक निरीक्षण

प्रतिवेदनों की समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक यादव ने दिए निर्देश

मप्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से विशेष कार्ययोजना बनाकर औचक निरीक्षण की व्यवस्था की गई है।

इसी क्रम में विभाग की ओर से बनाई गई कार्ययोजना के तहत 6 मार्च को मुख्य अभियंताओं के सात दलों ने सीहोर, पांढुर्णा, भिण्ड, बड़वानी, मऊगंज, उज्जैन और पन्ना जिलों में विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 35 कार्यों को रेंडम आधार पर चयनित कर उनकी गुणवत्ता और प्रगति का परीक्षण किया गया है।

निरीक्षण के दौरान इन कार्यों की हुई जांच

निरीक्षण किए गए कार्यों में 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क, पुल) के, 5 कार्य परियोजना क्रियान्वयन इकाई (भवन) के, 6 कार्य मप्र सड़क विकास निगम, 2 कार्य मप्र भवन विकास निगम तथा एक कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित थे। निरीक्षणों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा बैठक मप्र सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव, की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। बैठक में प्रमुख अभियंता (सड़क, पुल) केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) एसआर बघेल, प्रमुख अभियंता (बीडीसी) अजय श्रीवास्तव, तकनीकी सलाहकार एमपीआरडीसी आरके मेहरा सहित विभाग के सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री और निरीक्षण दल के अधिकारी ऑनलाइन शामिल हुए।

काम संतोषजनक नहीं मिलने पर कई ठेकेदार ब्लैकलिस्ट

समीक्षा में भिण्ड जिले के उदोतगढ़ में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन तथा जी-टाइप और एचआई-टाइप आवासीय भवनों का कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार मे. जय कैला देवी कंस्ट्रक्शन कंपनी, मुरैना को ब्लैकलिस्ट करने तथा कंसल्टेंट मे. एनोविएस कंसल्टेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल के विरुद्ध कार्रवाई और वसूली के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान पाए गए 20 निर्माण कार्यों में आवश्यक सुधार करने के भी निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण किए जाने के निर्देश

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पूर्व में किए गए निरीक्षणों के प्रतिवेदनों का पालन सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण किया जाए। साथ ही मुख्य अभियंता और अधीक्षण यंत्री स्वयं इसकी नियमित समीक्षा करें, जिससे आगामी माह की ग्रेडिंग में सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त पुल-पुलियों के मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने तथा जहां पुल-पुलियों की स्थिति खतरनाक हो, वहां नए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिससे मानसून से पूर्व आवश्यक कार्य पूरे किए जा सकें।

सड़क सुरक्षा, ब्रिज सेफ्टी ऑडिट के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें, सड़कों की मैपिंग पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में सड़क सुरक्षा और ब्रिज सेफ्टी ऑडिट के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने, लोक कल्याण सरोवरों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा लोक निर्माण सर्वेक्षण एप के माध्यम से सभी सड़कों की मैपिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि नई सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए कार्यादेश जारी करने से पहले संबंधित सड़क का सर्वेक्षण लोक निर्माण सर्वेक्षण एप के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाएगा। विभाग के तहत नए कार्यों के वर्क ऑर्डर भी इसी एप के माध्यम से कोड जारी कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बेटे के साथ स्कूल जा रही थी महिला, सिर में आई थी गंभीर चोट

बाइक के पहिए में फंसा साड़ी का पल्लू, महिला शिक्षिका की हुई दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खैरागढ़ के किल्लापारा में सामने आए हादसे में महिला शिक्षिका की उपचार के दौरान मौत हो गई। बता दें कि शनिवार सुबह महिला बाइक में सवार होकर बेटे के साथ स्कूल जा रही थी। तभी साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले चक्के में फंसने से महिला गिर गई।

हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने के कारण महिला की हालत बेहद नाजुक थी। एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय मर्सी बचईया मूलतः बैगाडेरा दल्ली की निवासी थीं और वर्तमान में दाऊचौरा में रहती थीं। वे अमलीपारा स्थित निजी स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं। बताया जाता है कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे वे अपने पुत्र रॉबी बचईया के साथ दोपहिया वाहन से स्कूल जा रही थीं। इसी दौरान किल्लापारा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के पास अचानक उनकी साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले पहिए में फंस गया, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में उनके सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। विशेष रूप से सिर के बाएं हिस्से में गहरी चोट लगने से उनकी हालत बेहद नाजुक हो गई थी।

रंग लगाते समय बढ़ा विवाद, चार लोगों ने की दो युवकों की हत्या

जगदलपुर। नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम कलचा में बीती रात रंग गुलाल लगाने पर हुए विवाद में चार युवकों ने 2 युवकों की चाकू से वार कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने कुछ घंटे के अंदर ही चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग ने बताया कि बीती रात कलचा में दो युवकों के घर में गांव के ही चार युवक गुलाल लगाने पहुंचे। गुलाल लगाने पर विवाद बढ़ गया। चारों युवकों ने अपने पास रखे चाकू से दोनों युवक उमेश बघेल 23 वर्ष निवासी निवासी साडगुड आमगुड़ा पारा थाना बोधघाट जिला बस्तर व रोहित बघेल परशुराम 17 वर्ष निवासी सरगुन आमागुड़ा थाना बोधघाट के ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों ने नगरनार पुलिस को दी। पुलिस ने रात में ही टीम तैयार कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। रात में ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शवों के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने किया चारों आरोपियों को गिरफ्तार, जांच जारी

खबर संक्षेप

शनिवार को ड्यूटी करानी है तो देना होगा ओवरटाइम

भोपाल। कुक्कुट विकास निगम के प्रबंध संचालक के द्वारा प्रत्येक शनिवार को शासकीय अवकाश के दिन कार्यालय आने के निर्देश जारी किए गए हैं। जो सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों ओर निर्देश के विपरीत है। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा है कि संविदा कर्मचारी कार्य करने में पीछे नहीं है लेकिन प्रत्येक शनिवार को बुलाया जाना उचित नहीं है। यदि कुक्कुट विकास निगम के अधिकारी प्रत्येक शनिवार को बुलाना चाहते हैं तो कर्मचारियों को प्रत्येक घंटे के हिसाब ओवरटाइम का भुगतान करें। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा है कि यदि तानाशाही आदेश वापस नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। संविदा कर्मचारी को उनके अतिरिक्त कार्य का उचित भुगतान मिलना ही चाहिए।

भाजपा ने बढ़ाई अपनी सोशल मीडिया टीम, 13 संभाग में प्रभारी नियुक्त

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी मप्र ने अपनी सोशल मीडिया टीम में इजाफा करते हुए 13 संभागों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी ने सोशल मीडिया के संभाग प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की घोषणा करते हुए इनकी सूची जारी की है। जारी सूची के अनुसार, भोपाल संभाग में मधुर शर्मा को संभाग प्रभारी और आयुष साहू को सह संभाग प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा उज्जैन में आशुतोष राठौर को संभाग प्रभारी और अभी जाट को सह संभाग प्रभारी, जबलपुर में अमन शर्मा को संभाग प्रभारी और अर्पण मैद को सह संभाग प्रभारी, ग्वालियर में विवेक शर्मा को संभाग प्रभारी एवं आदित्य पवैया को सह संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं इंदौर में संभाग प्रभारी अंकित परमार एवं दीवपक बागवान को सह संभाग प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल सहित 13 संभागों में नियुक्तियां की गई हैं।

विदिशा जिले में प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगर प्रिंट लैब का हुआ शुभारंभ

सीएम डॉ. मोहन ने कहा, किसानों के हर खेत तक पहुंचेगा सिंचाई के लिए पानी

प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम नव्या का विदिशा से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुआ शुभारंभ

राहवीर विदिशा नि:शुल्क एप विकसित करने वाले युवाओं को मिले प्रमाण-पत्र

विदिशा पुलिस को उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला आईएसओ सर्टिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रत्येक खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। केन-बेतना नदी जोड़ो परियोजना, पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना सहित आधुनिक सिंचाई परियोजनाओं से सिंचाई का रकबा तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 2 वर्ष में ही प्रदेश में सिंचाई का रकबा 10 लाख हेक्टेयर बढ़ा है। प्रदेश की 55 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को शमशाबाद में कृषक हितग्राही सम्मेलन और विकास कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकर्पण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार वर्ष 2028 तक किसानों को गेहूं की 2700 रुपए कीमत दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विदिशा जिले को केन-बेतवा नदी परियोजना का पूरा लाभ मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयासों से विदिशा जिले को केन-बेतवा नदी परियोजना का पूरा लाभ मिलेगा। अब किसानों को दिन में भी सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। हमारे लिए खेतों में किसान और सीमा पर जवान दोनों बराबर है। मुख्यमंत्री ने विदिशा में प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगर प्रिंट लैब का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गौमाता के संरक्षण और पशुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए बड़ी गौशालाएं स्थापित की जा रही हैं। शमशाबाद में भी एक बड़ी आदर्श गौशाला बनाई जाएगी।

कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम नव्या शुरू

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदिशा से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम 'नव्या' की शुरुआत की गई है। यह योजना देश के 9 राज्यों के 27 जिलों में लागू की गई है। विदिशा प्रदेश का इकलौता जिला है, जो योजना में शामिल है। इसके माध्यम से 10 वीं पास बहनों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्य सरकार लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की सौगात दे रही है और यह राशि धीरे-धीरे बढ़ती जाएगी। प्रदेश में भव्य सांदीपनि विद्यालय बनाए जा रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को सर्वगुण संपन्न बनाया जाएगा। शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को लैपटॉप, साइकिल, किताबें और ड्रेस उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

हितग्राहियों को हितलाभ वितरित

राज्य सरकार ने शासकीय गौशालाओं के लिए प्रति गाय अनुदान राशि 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दी है। सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है, इसके तहत 25 गाय पालने पर सरकार ने 10 लाख रुपए का अनुदान प्रदान करने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शमशाबाद के लोगों के आत्मीय स्वागत से अभिभूत हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री नरवाई प्रबंधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा, मुद्रा योजना, कृषि यंत्र, पशुधन, खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। उन्होंने विदिशा जिले के समग्र विकास के लिए 163 करोड़ रुपए की सौगात दी। लगभग 60 करोड़ लागत के 41 विकास कार्यों के लोकार्पण किए, जिसमें कुरवाई का सांदीपनि विद्यालय भी शामिल है। 104.56 करोड़ की 56 नवीन विकास परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया। मुख्यमंत्री ने राज्य के बजट में विदिशा को 116 करोड़ की नई सड़कों की सौगात मिली है।

---

3 हजार करोड़ की लागत के बनेगा मार्ग, इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में विकास के नए युग का होगा सूत्रपात

इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड परियोजना सरकार किसान के बीच विश्वास की बनेगी मिसाल

मुख्यमंत्री का सांवेरवासियों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर किया आभार व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड के किसानों के हित में जमीनी स्तर पर मार्ग निर्माण को स्वीकृति और उचित मुआवजे की व्यवस्था किए जाने पर इंदौर जिले के सांवेर क्षेत्र के निवासियों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री को पगड़ी और बड़ी माला पहनाकर उनका अभिवादन किया गया।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास पधारे सभी लोगों को होली और रंगपचमी की बधाई दी। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 3 हजार करोड़ रुपए की लागत से इंदौर और उज्जैन के बीच बनने वाली सड़क से इंदौर और उज्जैन का सफर सवा घंटे की जगह आधे घंटे का रह जाएगा। दोनों शहरों के बीच तेज कनेक्टिविटी से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। स्थानीय स्तर पर उद्योग, लॉजिस्टिक पार्क, किसानों को मण्डियों तक पहुंच और व्यापारियों तथा उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह मार्ग, देश के व्यापार व्यवसाय के लिए भी महत्वपूर्ण है। देश के प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्रो के बीच इस मार्ग से यात्रा सुगम और कम समय में होगी। परिणामस्वरूप आवागमन बढ़ेगा और देश में इंदौर-उज्जैन क्षेत्र का महत्व और अधिक बढ़ेगा।

मार्ग से इंदौर के 20 और उज्जैन के 6 गांव लाभान्वित होंगे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पारम्परिक और ऐतिहासिक रूप से इंदौर और उज्जैन के बीच इस मार्ग का ही उचित उपयोग होता था। इस मार्ग से इंदौर के 20 और उज्जैन के 6 गांव लाभान्वित होंगे। सिंहस्थ के लिए भी यह मार्ग सुविधाजनक और उपयोगी होगा। इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में विकास की दृष्टि से नए युग का सूत्रपात हो रहा है। राज्य सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है। किसानों के सुझावों के अनुसार इस मार्ग का निर्माण कराना और उसके लिए उचित मुआवजे की व्यवस्था करना इस बात का परिचायक है कि सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। यह परियोजना किसान और सरकार के बीच विश्वास की मिसाल बनेगी।

अवैध ऑनलाइन सट्टे पर नकेल कसने उठाया सख्त कदम, सट्टा कारोबारियों में हड़कंप

आपराधिक मामलों में फरार चल रहे आधा दर्जन आरोपियों पर पांच-पांच हजार का इनाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। सिविल लाइन थाना में दर्ज अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे छह आरोपियों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

यह पहली बार है, जब जिले के चर्चित सट्टा संचालकों पर इस तरह इनाम घोषित किया गया है, जिससे सट्टा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा और सट्टापट्टी के अवैध कारोबार पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार, ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने के मामले में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे हैं और गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं।

संभावित ठिकानों पर दी जा रही दबिश

नगर पुलिस अधीक्षक निमितेश सिंह के अनुसार क्रिकेट सट्टा संचालित करने के मामलों में इन फरार आरोपियों की तलाश लगातार की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। सूचना देने वाले को 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। सट्टा कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

सट्टेबाजों की संपत्ति का रिकॉर्ड भी खंगाल रही पुलिस

जिले में सट्टे के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने पहले ही सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों की संपत्ति का रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस टीम सट्टेबाजों की चल-अचल संपत्तियों की जानकारी जुटा रही है, ताकि अवैध कमाई से बनाई गई संपत्ति पर भी आगे कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों के मुताबिक आने वाले समय में सट्टा कारोबार पर और सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। फरार आरोपियों में सागर चेतवानी पिता हरिराम उम्र 37 वर्ष निवासी दुबे गली शिवघाट पुराना सरकंडा, वर्तमान निवासी रामवैली चकरभाठा, रोहित पंजवानी पिता नारायण दास उम्र 36 वर्ष निवासी चकरभाठा कैम्प नगर पंचायत बोदरी थाना चकरभाठा, राजेश उर्फ राजा बजाज पिता किशन बजाज उम्र 31 वर्ष निवासी गार्डन सिटी मोपका रोड राजकिशोर नगर, प्रकाश पंजवानी पिता हरिराम पंजवानी उम्र 37 वर्ष निवासी सांई भूमि तोरवा, सोमू उर्फ अभिजीत दुबे पिता सतीश दुबे उम्र 38 वर्ष निवासी मिलन चौक कुदुदंण्ड, राज चेतानी पिता दिलीप चेतानी उम्र 35 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी थाना सिविल लाईन शामिल हैं।

घटना के बाद मचा हड़कंप, मौके पर पहुंची पुलिस

बाल-बाल बचे हसदेव नदी में नहाने गए चार दोस्त, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की दोपहर दर्री थाना क्षेत्र के कलमीदुग्गू के पास हसदेव नदी में चार दोस्त नहाने गए हुए थे। चार दोस्तों में एक दोस्त हसदेव नदी के तेज बहाव में छलांग लगा दी। कुछ समय के लिए लगा कि तैर रहा होगा और मजाक कर रहा है जब आगे बढ़ने लगा तब बाकी दोस्त बचाने कूदे लेकिन पानी का बहाव ज्यादा था एक आगे बह गया वहीं बाकी भी बहने वाले थे किसी तरह बाहर निकले तब राहत की सांस ली नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और युवक की तलाश शुरू की गई।

युवक को नहीं आता है तैरना

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। वही देखते हैं देखते लोगों के भीड़ एकत्रित हो गए इसकी सूचना तत्काल दर्री थाना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि बहने वाले युवक का नाम 22 वर्षीय नौशाद खान है जो। दर्री इलाके के जय भगवान गली का निवासी है और निजी कंपनी में काम करता था। और युवक को तैरना नहीं आता था। वही दर्री थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए युवकों से पूछताछ शुरू की गई वही बह गए युवक की तलाश के लिए जिला प्रशासन के रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया जहां तलाश जारी है।वोट और मोटर के माध्यम से युवक की तलाश की जा रही है।

दर्री थाना प्रभारी आशीष सिह ने बताया कि पुलिस घटना स्थल पहुचकर युवकों से पूछताछ शुरू कर दी है वही बह गए युवक की तलाश जारी है।

संपदा 2.0 और साइबर पंजीयन कार्यालय से कहीं से भी होगा दस्तावेजों का फेसलेस पंजीयन

हर साल 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक राजस्व

डिजिटल पंजीयन में मप्र ने रचा इतिहास, देश का पहला पूर्ण पेपरलेस ई-रजिस्ट्रेशन सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में पंजीयन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने संपदा 2.0 प्रणाली से दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस ई-पंजीयन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित यह व्यवस्था नागरिकों को त्वरित सेवाएं देने के साथ-साथ प्रशासन में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करेगी। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राज्य के प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाले विभागों में शामिल है। प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 16 लाख दस्तावेजों का पंजीयन किया जाता है, जिससे 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है। विभाग की वेब आधारित संपदा प्रणाली के माध्यम से ई-पंजीयन और ई-स्टाम्पिंग की सुविधा प्रदान कर पूरी प्रक्रिया को एंड-टू-एंड इलेक्ट्रॉनिक बनाया गया है।

पेपरलेस और डिजिटल पंजीयन में मप्र देश का पहला

संपदा 2.0 के माध्यम से दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस और डिजिटल पंजीयन संभव हुआ है। यह व्यवस्था लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। इस प्रणाली में कोई भी व्यक्ति कहीं से भी ई-स्टाम्प तैयार कर सकता है। साथ ही संपत्ति की पहचान भू-अभिलेख और नगरीय प्रशासन के डेटाबेस से की जाती है तथा संपत्ति की जियो-टैगिंग भी की जाती है, जिससे संपत्ति संबंधी विवादों में कमी आएगी।

प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया

कृषि भूमि के पूर्ण अंतरण के बाद सायबर तहसील के माध्यम से स्वतः नामांतरण की सुविधा भी शुरू की गई है, वहीं कलेक्टर ऑफ स्टाम्प न्यायालय की प्रक्रिया को भी पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। ई-गवर्नेंस को और मजबूत बनाने के लिए भोपाल स्थित महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय में सायबर पंजीयन कार्यालय स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से लगभग 75 प्रकार के दस्तावेजों का फेसलेस पंजीयन किया जा सकेगा। सायबर सब-रजिस्ट्रार राज्य के किसी भी जिले के दस्तावेजों का ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे।

आधार आधारित वीडियो केवाईसी अनिवार्य

फेसलेस पंजीयन प्रक्रिया में पक्षकारों के लिए आधार आधारित वीडियो केवाईसी करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के डिजिटल निष्पादन के बाद उन्हें ऑनलाइन साइबर उप-पंजीयक के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इससे नागरिकों को उप पंजीयक कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं रहेगी। नई व्यवस्था के तहत लीज, मॉर्टगेज, डी-मॉर्टगेज, संपत्ति में पत्नी या बेटी का नाम जोड़ने और मुख्तियारनामा जैसे दस्तावेज अब कहीं से भी ऑनलाइन तैयार कर पंजीकृत किए जा सकते हैं। डिजिटल तकनीक के उपयोग से मध्यप्रदेश ने ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है और यह व्यवस्था सेवाओं को और अधिक पारदर्शी तथा भरोसेमंद बनाएगी।

करीब 30 अवैध निर्माण हटाए, 28 परिवारों को तेवर में किया गया विस्थापित

दूसरे दिन भी जारी रही मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई

मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का रविवार को लगातार दूसरे दिन भी प्रभावी ढंग से संचालन किया गया। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत पुरवा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रही। दूसरे दिन भी लगभग 30 अवैध निर्माणों को हटाया गया तथा 28 परिवारों को विस्थापित कर ग्राम तेवर में पुनर्वास के लिए भेजा गया।

हरिभूमि जबलपुर।

एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम और पुलिस प्रशासन के संयुक्त सहयोग से मदन महल पहाड़ी से विस्थापित किए गए परिवारों को उनके गृहस्थी के सामान सहित नगर निगम के वाहनों से ग्राम तेवर पहुंचाया गया। पुनर्वास स्थल पर विस्थापित परिवारों के लिए बांस, बल्ली और तिरपाल की व्यवस्था की गई है। साथ ही उनके भोजन की भी व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। विस्थापित परिवारों की सहायता के लिए मौके पर हेल्पडेस्क भी स्थापित किया गया है।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जिला प्रशासन के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा विस्थापित परिवारों के बच्चों और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की विशेष देखभाल की व्यवस्था की गई है। आंगनवाड़ी केंद्रों में दर्ज बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा गर्भवती और धात्री महिलाओं को टेक-होम राशन भी प्रदान किया जा रहा है।

भगवान आदिनाथ के जन्मकल्याणक पर विविध आयोजन 12 को

जबलपुर। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान के पावन जन्मकल्याणक के अवसर पर 12 मार्च को शहर में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों का भव्य आयोजन किया जाएगा। जबलपुर के पाटन रोड स्थित जिन मंदिर "ज्ञानातयन" में भगवान आदिनाथ के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा, आरती तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही श्री महावीर स्वामी मार्ग, गोलबाजार स्थित धर्मातयन में भी 12 मार्च को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। यहां भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजन, प्रवचन, भक्ति कार्यक्रम तथा धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी भाग लेंगे। जन्मकल्याणक के अवसर पर मुख्य एवं भव्य आयोजन श्री आदिनाथ स्वामी मार्ग, करमेता में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में विशेष पूजा-अर्चना, धार्मिक प्रवचन, भक्ति कार्यक्रम तथा सामूहिक आराधना का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में जैन युवा फेडरेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। फेडरेशन के अध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव संदीप जैन, कोषाध्यक्ष प्रशांत जैन, तथा सदस्य अखिलेश जैन, प्रशांत जैन, नितिन जैन सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसके साथ ही वीतराग विज्ञान मंडल और चेतना महिला मंडल भी इस आयोजन को पूर्ण भव्यता प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दे रहे हैं। जिनशासन सेवक नितिन जैन द्वारा बताया गया की सभी समितियों एवं श्रद्धालुओं का उद्देश्य इस पावन अवसर पर भगवान आदिनाथ के आदर्शों और उनके द्वारा दिए गए सत्य, अहिंसा और संयम के संदेश को समाज तक पहुंचाना है।

गढ़ा में मना रंग बरसे बारात महोत्सव

जबलपुर। गढ़ा क्षेत्र में 6 मार्च 2026 को होली और रंग पंचमी के अवसर पर रंग बरसे बारात महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति और युवा उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य आपसी भाईचारा, प्रेम और उमंग के संदेश के साथ क्षेत्र में एकता और समरसता का वातावरण स्थापित करना था। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह के प्रतिनिधि लेखराज सिंह मुन्ना भैया ने उपस्थित जनसमुदाय को शुभकामनाएं दीं। आयोजन के सूत्रधार कृष्ण कुमार तिवारी ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला, वहीं संयोजक राहुल शुक्ला और उनकी टीम ने भव्य और पारिवारिक वातावरण बनाने में मेहनत की। खानपान व्यवस्था मदन पटेल और अभिषेक हीरा की टीम ने संभाली। महोत्सव की शुरुआत संजीवनी नगर रॉयल स्कूल के पास से हुई और मुखर्जी अस्पताल, दीपक ज्वेलर्स, बुधोलिया अस्पताल, गौतम मड़िया होते हुए गुलौआ चौक पर भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समाप्त हुई। रथ पर सवार राधा-कृष्ण, चलित डीजे, बैंड, फाग गीत, बुन्देली नृत्य और गुलाल की वर्षा ने पूरे मार्ग को उत्सवपूर्ण बना दिया। आयोजन की विशेषता यह रही कि सभी मुख्य अतिथियों ने एक-दूसरे को सम्मानित किया और यात्रा मार्ग पर बुजुर्गों एवं मातृशक्तियों को विशेष सम्मान प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बुन्देली नृत्य, राधा-कृष्ण प्रस्तुतियां और मशानी होली नृत्यों के माध्यम से मनोरम नृत्य प्रदर्शन हुआ। संगीत एवं फाग कार्यक्रम मनोहर बर्मन और कक्का पटेल की टीम ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्वागत और व्यवस्था का दायित्व संजय (अश्वनी) तिवारी, सलिल चौकसे, चंद्रशेखर शर्मा, डॉ संजय गौतम, कल्पना तिवारी, शिवानी पाण्डेय और अन्य पदाधिकारियों ने निभाया। महोत्सव के दौरान गरमा-गरम भजिया और जलेबी वितरण, फूलों की होली, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का संचालन कई टीमों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख उपस्थित लोगों में डॉ संजय गौतम, प्रकाश गर्ग, सुशील उपाध्याय, एड. प्रशांत तिवारी, दीपक सोनी, सुनील श्रीवास्तव, राकेश पटेल, राजेश गुप्ता, कक्का पटेल, विवेक सेंगर, मोहन निरंकार, दिनेश गुप्ता, रोहिणी जायसवाल, गौरव मिश्रा, राजेंद्र राय, मनोज यादव, सुरेश मिश्र, अखिलेश पाटकर, डॉ मनोज नामदेव, एडवोकेट विजय सोनी, मनीष कुररिया, कमलेश तिवारी, प्रकाश खम्परिया, लोकराम कोरी, अशीम दीक्षित, शलभ शुक्ला, संतोष विश्वकर्मा, डॉ ओमप्रकाश, प्रमोद कुशवाहा, मनोज सिंह, राजेश दीवान सहित कई मानद सदस्य और सामाजिक संगठन उपस्थित रहे। सामाजिक संगठनों में गढ़ा सराफा एसोसिएशन, दीपक ज्वेलर्स, गौतम डेवलपर्स, सर्व ब्राह्मण कल्याण परिषद, सनाढ्य ब्राह्मण कल्याण परिषद, वृंदा फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य सहयोगियों ने महोत्सव में योगदान दिया।

संस्कारधानी की 'संस्कार गली': कचरे के ढेर से 'कैरम खेलने' तक का सफर

जबलपुर। संस्कारधानी की गलियों में अब सिर्फ स्वच्छता की महक नहीं आएगी, बल्कि यहाँ की समृद्ध संस्कृति और खेलों की गूंज भी सुनाई देगी। नगर निगम के विशेष स्वच्छता अभियान के तहत राइट टाउन स्थित हवा महल के सामने की 'बैक लेन' को 'संस्कार गली' के रूप में नया जीवन दिया गया है। जो गली कभी गंदगी और उपेक्षा का शिकार थी, वह अब नागरिकों के लिए एक मनोरंजन और गौरव का केंद्र बन गई है।

स्वच्छता के साथ खेल और सेहत का संगम

नगर निगम के इस अनूठे प्रयास से अब बैक लेन का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। यहाँ नागरिक न केवल सुबह-शाम वॉक कर सकेंगे, बल्कि गली में ही कैरम और अन्य पारंपरिक खेलों का आनंद भी ले सकेंगे। दीवारें अब जबलपुर की ऐतिहासिक पहचान और कलाकृतियों से सजी हुई हैं, जो चलने वालों को एक सुखद अहसास कराएंगी।

जब नेतृत्व ने खुद उठाया पेंट ब्रश

इस परिवर्तन की खास बात यह रही कि शहर के प्रथम नागरिक, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', स्वास्थ्य प्रभारी श्रीमती रजनी कैलाश साहू और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं पेंट ब्रश थामकर दीवारों को रंगों से सजाया। उनके इस कदम ने न केवल कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया, बल्कि शहरवासियों को यह संदेश भी दिया कि शहर को सुंदर बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

महिला दिवस पर 'नारी शक्ति' की सहभागिता

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस अभियान में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 'संस्कार गली' के निर्माण में महिलाओं की जनभागीदारी ने यह साबित कर दिया कि जब मातृशक्ति किसी अभियान से जुड़ती है, तो उसका सफल होना निश्चित है। इस पवित्र अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, स्वास्थ्य प्रभारी श्रीमती रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सभी उपस्थित महिलाओं और अन्य गणमान्य लोगों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

फिट इंडिया वूमेन्स वीक 2026 का आयोजन

जबलपुर। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट इंडिया वूमेन्स वीक 2026 का आयोजन कलेक्टर सभागार में किया गया। जिसमें जिला पंचायत स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती मोनू पुष्पराज बघेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने की।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 73 महिला अधिकारी-कर्मचारियों को उनके समर्पण और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ये महिलाएं समाज में सशक्तिकरण और विकास की मिसाल हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत ने अपने संबोधन में समाज में महिलाओं के बहुमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रही हैं। मुख्य अतिथि श्रीमती मोनू पुष्पराज बघेल ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता के माध्यम से महिलाएं न केवल खुद मजबूत होंगी, बल्कि समाज को भी नई दिशा देंगी। कार्यक्रम में विभागीय सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और इसने महिलाओं की उपलब्धियों को सराहने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने का एक शानदार मंच प्रदान किया। फिट इंडिया वूमेन्स वीक के तहत यह आयोजन महिलाओं के स्वास्थ्य, फिटनेस और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पूरे जिले में सकारात्मक संदेश दे रहा है।

श्री परशुराम सेवा संस्था ने मनाया होली महोत्सव

जबलपुर। श्री परशुराम सेवा संस्था के तत्वावधान में गढ़ा क्षेत्र में रविवार को दोपहर 12 से 4 बजे तक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे गुलाल, फूलों की होली और स्वादिष्ट मिष्ठानों के बीच यह आयोजन हर्षोल्लास और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम देवताल रामायण मंदिर के सामने स्थित शैलपर्ण उद्यान में संपन्न हुआ। आयोजन का शुभारंभ गुलाल का टीका, पुष्प हार और दीप प्रज्वलन से किया गया। ढोल-नागाड़े और लोकगीतों के साथ उपस्थित लोगों ने होली खेली और नृत्य प्रस्तुत किए। गुड्डा त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाईचारे, प्रेम और आत्मीयता का संदेश फैलाना है।इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रतिनिधि वरिष्ठ समाजसेवी लेखराज सिंह मुन्ना भैया, वरिष्ठ पत्रकार एवं श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक गंगा पाठक, पार्षद प्रिया तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेयी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। समाज के अन्य प्रमुख उपस्थित सदस्यों में राजेश मिश्रा (अध्यक्ष), विकाश तिवारी (सचिव), अरुण दीक्षित (कोषाध्यक्ष), विकाश गौतम (उपाध्यक्ष), राहुल शुक्ला (संगठन मंत्री), पंकज वैदेही, नर्मदा चौबे, बबलू मिश्रा, अन्नू पांडे, महिला मंडल अध्यक्ष रेणु उपाध्याय और अनेक मातृशक्ति सदस्य शामिल रहे। महोत्सव में उपस्थित मातृशक्ति सदस्यों में अभिलाषा दुबे, मांडवी दुबे, निधि उपाध्याय, अनुराधा उपाध्याय, प्रीती दुबे, संध्या बैरागी, ज्योति भटेले, सरिता गीदरोनिया, रजनी वेदय, रेखा मिश्रा, संगीता मिश्रा, मीनू पांडेय, आरती, सोनल, नीतू गौतम सहित कई महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा स्वादिष्ट भोज का आनंद लेने के साथ हुआ और इस प्रकार होली महोत्सव हर्षोल्लास और भाईचारे का प्रतीक बनकर यादगार बना।

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में रंगपंचमी पर महाआरती, भस्म तिलक एवं फूलों की होली

जबलपुर। रंगपंचमी के पावन अवसर पर गुप्तेश्वर स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण में परम पूज्य महाराज जी के सानिध्य में भगवान गुप्तेश्वर महादेव की भव्य महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने सहभागिता कर पूजा-अर्चना की। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को भस्म तिलक लगाया गया तथा मंदिर प्रांगण में फूलों की होली के साथ होली मिलन

समारोह आयोजित किया गया। डमरू की ध्वनि, शंखनाद और "हर-हर महादेव" के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो उठा। उपस्थित भक्तों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते हुए भगवान गुप्तेश्वर महादेव से सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में गुप्तेश्वर सेवा समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष एड. राजेश तिवारी, सर्वेश रजक, मनप्रीत बजावा, सुषमा केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, एकलव्य ठाकुर, नितिन, अश्वनी मालवीय, अतुल एवं एड. उत्कर्ष रावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कचरे के निपटान में विलंब न हो: अहिरवार

निरीक्षण: निगमायुक्त पहुंचे कचरा ट्रांसफर स्टेशन

हरिभूमि जबलपुर।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में शीर्ष पर लाने नगर निगम ने अपनी जमीनी सक्रियता बढ़ा दी

है। इसी क्रम में रविवार को निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत छुई खदान स्थित नवनिर्मित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझा। उन्होंने विशेष रूप से कचरा संग्रहण वाहनों डोर-टू-डोर कचरा गाड़ियों के आने और जाने के समय की जानकारी ली। निगमायुक्त ने वाहनों के आवागमन के रिकॉर्ड की स्वयं जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कचरा संग्रहण कार्य निर्धारित समय सारणी के अनुसार हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कचरे के निपटान में किसी भी प्रकार का विलंब न हो और डेटा प्रबंधन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि सफाई संरक्षक हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री जी एस मरावी,उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक संतोष गौर आदि उपस्थित रहे।

लाइनमेनों की सुरक्षा के साथ 20 लाख का बीमा कराया जाए: पाठक

जबलपुर। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि बिजली कंपनियों में संविदा, आउट सोर्स पर बिजली लाइनों, टांसफार्मर पर और सब स्टेशनों में तकनीकी कार्य करने वाले बिजली सेक्टर के ब्रांड एंबेसडर लाइनमैन साथियों को विद्युत दुर्घटना से बचाने के साथ उनके सुरक्षित,सुखद जीवन के लिए उनसे जोखिम पूर्ण तकनीकी कार्य कराने के पूर्व बेहतरीन तकनीकी प्रशिक्षण अनिवार्य रूप दिया जाना चाहिए। उन्हें गुणवत्ता पूर्ण सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाएं। विद्युत दुर्घटना को रोकने के लिए वर्क परमिट देते समय सुरक्षा, सुरक्षित जीवन हेतु पूरी सावधानी बरती जाए।

लॉर्डगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

भाजपा कार्यालय के पास अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी

जबलपुर। लॉर्डगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीताल इलाके में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब भाजपा कार्यालय के पास सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने की खबर सामने आई। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने जैसे ही सड़क किनारे महिला की लाश देखी, क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

लॉर्डगंज थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीताल स्टेडियम जाने वाले मार्ग के किनारे करीब 30 से 40 वर्ष आयु

की एक महिला का शव पड़ा हुआ था। सबसे पहले क्षेत्रीय पार्षद संतोष दुबे की नजर शव पर पड़ी। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद लॉर्डगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला का शव काफी समय से वहां पड़ा हुआ प्रतीत हो रहा था। शव के आसपास बदबू फैल रही थी, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि मौत कुछ समय पहले हुई होगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि लाश को सुअरों ने बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया था।

लॉर्डगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी कि यह दुर्घटना, बीमारी या किसी अन्य कारण से हुई मौत है।

बिजनेस साइट

ऑल कैप एफओएफ: डीआईवाई पोर्टफोलियो बनाने का एक प्रोफेशनल विकल्प

जबलपुर। वेल्थ बनाना एक लंबे समय का सफर है और इसका कोई शॉर्टकट नहीं है। म्यूचुअल फंड के जरिए निवेश करना, लक्ष्य पर फोकस करके पैसा बनाने के सबसे असरदार तरीकों में से एक है। फिर भी, कई निवेशकों के लिए, म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो बनाना सीधा-सादा लगता है। कई लोग मानते हैं कि यह बस अलग-अलग कैटेगरी में कुछ अच्छी रेटिंग वाली स्कीम चुनने और उनमें निवेशित रहने के बारे में है। हालांकि, असल में, यह अनुभव मुश्किल हो सकता है, खासकर जब मार्केट में काफी अधिक उतार-चढ़ाव हो।

राम नारायण गुप्ता
डायरेक्टर, आरएन वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर

डू-इट-योरसेल्फ (डीआईवाई) निवेश की सबसे बड़ी कमियों में से एक है, किसी खास सेक्टर को लेकर पसंद पर आधारित सोच। मार्केट में करेक्शन के दौरान, अक्सर सब की जगह घबराहट आ जाती है। निवेशक गलत समय पर निकल सकते हैं, और रिकवरी से चूक सकते हैं। इसके उलट, जब कोई खास कैटेगरी हाल ही में अच्छा रिटर्न देती है, तो लंबे समय के एसेट एलोकेशन प्लान पर टिके रहने के बजाय उसे ऊंचे लेवल पर खरीदने का लालच होता है।

रीबैलेंसिंग एक और तरीका है जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। समय के साथ, पोर्टफोलियो बदलते रहते हैं। उदाहरण के लिए, मिड-कैप रैली, तय लेवल से ज्यादा आबंटन बढ़ा सकती है, जिससे जोखिम बढ़ जाता है। एक स्ट्रक्चर्ड फ्रेमवर्क के बिना, ऐसे असंतुलन चुपचाप बनते रहते हैं। बार-बार स्विच करने से कार्यकुशलता में कमी पैदा होती है। टैक्स, एग्जिट लोड और ट्रांजैक्शन लागत धीरे-धीरे रिटर्न कम कर सकते हैं। और इन सब में अक्सर निवेशकों को कुल असर का पूरी तरह एहसास नहीं होता।

एक डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) इन स्ट्रक्चरल कमियों को दूर करने की कोशिश करता है। सीधे स्टॉक रखने के बजाय, यह अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन में सक्रिय इक्विटी-ओरिएंटेड योजनाओं की एक चुनी हुई बास्केट में निवेश करता है। एलोकेशन के फैसले और रीबैलेंसिंग को एक तय इन्वेस्टमेंट फ्रेमवर्क के अंदर संभाला जाता है, जो मैक्रोइकोनॉमिक असेसमेंट और मार्केट-कैप आकर्षण से निर्देशित होता है।

जो निवेशक मानते हैं कि आबंटन और भावनाओं को लगातार मैनेज करना मुश्किल है, उनके लिए यह स्ट्रक्चर सपोर्ट देता है। यह डायवर्सिफिकेशन को प्रोफेशनल ओवरसाइट के साथ जोड़ता है। साथ ही, उन आम गलतियों को कम करने में मदद करता है जो इरादे की कमी से नहीं, बल्कि मार्केट की चाल पर इंसानी रिएक्शन से होती हैं। मौजूदा अनिश्चित समय को देखते हुए, निवेशक बिना टेंशन के पैसे बनाने के अनुभव के लिए डायवर्सिफाइड ऑल कैप इक्विटी स्कीम्स में एफओएफ के जरिए निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। ऐसा ही एक विकल्प आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ है। यह स्कीम सभी मार्केट कैप में एक्टिवली मैनेज्ड इक्विटी फंड तक पहुंच देती है, जो मार्केट की स्थितियों के आधार पर आबंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करने के लिए एक स्ट्रक्चर्ड इन-हाउस फ्रेमवर्क का इस्तेमाल करती है। न्यू फंड ऑफर (एफओएफ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है। अभी भारत में ऐसे बहुत कम एक्टिवली मैनेज्ड एफओएफ हैं।

महारुद्र यज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा

शिव मंदिर बाबाताल में आयोजन

पंडित रामकुमार उपाध्याय,हनुमान बिल्हा,ललित दुबे, सुधाकर तिवारी सहित अनेक भक्त गण उपस्थित थे।

सिहोरा। सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में रंगपंचमी से प्रारम्भ हुए हवनात्मक तथा महा अभिषेकात्मक श्री महारुद्र यज्ञ की रविवार को भव्य मंगल कलशयात्रा शोभायात्रा निकाली गई जो यज्ञ स्थल से होकर पुराना बस स्टेंड,गौरी तिराहा,नया बस स्टेंड, बाबाशाला,कटरा मोहल्ला झंडा बाजार,काल भैरव चौक,मैना कुंआ,हरदौल मंदिर से होकर आयोजन स्थल पर संपन्न हुई।18 मार्च तक चलने वाले इस यज्ञ का आयोजन लगातार 37 वें वर्ष से भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा तथा ब्रम्हलीन संत 1008 स्वामी द्वारकादास जी महाराज नरसिंह टेकरी खितौला की असीम कृपा से किया जा रहा है। यज्ञ समिति के राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज ने बताया यज्ञ में विशाल मेला के साथ रामलीला,उपनयन संस्कार का भी आयोजन किया जायेगा। यज्ञाचार्य पंडित केशव प्रसाद शास्त्री रहेंगे। शोभायात्रा में अनेक माताएं बहनें जहां सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थी वहीं शोभायात्रा में शंकर पार्वती,राम लक्ष्मण सीता सहित अनेक भगवान की झांकी शामिल थी तथा धर्म ध्वजा लेकर भक्त गण चल रहे थे। इस अवसर पर

यादव महासभा होली मिलन कार्यक्रम में खूब हुई रंगों की बौछार

जबलपुर। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, जबलपुर द्वारा रंग पंचमी के पावन अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन, काशी प्लाजा मार्केट, पुरैना मार्ग खजरी खिरिया बाईपास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम यादव समाज के वरिष्ठ श्यामलाल यादव, खलीफा दादा, पूर्व सरपंच गुलाब यादव, सीताराम यादव, रामसेवक यादव, नरेश यादव के मुख्य अतिथि में भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करने के पश्चात प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष विजय यादव, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़डा द्वारा उपस्थित सभी स्वाजतिय बंधुओं का गुलाल तिलक लगाकर स्वागत किया गया, कार्यक्रम में फाग मंडली कवि उत्तम दास बैरागी द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई एवं फाग राही गीतों से उपस्थित जनता झूम गई। आज के रंगारंग कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ कालूराम यादव, उदल सिंह यादव, डेलन यादव, भद्दी यादव, विनय यादव, सतीश यादव बड़डा, शिव यादव, सुखलाल यादव, पूर्व जनपद सदस्य मोहन यादव, पूर्व सरपंच राकेश यादव, मुंगेली संजय यादव, प्रदेश महासचिव, रामकुमार यादव पार्षद, राकेश यादव, शक्ति राज यादव, जनपद सदस्य, रश्मि यादव महिला ग्रामीण अध्यक्ष सविता यादव, महिला शहर अध्यक्ष कंचन यादव, कविता यादव,कृष्ण कुमार यादव, शिवम यादव सरपंच पाटन प्रकाश यादव धर्मेंद्र यादव, दीपक यादव, उमा यादव, इंदल यादव, आदि हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पश्चिम मध्य रेलवे में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई" रही। इसी क्रम में महाप्रबंधक कार्यालय से रेल उमंग सामुदायिक भवन, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण तक "शक्तिवॉक (वॉकथन)" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. पाटीदार ने हरी झंडी दिखाकर शक्तिवॉक को रवाना किया और भारतीय रेलवे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी व उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी राहुल श्रीवास्तव एवं उप सचिव (गोपनीय) मुख्यालय शबाना अली खान सहित अन्य महिला वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण और समान अवसरों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी संजय कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी डी.के. शुक्ला, अभय गुप्ता, सचिपति नंदन, महिला कर्मचारी, आरपीएफ कर्मी, स्काउट एवं गाइड के सदस्य, कल्याण निरीक्षक तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। महिला दिवस के अवसर पर जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडल में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 11 मार्च से

जबलपुर। स्थानीय प्रेम मंदिर की माता महाकाली, बाजपेयी क्वार्टर, राईट टाउन में 11 मार्च से 17 मार्च तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं। यहां दोपहर 2 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीधाम वृंदावन के आचार्य श्री हित सुरेश कृष्ण महाराज द्वारा कथा व्यास की भूमिका निभाई जाएगी। श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पहले दिन 11 मार्च को कलश यात्रा प्रातः 9 बजे एवं दोपहर 2 बजे से भागवत माहात्म्य, मंगलाचरण, दूसरे दिन 12 मार्च को श्री शुकदेव आगमन, कपिल अवतार, शिवसती चरित्र, तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, अजामिलोपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, चौथे दिन वामन अवतार, श्री रामावतार कथा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव, पांचवे दिन श्री कृष्ण बाल लीलाऐं, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग प्रसाद, छटवे दिन रासपंचाध्यायी, उद्धव गोपी संवाद, श्री कृष्ण रुकमणि विवाह महोत्सव, सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, श्री शुकदेव विदाई एवं कथा विश्राम एवं 17 मार्च को हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

समाज उत्थान में योगदान देने वाली महिलाओं का किया सम्मान

जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को पूर्व मंत्री कौशल्या गोटियां के संयोजन में आदिवासी समाज द्वारा समाज उत्थान में योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जो घरेलू महिलाओं को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय के नए स्रोत बनाने में सहयोग कर रही हैं। कार्यक्रम में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महिला जगत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में आदिवासी क्षेत्रों से महिलाओं और बच्चियों के लापता होने की घटनाओं पर ठोस कार्यवाही, फाइनेंस कंपनियों व सूदखोरी पर नियंत्रण, शासकीय योजनाओं में दलाली पर रोक, नकली आदिवासी प्रमाण पत्र की जांच तथा आदिवासी बस्तियों में अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। समारोह में डॉ. अंकिता गोटियां, डॉ. एडलीन अब्राहम, डॉ. रेणु पाण्डे, डॉ. अर्चना सिंह, छाया जैन, पूजा गोटियां, माधवी कोल, जयंती कोल, ऋतु कोल, माया कोल, साधना जैन, कौशल्या ठाकुर, लता कोल, प्रिया कोल, अंजू कोल सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कमलेश यादव ने सभी सम्मानित महिलाओं को शॉल और गुलदस्ता भेंट किया। सहयोगी महिलाओं में सारिका गोटियां, नीरजा फरसोइयां, राजकुमारी मिश्र, करुणा मिश्रा, ममता, ज्योति, प्रभा, मोनी गोटियां सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। अंत में महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर कार्यक्रम का आनंद लिया।

खेल रख-रखाव समिति ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम

जबलपुर। राइट टाउन स्टेडियम परिवार एवं खेल रख-रखाव समिति के अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि समिति का 24वां होली मिलन कार्यक्रम एमएलबी ग्राउंड में मनाया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा कार्यक्रम की सराहना एवं सहयोग किया गया। मध्य क्षेत्र विधायक अभिलाष पांडे ने होली कार्यक्रम की खुशी, उत्साह, सालीनता एवं बनने वाले विशेष व्यंजन- खीर, ठंडाई के साथ फाग के लोकगीत भी प्रशंसा की एवं संस्कारधानी में शांति, सौहार्द बनाये रखने की अपील की।इस अवसर पर शरदचंद पालन, विनय सक्सेना, वरिष्ठ चिकित्सक हितेश अग्रवाल, डॉ. पवन स्थापक, हृदय रोग विशेषज्ञ पुष्पराज पटेल, राजेन्द्र पचौरी, केके शर्मा, अरविंद खरे, राजेन्द्र पांडे, डॉ. अभिषेक नेमा, डॉ. संजय नेमा, डॉ. सुनील बहल, डॉ. अंकित सेठ, डॉ. संदीप विश्वकर्मा, राजेश पहलवान, शरद समैया, दिलीप राठौर, शरद अग्रवाल, अमरीश मिश्रा, अमर विश्वकर्मा, अभिषेक चौकसे, मोहित दुबे, राहुल नामदेव के अलावा सभी विधाओं के छोटे-बड़े खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। राज इवेंट ग्रुप ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

प्रस्फुटन समितियों के एकदिवसीय प्रशिक्षण में नवांकुर सखियों को किया गया सम्मानित

पनागर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जबलपुर की नवांकुर संस्था काशी ग्राम विकास समिति महगवां द्वारा सेक्टर अंतर्गत आने वाली प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के लिए ग्राम पंचायत भवन महगवां में एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजा-अर्चना एवं प्रेरक गीत के साथ हुई।

प्रशिक्षण सत्र में सनिल यादव ने समितियों की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं परामर्शदाता नीरज दुबे ने समिति के दस्तावेजीकरण तथा परामर्शदाता मनीष अवस्थी ने परिषद के एप संचालन एवं समिति की भूमिका विषय पर प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रशिक्षण में शामिल नवांकुर सखियों को शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया गया। समिति सदस्यों ने अपने-अपने गांवों में किए जा रहे नवाचार और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर संतोष गडारी, राजेश चक्रवर्ती, आशीष साहू, धीरज यादव, दुर्गेश पटेल, निलेश कोल, दुर्गेश कोल, विनीता साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

संयुक्त रजक समाज सभा ने धूमधाम से मनाई रंग पंचमी

जबलपुर। संयुक्त रजक समाज सभा मध्य प्रदेश द्वारा गौरीघाट स्थित रजक समाज धर्मशाला में 8 मार्च 2026 को होली मिलन एवं रंग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत धर्मशाला में स्थापित संत गाडगे महाराज की प्रतिमा के पूजन-अर्चन, दीप प्रज्वलन और गुलाल अर्पित कर की गई।इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली और रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान कर स्वल्पाहार एवं मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक बब्बल रजक, बृजलाल बाथरे, रामचरण रजक, अध्यक्ष रमेश रजक सहित नीरज रजक, राजेंद्र रजक, ओमप्रकाश रजक, आलोक रजक, अजय रजक, रिंकू रजक, हेमराज श्रीवास, मनीष रजक, राजकुमार रजक, किशोरी रजक, नीशू रजक, संजय रजक, ओंकार रजक, मिंकू रजक, रज्जन रजक तथा बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी और स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

बरेला व्यापारी संघ ने मनाई रंग पंचमी

बरेला। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी व्यापारी संघ का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के संरक्षक अरविन्द तिवारी, सुभाष चौरसिया, गोपाल केसरवानी समन्वयक समिति के राकेश जैन,नरेश पटेल, आशीष जैन बाबी,मोनेश साहू, मुकेश साहू, प्रहलाद चोकसे,अजय गोलू पटेल, एवं अमिताभ नामदेव,मुखिलेश जैन दिनेश सोनी,समर सिंह पटेल,की अगुवाई में व्यापारियों के साथ व्यापारी संघ ने बड़े धूमधाम से रंग पंचमी मनाई । सुबह 9:00बजे भैरो बाबा मंदिर बरेला से बाजे गाजे के साथ नगर में समस्त व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर गुलाल लगाकर भेंट की। ढोल धमाके के साथ निकलने वाले इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य जनो ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। व्यापारियों की टोली पूरे नगर में भ्रमण करती हुई सुनिश्चित स्थान मैं पहुंचकर पुनः एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अजित जैन,राजेश केसरवानी, अमित जैन, रजनीश जैन, सचिन अग्रवाल, माधव शर्मा अनिल जैन, संजय दुबे, आदेश साहू अखिलेश सोनी, हरीश उपाध्याय, रीतेश श्रीवास, राजेश जैन,आयुष जैन, निक्की जैन, मुनि विश्वकर्मा,प्रिंस जैन, गणेश साहू, राजेश चोकसे, लालू अग्रवाल, सोनू साहू, भूरा नामदेव, सहदेव चोकसे, कैलाश साहू, सुधांशु केसरवानी, वीरू चोकसे, शुभम साहू,रवि अग्रवाल, प्रहलाद पटेल सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

निधन

श्री नारायण दास गुप्ता- हाथीताल स्थित मनप्रीत अपार्टमेंट के सामने निवासी श्री नारायण दास गुप्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती ज्योति बंशकार- सिद्धबाबा वार्ड गणेश चौक बंशकार मोहल्ला निवासी श्री सुनील बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति बंशकार (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री आशीष नारायण श्रीवास्तव- रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री आशीष नारायण श्रीवास्तव (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अशोक सिंधी- मुकादमगंज तिलक वार्ड निवासी श्री अशोक सिंधी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती आशा पोहेकर- जनता कॉलोनी आनंद नगर अधारताल निवासी श्री नारायण राव पोहेकर की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पोहेकर (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अशोक कुमार दुबे- कांचघर चौक निवासी जीसीएफ राम मंदिर वाले पुरोहित श्री अशोक कुमार दुबे (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती मुन्नी बाई प्रजापति- गुप्तेश्वर निवासी श्री करण प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई प्रजापति (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दुलीचंद जाटव- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री दुलीचंद जाटव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सुदेश नरूला- कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री दर्शन नरूला की धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश नरूला (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री राकेश कुमार वर्मा- शीतलामाई पश्चिमी घमापुर निवासी श्री राकेश कुमार वर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती लखपति देवी- तुलसी नगर रांझी निवासी श्री चांद देव की धर्मपत्नी श्रीमती लखपति देवी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कु. वर्षा सैनी- रानीपुर माली मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री विजय सेनी की पुत्री कु. वर्षा सैनी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री अजय कुमार सैनी- कोतवाली निवासी श्री अजय कुमार सैनी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कामनी देवी यादव- भरतीपुर यादव बाड़ा निवासी श्री सरवन लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कामनी देवी यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री शंकर कोरी- इंद्रा बस्ती गौराव तालाब के पास मदनमहल निवासी श्री शंकर कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती प्रीति- कांचघर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री सरमन की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कृष्णा यादव- गोहलपुर पुराने थाने के पास निवासी श्री राजाराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा यादव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मनोज कुमार खुबानी- भानतलैया खेरमाई वार्ड निवासी श्री मनोज कुमार खुबानी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री दिलीप सेन- शिवनगर गढ़ा निवासी श्री हरी लाल सेन के पुत्र श्री दिलीप सेन (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुशीला तिवारी- फकीरचंद का अखाड़ा सिंधी कैंप रोड निवासी श्री राम रघुवर तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला तिवारी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कुसुम मेहता- रतन नगर कॉलोनी निवासी श्री विश्वनाथ मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम मेहता (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

निहारिका- बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री अमित चौधरी की अल्पायु पुत्री निहारिका का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

खबर संक्षेप

मेटा ने सोशल मीडिया पाबंदी पर चेताया

नई दिल्ली। कर्नाटक में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की घोषणा के बीच कंपनी मेटा ने कहा कि ऐसे प्रतिबंध लागू करने वाली सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाबालिग उपयोगकर्ता असुरक्षित और अनियंत्रित मंचों का रुख न कर लें। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस तरह के 'प्रतिबंध समान रूप से लागू होने चाहिए।

अब म्यूचुअल फंड फोलियो को लॉक कर सकेंगे निवेशक

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड निवेशकों की डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा' शुरू करने की घोषणा की। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी।

भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की भागीदारी 19 फीसदी बढ़ी

मुंबई। भारत में भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की हिस्सेदारी सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ गई है, जिसमें वरिष्ठ पदों, उच्च वेतन वर्गों, उभरती प्रौद्योगिकी भूमिकाओं और दूसरी श्रेणी के बाजारों में भर्ती का विस्तार प्रमुख रहा। फरवरी, 2025 से फरवरी, 2026 के बीच भर्ती विज्ञापनों के रुझानों के से यह निष्कर्ष सामने आया है।

रिलायंस कंज्यूमर भारत में लाएगी फेजर की चॉकलेट

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी (रोजमर्रा के इस्तेमाल के उत्पाद) इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने कहा कि उसने भारतीय बाजार में ब्रांडेड प्रीमियम चॉकलेट के उत्पादन, विपणन और वितरण के लिए फिनलैंड की प्रमुख खाद्य कंपनी फेजर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

बीते सप्ताह मूंगफली के तेल में गिरावट

नई दिल्ली। ईरान पर अमेरिका और इजरइल के साझा हमले के बीच खाड़ी क्षेत्र में घमासान बढ़ने और होर्मुज बंदरगाह के रास्ते आने वाले यातायात के प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह मजबूती का रुख रहा तथा सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती दर्शाते बंद हुए।

ई-कॉमर्स निर्यातकों को ऋण सहायता के दिशानिर्देश जारी

नई दिल्ली। डाक या कूरियर के जरिये कम से कम छह महीने से निर्यात करने वाले और ई-कॉमर्स के माध्यम से बिक्री के लिए विदेशों के गोदामों में अपना माल रखने वाले सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को अब 25,060 करोड़ रुपये के ''निर्यात प्रोत्साहन मिशन'' के तहत ऋण सहायता मिल सकेगी। डिजिटल चैनल का उपयोग करने वाले निर्यातकों का समर्थन करने के लिए, वाणिज्य मंत्रालय ने पिछले महीने ब्याज छूट और आंशिक क्रेडिट गारंटी के साथ ऋण सुविधाओं की घोषणा की थी।

तांबा महंगा व रुपया कमजोर पड़ने से एसी की कीमतों में वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमरे को ठंडा रखने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्चों में निरंतर वृद्धि की भरपाई के लिए कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं।

- कीमतों में बढ़ोतरी ऐसे समय की गई जब मांग बढ़ने वाली है

फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही यह बढ़ोतरी ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की हैयह वृद्धि तांबे जैसे प्रमुख कच्चे माल की लागत बढ़ने, रुपये की कमजोरी, नए ऊर्जा-दक्षता मानकों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि के कारण की गई है।

लागत की भरपाई के लिए एसी हुआ 5 से 15 फीसदी महंगा

इस साल बिक्री की गति मजबूत रहेगी

हालांकि, उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के पूर्वानुमान और नए स्टार-रेटेड मॉडलों से बिजली की बचत के कारण इस साल बिक्री की गति मजबूत रहने की उम्मीद है। डाइकिन इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा ने बताया कि कंपनी अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रही है।

नए ऊर्जा मानक से उत्पाद अधिक कुशल : जावा ने कहा, ''नए ऊर्जा मानक आ गए हैं, जिससे उत्पाद अधिक कुशल हो गए हैं। साथ ही तांबे जैसी सामग्री की कीमतें बढ़ गई हैं और अमेरिकी डॉलर रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। वैश्विक उथल-पुथल के कारण माल ढुलाई लागत भी बढ़ गई है, जिससे आयात महंगा हो गया है। ऐसे में कोई विकल्प नहीं बचा है।''

ग्राहकों को तुरंत बड़ा असर महसूस नहीं होगा

जावा ने उम्मीद जताई कि इस साल बिक्री 2024 के रिकॉर्ड स्तर को छुएगी और कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि कंपनी फरवरी के मध्य में ही 8-10 प्रतिशत की वृद्धि कर चुकी है। हालांकि, बाजार में अभी पुराना स्टॉक मौजूद है, इसलिए ग्राहकों को तुरंत बड़ा अंतर महसूस नहीं होगा।

मूल्य समायोजन किया जा रहा

टाटा समूह की कंपनी वोल्टास भी कीमतों में 5-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रही है। वोल्टास के प्रबंध निदेशक मुकुंदन मेनन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ी है, जिसे देखते हुए यह मूल्य समायोजन किया जा रहा है।

डाइकिन उत्पादों के दाम 7-12 प्रतिशत बढ़ाएगी

डाइकिन इंडिया अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने वाली है। डाइकिन इंडिया ने एक बयान में कहा, 'अप्रैल 2026 से, डाइकिन इंडिया कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्च में लगातार बढ़ोतरी को कम करने के लिए अपनी सभी उत्पाद श्रृंखला में कीमतों में 7-12 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।' साल 2025 रूम एयर-कंडीशनर उद्योग के लिए अच्छा नहीं था, क्योंकि बेमौसम बारिश और दूसरे कारणों से बिक्री पर असर पड़ा था।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री भानुमूर्ति ने कहा, कच्चे तेल में हुई तेजी से वृद्धि

पश्चिम एशिया संकट से अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता प्रतिकूल असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कच्चे तेल और गैस के दाम में तेज वृद्धि से देश में महंगाई बढ़ने, रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने यह कहा।

अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमले के बाद से कच्चे तेल की कीमत में तेज वृद्धि हुई है और यह 2023 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव बीते शुक्रवार को लगभग 8.5 प्रतिशत चढ़कर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया जो एक सप्ताह पहले 70 डॉलर के आसपास था। वहीं अमेरिकी मानक न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट कच्चा तेल 12.2 प्रतिशत बढ़कर 90.9 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

एलएनजी की कीमतें 50 फीसदी तक बढ़ी

28 फरवरी को समाप्त सप्ताह की तुलना में ब्रेंट क्रूड के भाव में लगभग 32 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। एलएनजी की कीमतें भी लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले और पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था पर तत्काल प्रभाव व्यापार और वित्त चैनलों के माध्यम से होगा।''

व्यापार और चालू खाता घाटा होगा प्रभावित

अर्थशास्त्री ने कहा, ''तेल बाजारों में कीमतों में तेज वृद्धि हमारे व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे को भी प्रभावित करेगी। अगर वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में वृद्धि को देखते हुए, घरेलू खुदरा कीमतें बढ़ाई जाती हैं, तो देश में तेल की कीमतों में और वृद्धि हो सकती है। खुदरा बाजारों में गैस की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं।''

तेल 10 डॉलर बढ़ने से मुद्रास्फीति 0.7 फीसदी बढ़ती है

ऊर्जा (कच्चा तेल, गैस) की कीमतें में और वृद्धि तथा कच्चा तेल के 100 डॉलर या उससे अधिक होने से मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''घरेलू मुद्रास्फीति पर वैश्विक तेल कीमतों के प्रभाव का अनुमान हम इस बात से लगा सकते हैं कि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि से मुद्रास्फीति में 0.7 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है।

कतर ने पहले ही गैस उत्पादन किया बंद

भानुमूर्ति ने कहा, ''कतर ने पहले ही गैस उत्पादन बंद कर दिया है। हालांकि, भारत के रूस से तेल आयात करने से विश्व तेल की कीमतों में नरमी आ सकती है। लेकिन गैस चिंता का विषय बनी रहेगी। खुदरा स्तर पर, चूंकि कई क्षेत्रों में गैस और तेल एक दूसरे के पूर्ण विकल्प हैं, इसलिए तेल पर गैस की कीमतों का व्यापक प्रभाव पड़ेगा।''

- मिडिल ईस्ट में जारी संकट से गैस के दाम में तेजी आई
- रुपए के विनिमय दर में भी गिरावट दर्ज की जा रही
- ब्रेंट क्रूड का भाव 8 .5% चढ़कर 92 .69 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

होर्मुज फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है

उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच स्थित एक संकरा जलमार्ग है जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। अपने सबसे संकरे बिंदु पर लगभग 55 किलोमीटर चौड़ा यह जलडमरूमध्य वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से ऊर्जा व्यापार के लिए,सबसे महत्वपूर्ण और अत्यधिक उपयोग किए जाने वाले समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है।

तेल कंपनियों के पास बोझ सहने पर्याप्त वित्तीय क्षमता

उल्लेखनीय है कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने साफ कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी।

- इस सप्ताह पश्चिम एशिया संकट जारी रहने की संभावना
- विदेशी निवेशकों के रुख से भी धारणा होगी प्रभावित

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की दिशा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बाहरी कारक बने रहेंगे। इसके साथ ही, कुछ प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़े भी जारी होंगे, जो निकट भविष्य की धारणा को आकार दे सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।'

एफपीआई के बाजार में लौटने की संभावना कम

विजयकुमार ने कहा कि जब तक संघर्ष के परिणाम पर कुछ स्पष्टता नहीं आती और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट नहीं होती, तब तक एफपीआई के खरीदार के रूप में बाजार में लौटने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड का 90 डॉलर से ऊपर होना भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजारों के लिए बुरी खबर है।

तनाव का अन्य इस्पात बाजारों पर पड़ेगा असर : बिगमिंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिगमिंट रिसर्च के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण ईंधन की लागत बढ़ रही है, जिससे भारत सहित वैश्विक इस्पात उद्योग को आने वाले दिनों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

बिगमिंट के विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल, एलएनजी और माल ढुलाई लागत में एक साथ बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लागत का दबाव सीधे इस्पात और इस्पात से संबंधित जिंस बाजारों पर पड़ रहा है।

- बढ़ते संकट का कारण ईंधन की बढ़ती लागत
- उद्योग को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा

एक विश्लेषक ने कहा कि युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमतें औसतन 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल हो गई हैं।

अनुमान है कि आने वाले दिनों में लागत में वृद्धि जारी रहेगी। युद्ध ने माल ढुलाई लागत को भी प्रभावित किया है, जिसमें हाल के समय में लगभग 40 प्रतिशत का उछाल आया है। भारत सहित अन्य इस्पात बाजारों पर अमेरिका-ईरान संघर्ष के प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा कि उद्योग को लागत में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा।

कंपनियां बढ़े लागत का बोझ ग्राहकों पर डालेंगी

कंपनियां इस बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डालेंगी और अगर बाजार इस लागत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, तो इस्पात की मांग भी प्रभावित हो सकती है।

ईवी स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाने आटो पीएलआई के मानदंड हो ढीले

नई दिल्ली। यूलर मोटर्स के संस्थापक और सीईओ सौरव कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप को लाभ पहुंचाने और देश की हरित गतिशीलता यात्रा में योगदान देने के लिए भारत की ऑटोमोबाइल पीएलआई योजना के मानदंडों में ढील देने की जरूरत है। कुमार ने एक साक्षात्कार में कहा कि ऑटो क्षेत्र के लिए पीएलआई में निर्धारित राजस्व और निवेश की उच्च सीमा का मतलब है कि यूलर मोटर्स जैसी कंपनी इस योजना में भाग नहीं ले पाई है। कंपनी छोटे इलेक्ट्रिक ट्रकों और तिपहिया वाहन खंड में सक्रिय है।

ऑटो पीएलआई योजना के पात्रता मानदंडों के अनुसार एक ओईएम का न्यूनतम वैश्विक समूह राजस्व 10,000 करोड़ रुपये होना चाहिए और अचल संपत्तियों में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश होना चाहिए। कुमार ने अफसोस जताते हुए कहा कि दुर्भाग्य से इससे हमारे जैसे स्टार्टअप को प्रोत्साहन नहीं मिला, जो इस क्षेत्र में समान रूप से निवेश कर रहे हैं और तकनीक व आरएंडडी को आगे बढ़ा रहे हैं।

- एफएसीटी रॉक फॉस्फेट व फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माले के लिए निर्भर

मिडिल ईस्ट संघर्ष लंबा खिंचा तो हो सकती है उर्वरक की समस्या

एजेंसी ▶▶| कोच्चि (केरल)

भारत में इस समय उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो समस्या पैदा हो सकती हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों को उर्वरकों की आपूर्ति करने वाली सबसे बड़ी कंपनी फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (एफएसीटी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एफएसीटी रॉक फॉस्फेट और

- एफएसीटी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही

फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल के लिए पश्चिम एशिया के कई देशों पर निर्भर है, जिन्हें समुद्री मार्ग से लाया जाता है। विश्लेषकों के अनुसार, लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा सकता है।

खाड़ी देशों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी : इजराइल के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिका के विभिन्न ठिकानों पर भी ईरान ड्रोन और मिसाइल दाग रहा है, जबकि इजराइल और अमेरिका की ओर से भी ईरान पर बम और मिसाइलों की बरसात की जा रहा है। ईरान द्वारा लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जाने से अमेरिका और उसके सहयोगियों- खासकर इजराइल और खाड़ी देशों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है।

फरवरी में रेलवे की माल ढुलाई चार फीसदी बढ़ी...

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने फरवरी, 2026 में 13.77 करोड़ टन माल ढुलाई की, जो पिछले साल फरवरी में 13.24 करोड़ टन थी। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.96 प्रतिशत अधिक है। रेल मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, /''फरवरी, 2026 के दौरान माल ढुलाई राजस्व 14,571.99 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के इसी महीने में 14,151.96 करोड़ रुपये था, जो 2.97 प्रतिशत की वृद्धि है।/'' मंत्रालय के अनुसार, भारतीय रेलवे कोयला, इस्पात, उर्वरक, सीमेंट, खाद्यान्न और कंटेनर जैसी आवश्यक वस्तुओं के कुशल परिवहन को सुनिश्चित करके देश की आर्थिक गतिविधियों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि फरवरी, 2026 में माल ढुलाई संचालन में लगातार वृद्धि देखी गई, जो सभी क्षेत्रों में रेल आधारित लॉजिस्टिक्स की स्थिर मांग को दर्शाती है।

भारत का कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों की और रुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

- मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष लंबा खिंचने की आशंका
- खुदरा ईंधन कंपनियों का अमेरिका, रूस अफ्रीका से बातचीत शुरू

कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल अपनी प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया, /''हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्त्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है।/''

भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है।

महिला दिवस पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने जताया आभार

मेरे जीवन को संवारने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को उन महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके जीवन और सफर को संवारा है।

- मेरी सफलता की नींव उन मूल्यों पर टिकी, जो मुझे परिवार से मिले

उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की नींव उन मूल्यों और समर्थन पर टिकी है, जो उन्हें अपने परिवार से मिला। लिंक्डइन पर लिखे एक लेख में अदाणी ने अपनी मां शांताबेन अदाणी के प्रभाव को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे बचपन में मां द्वारा सुनाई गई रामायण जैसे महाकाव्यों की कहानियों ने उनमें साहस, त्याग और कर्तव्य के मूल्यों को स्थापित किया।

अदाणी ने परिवार को दिया धन्यवाद

अदाणी ने कहा कि जीवन की सबसे मजबूत नींव कंक्रीट या स्टील से नहीं, बल्कि उन लोगों से बनती है जो हमें एक व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। अदाणी ने अपनी मां को संस्कार देने के लिए, पत्नी प्रीति को उनका पथ-प्रदर्शक (विवेक) बनने के लिए, अपनी दोनों बहुओं परिधि और दीवा को परिवार में शक्ति, प्रतिभा और नया दृष्टिकोण लाने के लिए धन्यवाद दिया।

पत्नी की भूमिका की सराहना

अदाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अदाणी की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने दंत चिकित्सा का करियर छोड़कर 'अदाणी फाउंडेशन' का नेतृत्व संभाला। चेयरमैन ने बताया कि 'अदानी फाउंडेशन' आज देश के 22 राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है और अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुका है।

करियर बनाने 16 साल में घर छोड़ा

अदाणी ने कहा कि उन सीखों की गहराई उन्हें तब समझ आई, जब 16 साल की उम्र में उन्होंने अपना करियर बनाने के लिए मुंबई जाने के लिए घर छोड़ा था। अदाणी ने उस मानसिक शक्ति को याद किया जो उनकी मां ने उन्हें एक अनिश्चित भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की अनुमति देते समय दिखाई होगी।

बहुओं की प्रशंसा :

अदाणी ने अपनी बहुओं, परिधि अदाणी (करण अदाणी की पत्नी) और दीवा अदाणी (जीत अदाणी की पत्नी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे परिवार में /''नया दृष्टिकोण और नयी ऊर्जा/'' लेकर आई हैं। साथ ही उन्होंने अपनी पोतियों से मिलने वाली खुशी का भी उल्लेख किया।

भारत की कुल क्षमता 74 दिनों के आयात के बराबर

मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार, देश के पास इसके अलावा सामरिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) और सरकारी तेल कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक को मिलाकर कुल क्षमता लगभग 74 दिनों के शुद्ध आयात के बराबर है। हालांकि, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित होने के बावजूद कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अधिक माल भाड़े और बीमा प्रीमियम के कारण आयात बिल बढ़ सकता है।

चिंतन

राष्ट्रपति की गरिमा सर्वोपरि इस पर राजनीति ठीक नहीं

भारत के लोकतंत्र में राष्ट्रपति का पद केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सर्वोच्च गरिमा, संवैधानिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। यही कारण है कि इस पद को सदैव राजनीति से ऊपर रखा गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया दौरे के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया है, उसने न केवल प्रोटोकॉल की गंभीर अनदेखी को उजागर किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि राजनीतिक कटुता किस तरह संवैधानिक मर्यादाओं पर भारी पड़ सकती है। राष्ट्रपति 7 मार्च को सिलीगुड़ी के फांसीदेवा क्षेत्र में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में भाग लेने पहुंची थीं। यह कार्यक्रम आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन था। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का इस कार्यक्रम में शामिल होना स्वयं में एक ऐतिहासिक और प्रेरक क्षण था। यह न केवल आदिवासी समाज के सम्मान का विषय था, बल्कि यह भी संदेश देता था कि भारतीय लोकतंत्र अपने हाशिए पर खड़े समाजों की संस्कृति और पहचान को महत्व देता है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि इस अवसर की गरिमा को वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी अपेक्षा की जाती है। राष्ट्रपति के राज्य आगमन पर सामान्य प्रोटोकॉल यह कहता है कि मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई वरिष्ठ मंत्री स्वागत के लिए उपस्थित हो। यह परंपरा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संवैधानिक शिष्टाचार और लोकतांत्रिक संस्कार का हिस्सा है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल में न तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रपति को रिसीव करने पहुंचीं और न ही राज्य सरकार का कोई मंत्री वहां मौजूद रहा। यही नहीं, कार्यक्रम स्थल को अंतिम समय में बदल दिया गया और नया स्थान इतना छोटा था कि अनेक लोग आयोजन में शामिल ही नहीं हो सके। राष्ट्रपति ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि बंगाल सरकार आदिवासियों के हितों को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं,ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ने विवाद को और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं, लेकिन वे यहां 50 बार आएं तो हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। एक तो गलती करना और ऊपर से अनर्गल बयानबाजी और कुतर्क देकर खुद का बचाव करना एक मुख्यमंत्री की गरिमा के खिलाफ है। असल में यह मामला केवल एक कार्यक्रम या प्रोटोकॉल की चूक का नहीं है। यह उस राजनीतिक मानसिकता का दर्पण है, जिसमें कभी-कभी संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान को भी दलगत चश्मे से देखा जाने लगता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। राष्ट्रपति का पद दलों और सरकारों से ऊपर होता है। यह पूरे राष्ट्र की एकता और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे अवसर पर यदि राज्य सरकार की ओर से संवेदनशीलता और गरिमा का अभाव दिखाई देता है, तो यह केवल प्रोटोकॉल की चूक नहीं बल्कि एक गलत संदेश भी देता है। कुल मिलाकर यह स्पष्ट होना चाहिए कि राष्ट्रपति का पद किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतीक है। इस पद की मर्यादा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। यदि हम अपने सर्वोच्च संवैधानिक पद के प्रति भी संवेदनशील नहीं रहेंगे, तो लोकतंत्र की मर्यादा और परंपरा दोनों ही कमजोर पड़ने लगेंगी।

मुद्दा
उज्ज्वल दीपक

दुनिया को 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' की जरूरत

शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

द्वितीय विश्व युद्ध (1944) जब खत्म भी नहीं हुआ था, तब अमेरिका के न्यू हैम्पशायर राज्य के माउंट वाशिंगटन होटल, ब्रेटन वुड्स में एक ऐतिहासिक बैठक की गई, जिसे 'ब्रेटन वुड्स कांफ्रेंस' कहा जाता है। इस कांफ्रेंस में 44 मित्र देशों के प्रतिनिधियों ने साथ बैठकर यह समझने की कोशिश की कि युद्ध समाप्त होने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था को कैसे स्थिर बनाया जाए। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बीच के दौर में दुनिया ने कई गंभीर आर्थिक संकट देखे थे। देशों के बीच मुद्राओं का लगातार अवमूल्यन हो रहा था, कई देशों ने संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपनाईं, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार कमजोर हुआ और महामंदी जैसी अभूतपूर्व आर्थिक तबाही देखी गई।

कई इतिहासकारों का मानना है कि इस आर्थिक अव्यवस्था से उत्पन्न परिस्थितियां द्वितीय विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार करने में महत्वपूर्ण कारण बनीं। इस कांफ्रेंस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व किया प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने, अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया अमेरिकी ट्रेजरी के अधिकारी हैरी डेक्सटर व्हाइट ने और दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक। इनके माध्यम से वैश्विक वित्तीय व्यवस्था को स्थिर करने और युद्धग्रस्त देशों के पुनर्निर्माण की योजना बनाई गई। इसी दौर में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना भी हुई, जिसका उद्देश्य था देशों के बीच संवाद बनाए रखना और भविष्य के युद्धों को रोकना। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तीनों संस्थाओं का मुख्य कार्यालय अमेरिका में ही स्थापित किया गया, जिससे अमेरिका की प्रभुता स्थापित हुई और आज शायद इसी वजह से बाकी सारे देश कहीं ना कहीं अमेरिका पर निर्भर हैं। अमेरिका के पूरे विश्व पर आर्थिक वर्चस्व की भूमिका भी यहीं तैयार की गई। जब एक अमेरिकी ट्रेजरी अधिकारी के सामने ब्रिटेन के महान अर्थशास्त्री कमजोर पड़े और यह तय किया गया कि वैश्विक मुद्रा व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए दुनिया की अधिकांश मुद्राओं को अमेरिकी डॉलर से जोड़ा जाए, और अमेरिकी डॉलर को सोने से जोड़ा जाए, जिसकी कीमत उस समय 35 डॉलर प्रति औंस तय की गई। तीन सप्ताह के कांफ्रेंस ने तीन दशकों (1945 से 1971) तक दुनिया को कई महत्वपूर्ण स्थिरताएं दीं। वैश्विक स्तर पर विनिमय दरों में स्थिरता बनी रही, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का तेजी से विस्तार हुआ, द्वितीय विश्व युद्ध से तबाह हुए यूरोप और जापान के पुनर्निर्माण में मदद मिली और दुनिया ने कई दशकों तक लगातार आर्थिक विकास का दौर देखा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस व्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को संस्थागत रूप दिया। पहले जहां देश आर्थिक प्रतिस्पर्धा और मुद्रा युद्ध में उलझे रहते थे, वहीं अब विवादों को बातचीत और तय नियमों के माध्यम से सुलझाने की कोशिश होने लगी। हालांकि यह व्यवस्था हमेशा के लिए नहीं टिक सकी। 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने डॉलर को सोने में बदलने की व्यवस्था समाप्त कर दी। इसके साथ ही स्थिर विनिमय दरों पर आधारित ब्रेटन वुड्स प्रणाली धीरे-धीरे समाप्त हो गई। इसके बाद दुनिया ने फ्लोटिंग करेंसी सिस्टम यानी बाजार आधारित विनिमय दरों को अपनाया। इसके बावजूद अमेरिकी डॉलर की वैश्विक

वर्चस्व वाली भूमिका बनी रही और वह आज भी दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा के रूप में कायम है। इससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली को एक तरह की स्थिरता तो मिलती है, लेकिन साथ ही इससे अमेरिका को असामान्य रूप से अधिक आर्थिक और रणनीतिक शक्ति भी मिल जाती है। आज, लगभग अस्सी साल बाद, वही ढांचा कई जगह कमजोर पड़ता दिखाई देता है।

दुनिया इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां अनिश्चितता और तनाव, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, महामारी की आशंका और कमजोर पड़ती वैश्विक संस्थाएं एक साथ दिखाई दे रही हैं। मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष ने चिंता को और गहरा कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। यह संकट केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं है। आज के दौर में युद्ध कई रूपों में लड़ा जा रहा है। ट्रेड वॉर और टैरिफ की राजनीति, आर्थिक प्रतिबंध, वित्तीय दबाव, बैंकिंग व्यवस्था से बाहर करना और व्यापारिक प्रतिबंध भी अब कूटनीति के प्रमुख हथियार बन चुके हैं। अगर यह प्रवृत्ति बढ़ती है तो दुनिया धीरे-धीरे अलग-अलग आर्थिक खेमों में बंट सकती है। इतिहास बताता है कि जब आर्थिक व्यवस्था टूटती है तो राजनीतिक टकराव और भी गहरा हो जाता है। इसी बीच एक और महत्वपूर्ण सवाल वैश्विक संस्थाओं की भूमिका को लेकर उठ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना शांति बनाए रखने के उद्देश्य से हुई थी, लेकिन आज कई अंतरराष्ट्रीय संकटों में वह प्रभावी हस्तक्षेप करने में असमर्थ दिखाई देता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना भी 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाती है, न कि 2026 की दुनिया को। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में मताधिकार और निर्णय शक्ति का ढांचा अभी भी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की परिस्थितियों को दर्शाता है। यही वह संदर्भ है जिसमें कई विशेषज्ञ अब 'नए ब्रेटन वुड्स' की बात कर रहे हैं। उनका मानना है कि जिस तरह 1944 में दुनिया ने मिलकर नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था बनाई थी, उसी तरह आज भी वैश्विक संस्थाओं और नियमों की व्यापक समीक्षा की जरूरत है। एक नया वैश्विक सम्मेलन कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा का मंच बन सकता है।

प्रसिद्ध इतालवी चिंतक निकोलो माकियावेली ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द प्रिंस' में एक दिलचस्प बात कही थी। उनका मानना था कि जब दो शक्तिशाली मित्र राष्ट्र आपस में संघर्ष में उतर जाएं, तो किसी तीसरे देश के लिए लंबे समय तक तटस्थ बने रहना कठिन होता है। पाँच सौ साल पहले लिखी गई यह बात आज की वैश्विक राजनीति में एक नए संदर्भ के साथ सामने आती है। वर्तमान समय में भारत भी कुछ हद तक ऐसी ही कूटनीतिक दुविधा का सामना कर रहा है। सवाल यह नहीं है कि दुनिया को बदलाव की जरूरत है या नहीं ? असली सवाल यह है कि क्या वैश्विक नेतृत्व समय रहते उस बदलाव के लिए तैयार होगा ? क्योंकि इतिहास का एक सबक बहुत स्पष्ट है, जब संस्थाएं कमजोर पड़ती हैं, तब संघर्ष मजबूत हो जाता है। शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

पश्चिमी एशिया में युद्ध से निर्मित निर्यात चुनौतियां

हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को राहत देने के लिए काम कर रही है। इन दिनों निर्यातक रसद संबंधी चुनौतियों के अलावा घरेलू बंदरगाहों पर पश्चिम एशिया जाने वाले कार्गो के अटकने से खड़े होने वाले संकट के प्रति आगाह कर रहे हैं। 7 मार्च को थिंक टेक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत के करीब 11.8 अरब डालर मूल्य के कृषि निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, यह भारत के द्वारा पिछले वर्ष किए गए कुल कृषि निर्यात का करीब 21.8 प्रतिशत है। ऐसे में सरकार अपने निर्यातकों को राहत देने के कुछ ठोस तरीके अपनाने की डगर पर आगे बढ़ी है। सरकार ने तत्परतापूर्वक युद्ध से निर्मित हालात से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव पर निर्यात से संबंधित सरकारी मंत्रालयों, निर्यातकों के संगठन, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों की विशेष बैठक में विचार मंथन के बाद बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क सहित निर्यातकों को हरसंभव सहयोग-प्रोत्साहन दिया जाना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के बीच ईरान के द्वारा वैश्विक शिपिंग रूट होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया गया है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल, करीब 20 फीसदी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) और खाद्य उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस जलमार्ग के बंद हो जाने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित होने लगी है। चूंकि कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब 40 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता के साथ निर्यात चुनौती निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ाते हुए दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि 7 मार्च को कच्चे तेल की कीमत करीब 91 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई है। युद्ध के लंबा खींचने पर कच्चे तेल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है और इससे पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे और इससे भारत से निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की चुनौती गहराते हुए दिखाई देगी।च इस युद्ध से सीधे तौर पर जुड़े हुए अमेरिका, इजराइल और ईरान सहित युद्ध से प्रभावित पश्चिम एशियाई और यूरोपीय देश भी भारत के लिए निर्यात के प्रमुख बाजार हैं, ऐसे में भारत के निर्यातकों की चिंताएं बढ़ गई हैं। पश्चिम एशिया जाने वाला माल भारत के घरेलू बंदरगाहों पर जमा होने लगा है। शिपिंग कंपनियां चालक दल, कार्गो और जहाजों की सुरक्षा को देखते नए निर्यात आदेश नहीं ले रही हैं। ऐसे में खासतौर से पश्चिम एशिया के देशों में निर्यात घटने की आशंका है। भारत ने इस वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अप्रैल से दिसंबर की अवधि में पश्चिम एशिया के 13 देशों को करीब 50 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया, जो भारत के कुल निर्यात का करीब 15 फ़ीसदी है। इन विभिन्न देशों में भारत से होने वाले खाद्य उत्पाद, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, बासमती चावल, चाय, मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रत्न-आभूषण,प्लास्टिक और रबर जैसे क्षेत्रों में निर्यात प्रभावित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में भारत को द्वपिक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ लेते हुए निर्यात को हरसंभव तरीके से बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अब घरेलू ढांचागत सुधारों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। इस हेतु देश में नियमों और नियामक संस्थाओं के कामकाज में मूलभूत बदलाव की जरूरत है। कर सुधारों को और गहराई देने के साथ जीएसटी प्रणाली को प्रभावी बनाना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के विस्तारित होते हुए युद्ध की वजह से भारत के समक्ष दिखाई दे रही निर्यात चुनौतियों से निपटने और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विभिन्न देशों के साथ भारत के व्यापार समझौतों के अधिकतम लाभ हेतु गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और नए सुधारों की राह पर आगे बढ़ेगी। सरकार केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित नए निर्यात प्रोत्साहनों से दृढ़ता के साथ नए निर्यात बाजारों में कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगी। सरकार के द्वारा हाल ही में निर्यातकों के लिए जो बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क बनाई गई है, वह डेस्क निर्यातकों, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के लिए हरसंभव सहयोग और सहायता के लिए अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी

संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

ऐसे काम न करें, जिससे लोगों की ताकत बढ़े

संकलित
प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

अंतर्मन

आज की पाती

भारत सिर्फ शांति चाहता है

भारत सिर्फ और सिर्फ शांति चाहता है और हर समस्या का समाधान सदैव बातचीत से ही करने का पक्षधर रहा है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन व इजराइल-अमरीका बनाम ईरान युद्ध को रोकने और समस्यात्मक मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करने का संदेश दुनिया को दिया है। हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ भी सदा रहा है और सभी देशों से मिलकर दुनिया में फैले आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए कटिबद्ध भी है। बात सही है, हर मुद्दे के लिए आर्मी का उपयोग सूझबूझ व समझदारी नहीं है। इससे मानव संसाधन-सैनिक संसाधन के साथ ही विकास को भी गहरा नुकसान पहुंचता है। इसलिए हर तरह के युद्ध और आतंकवाद का बातचीत से समाधान होना चाहिए।

– *जयेश साहू, धमतरी*

ट्रेंड

नारी शक्ति की उपलब्धियां

भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका का सशक्त प्रमाण है। भारत की प्रगति के साथ-साथ महिलाओं की आकांक्षाएं और योगदान एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की ओर हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

लोकतंत्र पर सीधा हमला

आज हम जो देख रहे है वह इस गणतंत्र की लोकतांत्रिक नींव पर सीधा हमला है। भाजपा ने अपने "एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी" के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है।

- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल

हमारी विदेश नीति

हमारी विदेश नीति पहली बार विदेशी तय कर रहे हैं। भाजपा ने हमारी परंपरागत 'गुट निरपेक्षता' की विदेश नीति की जगह 'गुट सापेक्षता' की विदेशी नीति अपनाकर संप्रभुता की नीति पराये हाथों में सौंप दी है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हवाई किराए में वृद्धि

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी बेहद चिंताजनक है। इससे विदेशों में फंसे भारतीयों, विशेषकर छात्रों और कामगारों के लिए वतन वापसी, या भारत आए प्रवासियों की अपने काम और शिक्षण संस्थानों तक वापसी कठिन हो गई है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

भारत एवं चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को 'प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार' और 'खतरे के बजाय अवसर' के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए। वांग ने कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, '2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नयी शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन शिखर सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में और सुधार किया।' उन्होंने कहा, 'सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय हुई बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में एक नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें बेहद खुशी हो रही है। इन सभी से दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।' वांग ने संबंधों के भविष्य के स्वरूप पर कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे के प्रति प्रतिद्वंद्वी के बजाय भागीदार के रूप में और खतरे के बजाय अवसर के रूप में' सही रणनीतिक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दोनों पक्षों को अच्छे पड़ोसी के संबंधों और मित्रता को बनाए रखना चाहिए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की संयुक्त रूप से रक्षा करनी चाहिए।

ऑफ बीट

होता कुछ है, देखते कुछ हैं दृश्य भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है - छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा

महिलाओं में दम, नहीं किसी से कम, उनकी शक्ति, उपलब्धियों योगदान की सराहना की, महिला सशक्तीकरण पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं और अगर उन्हें सही अवसर और समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं। रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उनके सशक्तिकरण के लिए देश की प्रतिबद्धता को दोहराने का भी अवसर है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आयोजित किया कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में राष्ट्रपति

समाज को अपनी सोच बदलनी होगी

राष्ट्रपति का कहना था कि अगर महिलाओं को अवसर और सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। हालांकि महिलाओं ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के रास्ते में अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। इन चुनौतियों पर समाज की सोच में बदलाव लाना भी जरूरी है।

हर क्षेत्र में निभा रही अहम भूमिका

राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बल, चिकित्सा, विज्ञान, तकनीक, कला, खेल और उद्यमिता जैसे कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। स्वसहायता समूहों के जरिए गांवों की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

राष्ट्रपति ने 'शक्ति वॉक' को सराहा

राष्ट्रपति ने 'शक्ति वॉक' कार्यक्रम की भी सराहना की। प्रतिभागियों ने इंडिया गेट से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। उन्होंने देशभर से आई महिलाओं के समर्पण और उत्साह की भी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के प्रसिद्ध कथन को याद किया।

भारत ने स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल की

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। एक दशक में मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया है। भारत ने स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल कर ली है।

महिलाएं रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभर रहीं

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभर रही हैं। स्टार्ट-अप इंडिया योजना में सहायता प्राप्त करने वाले आधे स्टार्ट-अप में एक महिला निदेशक हैं। 2 लाख महिला स्वामित्व वाले लघु एवं मध्यम उद्यम सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर सक्रिय हैं।

उनके सपनों को साकार करने का प्रयास करें

राष्ट्रपति ने कहा कि सही मायने में विकास हासिल करने के लिए हमें महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। देश की तीव्र प्रगतिके लिए नागरिकों की पूर्ण क्षमता को साकार करने के लिए आवश्यक है कि हम उनके सपनों को साकार करें।

खबर संक्षेप

कमजोर पड़ रही भारत की वैश्विक मौजूदगी

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध को लेकर केंद्र सरकार पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा इस संकट के बीच भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूदगी और भूमिका खत्म होती दिखाई दे रही है। राउत ने यह बात शिवसेना के मुखपत्र सामना के साप्ताहिक कॉलम 'रोकठोक' में लिखी।

उत्तम नगर हत्याकांड आरोपी के घर गिराया

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन तरुण की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने काफी तूल पकड़ लिया था और मामले ने सांप्रदायिक रंग भी ले लिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सि बीच रविवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया है।

28 करोड़ जनधन खाते महिलाओं के पास

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय सेवाओं तक पहुंच ने महिलाओं को असली आजादी तक पहुंचने में मदद की है। 'एक्स' पर लिख जनधन खाता और लखपति दीदी जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत कर रही हैं। देश में अब तक 57.71 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं।

भागलपुर में 5 बच्चे डूबे 2 ने तैरकर बचाई जान

भागलपुर। बिहपुर प्रखंड के हरियो पंचायत अंतर्गत हरियो कोसी त्रिमुहान घाट के पास नदी स्नान करने के दौरान 5 बच्चे डूब गए। 2 बच्चे जैसे-तैसे पानी से निकलने में सफल रहे। वहीं 3बच्चों को नदी में स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाश जारी है। जिन बच्चों की पानी में तलाश की जा रही है, उसमें लक्ष्मण कुमार और नयन कुमार युवराज शामिल हैं।

शाह का निजी सचिव बताकर की ठगी, अरेस्ट

मुंबई। यहां की पुलिस की क्राइम ब्रांच ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निजी सचिव बताकर लोगों को ठगने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 41 वर्षीय मोहम्मद तारिक पठान के रूप में हुई है, जो रत्नागिरी जिले के खेड़ का निवासी है। पुलिस ने उसे नवी मुंबई के वाशी स्थित एपीएमसी मार्केट के पास एक होटल से गिरफ्तार किया।

प्रधानमंत्री ने 33,500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को सभी देख रहे

दिल्ली का विकास एक शहर का विकास नहीं, यह देशभर की छवि को दिखा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 33,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति जब भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के बारे में सोचता है तो अक्सर उसके मन में दिल्ली की तस्वीर आती है।

हम सब दिल्ली में विकास को नई गति देने के लिए यहां इकट्ठे हुए हैं। यहां मेट्रो के विस्तार से लेकर हजारों सरकारी कर्मचारियों के आवासों तक, देश की राजधानी में सुविधाओं का लगातार मजबूत विस्तार हो रहा है, एक नई मजबूती दी जा रही है। आप लोगों ने एक साल पहले जिस नई उम्मीद और संकल्प के साथ दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई थी, उसका परिणाम आज यहां दिख रहा है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस अविरत धारा के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है।

मेट्रो फेस-4 के शुरू होने से दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किमी से बढ़ेगा

राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ रहीं सुविधाएं

मेट्रो के विस्तार से हजारों लोगों को होगा फायदा

दिल्ली में मेट्रो प्रोजेक्ट का लोकार्पण करते पीएम मोदी

दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान होगी

उन्होंने कहा कि दिल्ली कुछ दिन पहले नमो भारत जैसी तेज ट्रेन के जरिए मेरठ से जुड़ी है। इससे दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान हो गई है। आज मेट्रो फेस-4 के शुरू होने के साथ दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किलोमीटर से भी आगे पहुंच गया है। दुनिया के बड़े-बड़े शहरों में भी मेट्रो का इतना बड़ा नेटवर्क नहीं है।

मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया

पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया। इनमें लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल है। नई कनेक्टिविटी से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा, मजलिस पार्क समेत दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा।

3 नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के चरण 4 के अंतर्गत लगभग 16.10 किलोमीटर लंबे तीन नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी। ये 3नए कॉरिडोर हैं, आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ, एयरोसिटी से इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज। ये कॉरिडोर राष्ट्रीय राजधानी के कई अहम स्थानों को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे।

दिल्ली के कई इलाकों को फायदा

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इनमें मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल हैं। नई कनेक्टिविटी से दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा, जिनमें बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क आदि शामिल हैं।

सरोजिनी नगर में महिलाओं को दी जीपीआरए फ्लैट्स की चाबियां

पीएम मोदी ने रविवार को सरोजनी नगर में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) कॉलोनियों का दौरा किया और महिला लाभार्थियों को टाइप-5 के नए घरों की चाबियां सौंपी। इस अवसर पर पीएम मोदी ने श्रमजीवी महिलाओं के साथ संवाद भी किया। सरोजिनी नगर, नेताजी नगर, कस्तूरबा नगर और श्रीनिवासपुरी जैसे प्रमुख स्थानों पर जीपीआरए पुनर्विकास परियोजनाएं, कॉलोनियों के आधुनिकीकरण और सरकारी कर्मचारियों तथा प्रशासनिक कार्यालयों के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का हिस्सा हैं। पुनर्विकास योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए 9,350 से अधिक आधुनिक फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही लगभग 48 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान का निर्माण किया जाएगा, जिससे प्रशासनिक दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल से किया गया विकास

जीपीआरए प्लान के तहत 15,200 करोड़ की इन परियोजनाओं का पुनर्विकास एक नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल के माध्यम से किया गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि पुनर्विकास सरकारी खजाने पर बोझ डाले बिना किया जाए। इस मॉडल के तहत सरकार परियोजना क्षेत्र के एक सीमित हिस्से को वाणिज्यिक और आवासीय स्थान के लिए विकसित और मुद्रीकृत कर रही है, ताकि पूरी परियोजना का वित्तपोषण किया जा सके। इससे प्राप्त राजस्व का इस्तेमाल आधुनिक सरकारी आवास, संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के पुनर्विकास के लिए किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी पर बोला हमला

आप-दा सरकार ने विकास का हर काम ठप किया

पीएम मोदी ने कहा कि करीब 10 वर्षों तक आप -दा सरकार ने यहां विकास का हर काम ठप रखा था। अब दिल्ली से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे बनने से अब लाखों गाड़ियों को शहर में आने की जरूरत नहीं पड़ती। हमारी सरकार यमुना जी की साफ-सफाई के लिए भी बड़े पैमाने पर काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम इस बात का भी प्रमाण है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस आपदा से मुक्ति पाई, वो कितनी जरूरी थी। यहां आपदा सरकार न होती तो ये मेट्रो फेज 4 प्रोजेक्ट बहुत पहले ही पूरा हो चुका होता।

सीएम नीतीश के पुत्र निशांत की सियासी पारी शुरू

निशांत जदयू में शामिल, राज्य की करूंगा सेवा, पिताजी के विश्वास को कायम रखें

जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार जनता दल यूनाईटेड में शामिल हो गए हैं। वीर चंद्र पटेल रोड स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार वहां मौजूद नहीं थे। निशांत ने कहा कि मैं जदयू के कार्यकर्ता, नेता और बिहार की जनता को नमन करता हूं। मैं एक कार्यकर्ता के रूप में मैं सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि बिहार और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें। निशांत ने वरिष्ठ नेताओं के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।

'निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद'

जेडीयू के कई कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी मुख्यालय और राज्य की राजधानी के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के पास बैनरों और पोस्टरों में भी यही बात दोहराई गई। एक पोस्टर में था विकसित बिहार के नए अध्याय की शुरुआत। एक में निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद।

पिताजी के कार्य को आगे बढ़ाऊंगा

निशांत ने कहा कि मेरे पिता ने बिहार की जनता के लिए जो काम किया है, उसे मैं आगे बढ़ाने का काम करूंगा। आप सब ने जो विश्वास किया, खड़ा उतरने की कोशिश करूंगा।

कल से यात्रा पर निकलेंगे सीएम नीतीश

नीतीश की प्रस्तावित 'समृद्धि यात्रा' को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। वे 10 मार्च से कई जिलों के दौरे पर निकलेंगे और विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। 11 को वे अररिया और किशनगंज में ,12 को पूर्णिया और कटिहार तो 13 मार्च को वे सहरसा और खगड़िया में शामिल होंगे। अंतिम चरण में 14 मार्च को बेगूसराय और शेखपुरा जाएंगे।

महिला दिवस: 'साड़ी वॉकथॉन 2026'

ठाणे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को 'साड़ी वॉकथॉन 2026' में महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने सशक्तिकरण और हथकरघा परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक साड़ियों में वॉक किया।

राष्ट्रपति के साथ टीएमसी के टकराव पर भाजपा का हमला

सिर्फ घुसपैठियों का स्वागत, अब संविधान खतरे में नहीं...

बंगाल में राष्ट्रपति के साथ किया गया बर्ताव बेहद शर्मनाक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए हालिया बयान पर उन्होंने निशाना साधा। रविशंकर ने कहा कि ममता बेनर्जी के शासन में बंगाल में घुसपैठियों का स्वागत किया जा रहा है। ममता संविधान के खतरे में होने की बात कर रही हैं, जबकि वे खुद राष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर पाईं। राष्ट्रपति के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद शर्मनाक है। भारत के इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति के साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। भाजपा नेता ने कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की पार्टी कड़ी निंदा करती है।

ममता माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम

कोलकाता। पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने उत्तर 24 परगना जिला के नैहाटी विधानसभा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी बंगाल में राष्ट्रपति और राज्यपाल का विरोध करती हैं, तो घुसपैठियों व माफिया का स्वागत करती हैं। ममता राज्य की मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम हैं। बंगाल से टीएमसी को जाना चाहिए।

शहजाद और भंडारी ने ममता की आलोचना की, सरमा ने भी कोसा

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और प्रदीप भंडारी ने भी टीएमसी के रवैये को शर्मनाक बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी ममता को कोसा।

घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण, ममता ने प्रोटोकाल तोड़ा

बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने ममता को सीख देते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ ही आदिवासी समाज से भी आती हैं। ममता ने प्रोटोकाल का पालन नहीं किया।

पंजाब में बजट पेश

महिलाओं को हर माह 1000 एससी को 1500 रुपए देंगे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। मान सरकार ने बजट पेश किया। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने मावां-धीयां सत्कार योजना का ऐलान किया। 97 फीसदी महिलाओं को हर महीने हर महीने 1000 की राशि मिलेगी। एससी की महिलाओं को 500 रुपए अधिक देने का ऐलान किया है।

पात्रता की शर्तें भी लगाईं

मावां-धीयां सत्कार योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला योजना के पंजीकरण के लिए पात्र होंगी। मौजूदा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, जैसे वृद्धावस्था पेंशन या विधवा/निराश्रित महिला पेंशन या विकलांगता पेंशन योजना के तहत पंजीकृत महिलाएं भी इस योजना के तहत पात्र होंगी। मौजूदा या पूर्व स्थायी सरकारी कर्मचारी, मौजूदा और पूर्व सांसद/विधायक और आयकर दाता अपात्र होंगे।

समरस संस्कार के रंग में रंगी संस्कारधानी

विविध रंगों के बीच फूलों, रंग-गुलाल की छटा बिखरी

जबलपुर। समरसता सेवा संगठन ने रविवार को इतिहास रचते हुए संस्कारधानी में एक अद्भुत होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में संत-ग्रहस्थ, अमीर-गरीब, महिला-पुरुष, छोटे-बड़े सभी वर्गों के लोग एक साथ दिखाई दिए। यह आयोजन शहर की समाजिक सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था, और इसमें अपार जनसमूह उमड़ा।शोभायात्रा का प्रारंभ छोटा फुहारा स्थित कलेही माता मंदिर से हुआ, जहां प्रभु श्रीराम और माता सीता का पूजन हुआ। इसके बाद दंडी स्वामी कालिकानंद, जगतगुरु स्वामी बालगोविंदाचार्य, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज, स्वामी चैतन्यानंद जैसे संतों ने शोभायात्रा की अगुवाई की। शोभायात्रा में रंग-गुलाल की फुहारों से पूरा माहौल रंगमय हो गया था।शोभायात्रा छोटा फुहारा से शुरू होकर मिलौनीगंज, तमरहाई, कोतवाली, सराफा, कमानिया, फुहारा, लार्डगंज, सुपर बाजार होते हुए डीएन जैन कॉलेज पहुंची। शोभायात्रा में ढाई दर्जन झांकियों ने शहरवासियों का दिल छू लिया, जिनमें राम-जानकी, हनुमान और पर्यावरण संरक्षण जैसी झांकियां प्रमुख थीं।

सामाजिक समरसता और स्वच्छता

शोभायात्रा में सामाजिक समरसता को दर्शाने के लिए समरंग यात्रा में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के संदेश भी झांकियों के माध्यम से दिए गए। इस कार्यक्रम में आयोजन स्थल पर सफाई का ध्यान भी रखा गया था, जिससे यह आयोजन और भी खास बन गया।

डीएन जैन कॉलेज में समापन

शोभायात्रा का समापन डीएन जैन कॉलेज में हुआ, जहां फूलों और गुलाल के साथ रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां पर पारंपरिक व्यंजनों जैसे दाल बाटी, बैढ़नी पूड़ी, कांजी बड़ा आदि का स्वाद लिया गया।

विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, लेखराज सिंह मुन्ना, महाकौशल चेम्बर के अध्यक्ष रवि गुप्ता, डॉ जितेन्द्र जामदार, महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व मंत्री शरद जैन, डॉ अखिलेश गुमास्ता, पूर्व महापौर प्रभात साहू, धीरज पटेरिया, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, आशुतोष दीक्षित, अखिल मिश्रा, पंकज दुबे, रजनीश यादव, अभय सिंह ठाकुर, अमरीश मिश्रा, पंकज पांडे, श्रीकांत साहू, रवी शर्मा, रविन्द्र पचौरी, विक्रम परवार सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी शामिल रहीं।

बडेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट एवं अपोलो हॉस्पिटल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

जबलपुर। स्वस्थ महिला, सशक्त महिला विषय पर बडेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट एवं अपोलो हॉस्पिटल, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सुरक्षा एवं सफाई महिला कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. के. सिवा स्त्री (कैंसर विशेषज्ञ) तथा डॉ. मनीषा उड्डे (स्त्री रोग विशेषज्ञ) को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. के. सिवा स्त्री ने महिला कर्मचारियों को स्तन कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करते हुए इसके लक्षण, समय पर जाँच और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. मनीषा उड्डे ने अपने संबोधन में महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। बडेरिया ग्लोबल इंजीनियरिंग महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि परिवार की महिला स्वस्थ और सशक्त रहेगी तभी वह अपने परिवार, कार्यस्थल और समाज की जिम्मेदारियों को और भी बेहतर ढंग से निभा पाएँगी। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मियों को अपोलो हॉस्पिटल, जबलपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कार्ड उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। संस्था के चेयरमैन डॉ. सौरभ बडेरिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसके सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. वंदना पाठक, डॉ. शिल्पा अग्रवाल एवं प्रियंका सिंह का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

"राग मंत्र" शास्त्रीय संगीत सभा आयोजित

जबलपुर। आर्ट हब, हैदराबाद एवं आई.टी.सी. कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय शहीद स्मारक सभा गृह में "राग मंत्र" शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन हुआ। इस गरिमामय संगीत संध्या में पुणे से पधारे शास्त्रीय गायक पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर का गायन एवं आई.टी.सी. कोलकाता से पधारे शौनक रॉय का सरोद वादन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती के सम्मुख पद्मश्री पंडित सुरेश तलवलकर एवं पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में शौनक रॉय, कोलकाता ने सरोद वादन प्रस्तुत किया, उन्होंने अपना वादन राग छायानट से किया, इसमें तीनताल में दो बंदिशें प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में आपने शुद्ध वसंत राग में दो गते प्रस्तुत की। इनके साथ तबले पर कोलकाता से पधारे जयंत सरकार ने बहुत ही मधुर, प्रशंसनीय एवं सधी हुई संगत की। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में पुणे से पधारे सुप्रसिद्ध गायक पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर का शास्त्रीय गायन प्रस्तुत हुआ। ग्वालियर, आगरा एवं जयपुर घराने के गायकी का अद्भुत समन्वय उनकी गायकी में परिलक्षित होता है। उन्होंने अपने गायन का प्रारंभ राग नंद से किया, विलंबित ख्याल ताल तीनताल में एवं छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। इनके साथ तबले पर संगत पुणे से पधारे पद्मश्री पंडित तालयोगी सुरेश तलवलकर ने की। इस अनोखी जोड़ी का प्रस्तुतिकरण जबलपुर के रसिक जनों के लिये अविस्मरणीय रहेगी। श्रोताओं ने इस कार्यक्रम का भरपूर रसानंद लिया।

कार्यक्रम के अंत में संयोजक प्रोफेसर अखिलेश सप्रे द्वारा सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. एम. श्रीनिवास राव, माधुरी कानेटकर, प्रकाश शिंदे, प्रशांत पाठक, आलोक सप्रे, संजय सोनी का विशेष सहयोग रहा।

सर्व समाज होली मिलन कार्यक्रम आज

जबलपुर। कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ, संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा संयुक्त रूप से 09 मार्च को शाम 4.30 बजे रंग उत्सव जुलूस, होली मिलन कार्यक्रम प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गढ़ा मेन रोड ब्रिज बाइक सेंटर कमला नेहरू नगर कार्यालय से प्रारंभ होगा जो सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों से होते हुए रेलवे क्रॉसिंग, लेबर चौक, यादव कॉलोनी, दया नगर चौक, गुप्ता स्वीट पहुंचकर संपन्न होगा। व्यापारियों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष धनंजय वाजपेई, अखिलेश मेहता, विजय गुप्ता, सुरेश सोनी, राकेश चक्रवर्ती, डॉक्टर अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, रावेंद्र तिवारी, सुधाकर मिश्रा, निशांत शर्मा, महेश मिश्र, सीताराम कुरचानिया, आनंद मोहन शर्मा, विजय साहू, अंकित गुप्ता, रितेश पांडे, रवि ताम्रकार, विकास सेन, राहुल सेन, आनंद गुप्ता, विकास नरवरिया, सुरेंद्र असाटी, संतोष गुप्ता, विवेक कोहली, कपिल कोहली, सुश्री कामिनी जायसवाल, दौलत श्रेष्ठ ने की है।

स्वर्ण पदक विजेता शौर्य विरहा का अधिवक्ता मिलन समारोह में किया गया सम्मान

जबलपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित तीसरी ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाले होनहार खिलाड़ी शौर्य विरहा को जबलपुर में आयोजित अधिवक्ता मिलन समारोह में मंचासीन महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू), पूर्व न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय श्रीमती अंजली पालो, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट ज्योति रॉय ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर गौरवपूर्ण सम्मान दिया गया।

प्रतियोगिता में शौर्य विरहा ने 14 वर्ष आयु वर्ग एवं -40 किलोग्राम वजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने परिवार, शहर और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि पर अधिवक्ता समाज में हर्ष का वातावरण देखा गया।

शौर्य विरहा, अधिवक्ता बलराज विरहा एवं शालिनी विरहा के सुपुत्र हैं। वे एडवोकेट जयराज चौधरी के मार्गदर्शन में नियमित रूप से ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनके अनुशासन, परिश्रम और कोच के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की।

अधिवक्ता मिलन समारोह का आयोजन जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर की उपाध्यक्ष एडवोकेट ज्योति रॉय के नेतृत्व में किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी ने शौर्य विरहा को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वक्ताओं ने कहा कि खेलों में युवाओं की भागीदारी से आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। शौर्य विरहा की यह सफलता अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

महज़ 8 वर्ष की ज़ामिया ने रखा अपना पहला रोज़ा

जबलपुर। रमज़ान शरीफ़ के पाक महीने में जहां बड़े लोग इबादत में मशगूल हैं, वहीं छोटे बच्चे भी रोज़ा रखकर अल्लाह की इबादत की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश के मीडिया प्रभारी अरशद क़ादरी की साहिबज़ादी ज़ामिया क़ादरी ने महज़ 8 वर्ष की उम्र में अपना पहला रोज़ा रखा।ज़ामिया क़ादरी के पहले रोज़े को लेकर परिवार और रिश्तेदारों में खुशी का माहौल देखा गया। सुबह सहरी के समय से ही उन्होंने बड़े उत्साह के साथ रोज़ा रखा और दिनभर सब्र के साथ इबादत में लगी रहीं। शाम को अज़ान के साथ उन्होंने अपना रोज़ा इफ्तार किया।परिवार के लोगों ने बताया कि छोटी उम्र में रोज़ा रखना बच्चों के अंदर सब्र, अनुशासन और इबादत की भावना को मजबूत करता है। ज़ामिया क़ादरी के पहले रोज़े पर परिजनों और परिचितों ने उन्हें दुआएं और मुबारकबाद दी।

घनघोरिया परिवार ने 18वें रोजा पर कराया अफ्तार

जबलपुर। घनघोरिया परिवार द्वारा 18वां रोजा अफ्तार मैदान मस्जिद छुट्टू मियाँ की तलैया, खटीक मोहल्ला, जवाहरगंज वार्ड में हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा सिद्दकी मुफ्ती-ए-आजम एवं मौलाना कौशर रब्बानी साहब के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि मेरे परिवार के द्वारा 36 वर्षों से लगातार इसका आयोजन किया जा रहा है। देश, प्रदेश, शहर में अमन, शांति एवं सद्भावना के लिए दुआ मांगी गई। इस रोजा अफ्तार में सभी जाति, धर्म के लोगों ने हिस्सा लिया।रोजा अफ्तार में दिनेश यादव, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, (म.प्र.अ.यु.का) यश घनघोरिया, कदीर सोनी, भूरे चच्चा, मतीन अंसारी, आजम अली खान, जय घनघोरिया, (पार्षद) अमरीश मिश्रा, गुलाम हुसैन, याकूब अंसारी, कलीम खान, राकेश पाण्डे, प्रमोद पटैल, गुड्डू नवी, अयोध्या तिवारी, अभिषेक चंदेल, राजेश यादव, वकील अंसारी, जतिन राज, इश्तियाक अंसारी, डॉ. रमाकांत रावत, ताहिर अली, राजू लईक, हामिद मंसूरी, रमेश बड़कुल, दीना जैन, अनुराग गढ़ावाल, बंटी यादव, फिरोज ठाकरे, राशिद खान, पप्पू भाई, रिजवान भाई, मुन्नू पण्डा, अस्सू खान, अंजुमन छुट्टू मियां की तलैया सहित हजारों की तादात में शामिल हुए।

महिला दिवस पर कैंसर और थैलेसीमिया जागरूकता कार रैली निकली

जबलपुर। समाज में कैंसर और थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जीतो लेडीज़ विंग, जबलपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष अवेयरनेस कार रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से शहरवासियों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए समय रहते जांच और उपचार के लिए प्रेरित किया गया।

रैली का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं यामिनी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में 150 से ज्यादा कारों ने भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शहर में विभिन्न स्थानों से गुजरकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। रैली के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में मेडिकल विशेषज्ञों द्वारा ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर विषय पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. श्रद्धा पाठक, डॉ. राखी बाजपेई, डॉ. निधि जैन एवं डॉ. रीति सेठ ने महिलाओं को इन बीमारियों के शुरुआती लक्षण, समय पर जांच की आवश्यकता, बचाव के उपाय और उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

जीतो लेडीज़ विंग की अध्यक्षा विनीता बड़कुल और सचिव नीलिमा जैन ने बताया कि इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा कैंसर और थैलेसीमिया जैसी बीमारियों की समय रहते पहचान और बचाव के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन में जीतो जबलपुर चैप्टर, यूथ विंग और सक्षम संगठन का भी सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 आयोजित

जबलपुर। रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा रेलवे ग्राउंड में चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे के मुखिया महानिरीक्षक राजीव यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में विभिन्न सुरक्षा बलों की कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता के सभी मैचों का पहली बार यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है, जिससे खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों के परिजन घर और कार्यस्थल से भी मैचों का आनंद ले पा रहे हैं। फोर्सेज के बीच आपसी तालमेल, सहयोग एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता के मुकाबले प्रथम चरण में लीग तथा उसके पश्चात नॉकआउट आधार पर खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत आज कुल तीन मुकाबले खेले गए।

पहला मैच- MPSF बनाम 54 ASC Army के मध्य खेला गया। इस मैच में 54 ASC Army ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए MPSF की टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाकर 54 ASC के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी 54 ASC की टीम सभी विकेट खोकर मात्र 120 रन ही बना सकी। इस प्रकार MPSF ने यह मुकाबला 52 रन से जीत लिया। MPSF के निर्भय ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों में 71 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दूसरा मैच- GRC Army बनाम ITBP के मध्य खेला गया। ITBP ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, किंतु GRC की सटीक गेंदबाजी के सामने ITBP की पूरी टीम मात्र 43 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में GRC Army ने यह लक्ष्य मात्र 3.5 ओवर में हासिल कर मुकाबला आसानी से अपने नाम कर लिया। GRC के मोहन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट प्राप्त किए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

तीसरा मैच- MPSF बनाम GRP के मध्य खेला गया, जिसमें GRP ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी MPSF की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में ही 133 रन बनाकर यह मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। MPSF के अमित ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 17 गेंदों में 69 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

विदित है कि इस वर्ष प्रतियोगिता में Railway Protection Force, Army Grenadiers, Jammu & Kashmir Rifles, GRP, MP Police, MPSAF Jabalpur, MPSAF Ranjhi, 54 ASC Army, ITBP तथा CISF की टीमें भाग ले रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में तीनों मैच के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्लेयर संगीता मिश्रा और अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्लेयर रंजीत बग रहीं। उपरोक्त मैच के निर्णायक असलम अली, त्रिलोक नायडू एवं प्रफुल्ल रैकवार, हसन अली रहे।

आर्य समाज का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, रंगपंचमी समारोह संपन्न

जबलपुर। आर्य समाज नेपियर टाउन में 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली पर रंगपंचमी कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें भवन एवं प्रवचनों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा ओम की ध्वनि के साथ वैदिक मंत्रों से यज्ञ में विशेष जड़ी-बूटियों से आहुति दी गई। तत्पश्चात अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया गया। कार्यक्रम में नरेन्द्र धमीजा, सोमेन्द्र माहेश्वरी, डॉ. कु. अरुण सिंह, उमेश सिंह, देवेन्द्र माहेश्वरी, पीयूष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला आज

जबलपुर। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत संभाग स्तरीय विषय वक्ता कार्यशाला सोमवार 09 मार्च को संभागीय भाजपा कार्यालय रानीताल में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित की गई है। कार्यशाला को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, गुजरात प्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री रत्नाकर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री एवं वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। कार्यशाला में जबलपुर, रीवा, शहडोल एवं छिंदवाड़ा संभाग के कुल 19 जिलों के 400 से अधिक विषय वक्तागण शामिल होंगे। विषय वक्ता कार्यशाला में पूर्वान्ह 11 बजे पंजीयन होगा, दोपहर 12:30 बजे उद्घाटन सत्र होगा, उद्घाटन सत्र में सभी वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, इसके पश्चात विभिन्न सत्रों में विषय से संबंधित वक्ता कार्यशाला को सम्बोधित करेंगे।विषय वक्ता कार्यशालाओं में प्रदेश पदाधिकारी, प्रशिक्षण महाअभियान की प्रदेश टोली, संभाग प्रभारी, प्रशिक्षक विषय वक्ता, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, संभाग प्रशिक्षण प्रभारी, जिला प्रशिक्षण टोली के चार सदस्य सहित जिला विषय वक्तागण शामिल रहेंगे।

CHANGE OF DATE OF BIRTH

I, ASHOK KUMAR DASH Father of JC 735090X Rank NB SUB TRADE SKT GS 8C NAME JYOTI RANJAN DASH Presently Residing at- MCMM JABALPUR M.P., I have changed of my date of birth 15/08/1955 (date of birth as per my son army service records) to 23/07/1958 (date of birth as per my AADHAR CARD) vide Affidavit dated in 07/03/2026 format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.

CORRECT DATE OF BIRTH 23/07/1958
INCORRECT DATE OF BIRTH 15/08/1955

नाम सुधार सूचना

मैं पूजा भाटिया पति श्री गौरव भाटिया उम्र 40 वर्ष यह घोषणा करती हूं कि मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम पूजा रानी डडवाल था। जो कि मेरे अंकसूची में भी दर्ज है विवाह उपरांत मेरा नाम बदलकर पूजा भाटिया हो गया है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है यह की पूजा रानी डडवाल एवं पूजा भाटिया यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही है अतः मुझे मेरे सही नाम पूजा भाटिया के नाम से जाना पहचाना एवं दर्ज किया जाए।
नया नाम - पूजा भाटिया
पुराना नाम - पूजा रानी डडवाल
पता - म. न. 1100/1, भाटिया रेसीडेंसी, कृष्णा कॉलोनी, सुहागी अधारताल ,जबलपुर।

खबर संक्षेप

राजपूताना स्टेनलेस का आईपीओ आज खुलेगा

नई दिल्ली। राजपूताना स्टेनलेस लिमिटेड ने ऑफिशियली अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग की घोषणा की है। कंपनी का लक्ष्य इस आईपीओ के जरिए कैपिटल मार्केट से लगभग 254.98 करोड़ रुपए जुटाना है। राजपुताना स्टेनलेस का आईपीओ 9 मार्च 2026 (सोमवार) को इन्वेस्टमेंट के लिए खुलेगा और 11 मार्च 2026 (बुधवार) को बंद होगा।

नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा पेश

गुरुग्राम। सैमसंग ने अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा पेश किया है। इस स्मार्टफोन में दिया गया नया प्राइवेसी डिस्प्ले फीचर पूरी टेक दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है और इसे हर तरफ से काफी सराहना मिल रही है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओजेबी पार्क ने कहा कि यह उद्योग में अपनी तरह का पहला फीचर है, जो स्मार्टफोन इंडस्ट्री में प्राइवेसी के एक नए दौर की शुरुआत करता है।

एचईसी इंफ्रा को 100 करोड़ रु.का वर्क ऑर्डर

अहमदाबाद। ईएचसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी को दक्षिण गुजरात विज कंपनी लिमिटेड से लगभग 100 करोड़ रुपए का वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स लिमिटेड के साथ जॉइंट वेंचर में प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर अब तक ईएचसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को मिला सबसे बड़ा ऑर्डर है।

सैनी ने एकेडमी में दिया ट्रेनिंग बैच को सहयोग

हैदराबाद। सैनी इंडिया ने आंध्र प्रदेश के नेशनल एकेडमी ऑफ कंस्ट्रक्शन में पहली बार पूरी तरह महिलाओं की एक्सकेवेटर ऑपरेटर ट्रेनिंग बैच को संभव बनाया है। 22 महिला प्रशिक्षुओं के इस अग्रणी बैच ने मार्च 2026 में सफलतापूर्वक अपना प्रमाणन पूरा किया। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ मेल खाती है और इस कार्यक्रम के मजबूत महिला सशक्तिकरण उद्देश्य को और भी मजबूती देती है।

हिंदी जी5 ने डेटिंग सीरीज का ट्रेलर लांच किया

मुंबई। हिंदी जी5 ने अपनी नॉन-फिक्शन रियलिटी डेटिंग सीरीज अंधा प्यार 2.0 का आधिकारिक ट्रेलर लांच कर दिया है। यह ट्रेलर दर्शकों को एक साहसी सामाजिक प्रयोग की झलक देता है, जो आधुनिक रोमांस के नियमों को नए तरीके से पेश करता है। उच्च-ऊर्जा से भरा यह ट्रेलर तेज ह्यूमर, बेबाक बातचीत और अप्रत्याशित मोड़ों से भरपूर है, जो एक ऐसा सीजन पेश करता है जो मजेदार होने के साथ-साथ ईमानदार और पूरी तरह से फिल्टर-रहित है।

महिला दिवस पर सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स का 'शेप ऑफ यू एआई' एप लांच, नए युग में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलकाता

यह नवाचार तकनीक को व्यक्तिगत स्टाइलिंग के साथ सहजता से जोड़ता है

सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स जिसका विश्वास का 85 वर्षों से अधिक का इतिहास है ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'शेप ऑफ यू एआई' एप्लिकेशन लांच कर रहा है। परिष्कृत कारीगरी, डिजाइन की अखंडता और भारतीय सौंदर्यशास्त्र की गहरी समझ पर आधारित सेंको की विरासत अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है जहां डिजाइन की बुद्धिमत्ता व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि से मिलती है। महिला दिवस पर 'शेप ऑफ यू एआई' सेंको की पहली विशेषज्ञ-नेतृत्व वाली स्टाइलिंग पहल है, जो ग्राहकों के चेहरे की अनूठी बनावट और प्राकृतिक विशेषताओं के अनुरूप आभूषण चुनकर उनके आभूषणों के चयन के तरीके को पुनर्परिभाषित करती है। इस विश्वास पर आधारित कि हर चेहरा अद्वितीय होता है और इसलिए उसे सुशोभित करने वाले आभूषण भी अद्वितीय होने चाहिए । यह नवाचार तकनीक को व्यक्तिगत स्टाइलिंग के साथ सहजता से जोड़ता है। यह ग्राहकों को ऐसे डिजाइन खोजने में सक्षम बनाता है जो वास्तव में उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं। सेन्को की यह समझ इसके मूल में है कि आज आभूषण केवल एक आभूषण नहीं, बल्कि पहचान और स्वयं की अभिव्यक्ति है।

महिलाओं के पहनावे को निखारने के लिए आभूषणों का चुनाव

अब सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स महिलाओं को ऐसे आभूषण चुनने के लिए आमंत्रित करता है जो उनके व्यक्तित्व को निखारें। पेश है 'शेप ऑफ यू एआई', एक सहज स्टाइलिंग फिलॉसफी जो तकनीक द्वारा संचालित है और आभूषणों की खोज के तरीके को फिर से परिभाषित करती है, प्रत्येक चेहरे की अनूठी बनावट और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए। ₹द शेप ऑफ यू₹ के साथ, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स पारंपरिक स्टाइलिंग मानदंडों से आगे बढ़कर, फैशन के बजाय महिला को डिजाइन के केंद्र में रखता है। यह फीचर अब चुनिंदा, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स शोरूम और सेंको ऐप पर उपलब्ध है, जो महिलाओं को अधिक आत्मविश्वासपूर्ण और सोच-समझकर आभूषण चुनने का तरीका प्रदान करता है। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स की मार्केटिंग और डिजाइन निदेशक एवं प्रमुख, जोइता सेन ने कहा कि 'शेप ऑफ यू एआई' का विचार डिजाइन की सहज समझ द्वारा संचालित तकनीक के साथ व्यक्तिगत पहचान को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया था। यह महिलाओं की मदद करने के लिए एक नवाचार है।

महिला दिवस : मुथूट समूह ने महिलाओं को समर्पित एक भावनात्मक फिल्म पेश की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महिला दिवस के अवसर पर मुथूट समूह ने उन असाधारण महिलाओं को समर्पित एक भावनात्मक फिल्म प्रस्तुत की है, जो चुपचाप हमारे दैनिक जीवन को शक्ति प्रदान करती हैं। इस फिल्म के माध्यम से मुथूट ग्रुप ने परिवार और कार्यस्थल दोनों को समान रूप से संवारने में महिलाओं की अमूल्य भूमिका को स्वीकार किया है।

यह फिल्म उन महिलाओं के अक्सर अनदेखे और निरंतर प्रयासों को उजागर करती है, जो घर, परिवार की देखभाल और पेशेवर जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाते हुए हर दिन जीवन को सुचारु रूप से आगे बढ़ाती हैं। इसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अचानक खुद को उन दैनिक जिम्मेदारियों का अनुभव करते हुए पाता है, जिन्हें सामान्यतः उसके जीवन की महिला निभाती है। मुथूट समूह, संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा कि इस सरल लेकिन प्रभावशाली कहानी के माध्यम से यह फिल्म उन अदृश्य प्रयासों, भावनात्मक शक्ति और समर्पण को स्वीकार करती है, जो महिलाएं अपनी दैनिक भूमिकाओं में लाती हैं। हमारे संगठन में 11,500 से अधिक महिलाएं समर्पित रूप से कार्य कर रही हैं, जो हमारी कुल कार्यबल का लगभग 22 फीसदी हैं। यह और भी प्रेरणादायक है कि हमारे संगठन में महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिकाएं भी संभाली हैं जहां 1,175 से अधिक महिलाएं शाखा प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं, जबकि कई अन्य विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण नेतृत्व पदों पर योगदान दे रही हैं। मुथूट फाइनेंस को फिक्की महिला सशक्तिकरण पुरस्कार भी 2024 और 2025 में प्राप्त हुआ है। एक ऐसे उद्योग में जहां वित्तीय सेवाएं अक्सर केवल लेन-देन तक सीमित लग सकती है। मुथूट समूह का मानना है कि लोगों से जुड़ने का सबसे प्रभावी तरीका अर्थपूर्ण कहानियां हैं, जो वास्तविक जीवन के अनुभवों को दर्शाती हैं। महिलाओं की रोजमर्रा की शक्ति और धैर्य का उत्सव मनाकर, समूह अपने दर्शकों के साथ एक गहरा भावनात्मक संबंध स्थापित करना चाहता है।

तीन दिवसीय ग्लोबल स्ट्रेटेजिक कॉन्क्लेव 11 से, जुटेंगे दुनिया के टॉप सैन्य और नीति दिग्गज,अहम मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कॉन्क्लेव की जानकारी देते हुए

तीन दिवसीय ग्लोबल स्ट्रेटेजिक कॉन्क्लेव 11 से 13 मार्च के बीच नई दिल्ली में आयोजित होगा। जिसमें देश और दुनिया के बड़े नीति निर्माता, सैन्य अधिकारी, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट और उद्योग जगत के नेता शामिल होंगे। इसका फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और वैश्विक रणनीति जैसे अहम मुद्दों पर रहेगा। आयोजन का उद्देश्य सिर्फ चर्चा तक सीमित नहीं है, बल्कि नीति निर्माण और भविष्य की रणनीति को दिशा देना है। यह कार्यक्रम नीति निर्माताओं को एक साझा मंच देगा। सिनर्जिया फाउंडेशन के फाउंडर और प्रेसिडेंट टोबी सिमोन ने कॉन्क्लेव को लेकर बताया कि हम ऐसे दौर में प्रवेश कर रहे हैं जहां टेक्नोलॉजी और बदलाव की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। एआई, एनर्जी ट्रांजिशन और जियो-इकोनॉमिक बदलाव, संस्थानों की क्षमता से भी तेज आगे बढ़ रहे हैं।

रणनीतिक समाधान को तैयार

उन्होंने आगे कहा कि रणनीतिक बढ़त केवल भविष्य की भविष्यवाणी से नहीं मिलेगी, बल्कि मजबूत और भरोसेमंद सिस्टम तैयार करने से मिलेगी। सिनर्जिया कॉन्क्लेव का मकसद चर्चा से आगे बढ़कर एक्शन पर फोकस करना है। इस कॉन्क्लेव का आयोजन सिनर्जिया फाउंडेशन कर रही है, जो बेंगलुरु स्थित एक स्ट्रेटेजिक थिंक टैंक है। यह संस्था सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और वैश्विक नीति से जुड़े मुद्दों पर काम करती है और सरकार, उद्योग और विशेषज्ञों के साथ मिलकर रणनीतिक समाधान तैयार करती है।

मोटोरोला का एज 70 फ्यूजन 24,999 रु. की कीमत में लांच

नई दिल्ली। मोटोरोला ने मिड-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में मोटोरोलाएज 70 फ्यूजन लांच किया। इस डिवाइस में कैमरा में महत्वपूर्ण इनोवेशन, शानदार विजुअल्स और नेक्स्ट-जेन ऑन-डिवाइस एआई को पेश किया गया है। दुनिया का पहला 50एमपी सोनी लिटिया710 सेंसर, लग्जरी फैब्रिक फिनिश और पावर-पैक्ड 7000एमएएच बैटरी, 24,999 रुपये की कीमत में मिलेगा।

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य ने की आईएमसी 2026 की घोषणा

100 से अधिक देशों से नीति निर्माता, उद्योगपति वैश्विक उपक्रम, स्टार्टअप्स और निवेशक होंगे शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एमडब्लूसी बार्सीलोना के मंच पर

एमडब्लूसी बार्सीलोना में विश्व मंच पर भारत सरकार के संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नई दिल्ली में 7 से 10 अक्टूबर 2026 तक होने वाले एशिया के सबसे बड़े डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 की घोषणा की। भारत सरकार के संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा आयोजित आईएमसी 2026 में 100 से अधिक देशों से नीति निर्माता, उद्योगपति, वैश्विक उपक्रम, स्टार्टअप्स और निवेशक शामिल होंगे।

गठबंधन के तहत जीएसएमए बोर्ड अपनी वैश्विक विशेषज्ञता का लाभ देते हुए और इस फोरम की वैश्विक पहुंच मजबूत करते हुए आईएमसी 2026 में प्रतिभाग करेगा। आईएमसी और जीएसएमए ने एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर कियाजो आईएमसी 2026 की वैश्विक पैठ बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय उद्योग का प्रतिभाग मजबूत करने और उभरती वैश्विक दूरसंचार प्राथमिकताओं के साथ नीति और प्रौद्योगिकी संवाद को आगे बढ़ाने के लिए रणनीतिक गठबंधन प्रगाढ़ करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहाकि विश्व में भारत दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार है जो 1.2 अरब नागरिकों को जोड़ रहा है और जहां विश्व में सबसे तेजी से 5जी लागू किया गया है और 10 वर्षों में औसत मोबाइल डेटा खपत करीब 400 गुना बढ़ी है। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जिसने अपना स्वयं का देशज, क्लाउड नेटिव 4जी स्टैक विकसित किया है, 5जी की ओर अपग्रेड करने योग्य है।

सिग्निफाई ने फिलिप्स अल्ट्राशाइन रेंज पेश की

नई दिल्ली। सिग्निफाई ने फिलिप्स अल्ट्राशाईन रेंज पेश की, जो हर वॉट में 150 ल्युमन की सबसे बेहतर एफिशियंसी देने के लिए बनाई गई है। सिग्निफाई की इस रेंज ने लाईटिंग परफॉर्मेंस के मानक बढ़ा दिए हैं। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाली यह रेंज आधुनिक जगहों के लिए डिज़ाईन की गई है, जो काफी ज्यादा ब्राईटनेस और एफिशियंसी प्रदान करती है। कंपनी के कंज्यूमर बिज़नेस हेड,सी अरुण कुमार ने कहाकि हमारी फिलिप्स अल्ट्राशाईन रेंज लाईटिंग परफॉर्मेंस की सीमाओं को बढ़ाते रहने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। 150 ल्युमन प्रति वॉट की एफिशियंसी के साथ यह रेंज ब्राईटनेस में एक नया मानक स्थापित कर रही है, तथा आधुनिक डाउनलाईटिंग से यूज़र्स की अपेक्षाओं को बढ़ा रही है।

- अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाली यह रेंज

रिलायंस फाउंडेशन की पहल को आईओसी की सराहना, भारत के लाखों बच्चे जुड़ रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एजुकेशन प्रोग्राम

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित एक विशेष लेख में दुनिया भर में महिलाओं द्वारा ओलंपिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के प्रयासों को रेखांकित किया है।

इस लेख में भारत में रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से चल रहे कार्यक्रम को प्रमुख उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ओलंपिक वैल्यूज एजुकेशन प्रोग्राम के माध्यम से भारत में खेल भावना, सम्मान, निष्पक्षता और टीमवर्क जैसे मूल्यों को बच्चों तक पहुंचाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2024 से अब तक यह कार्यक्रम देश के 65 हजार से अधिक स्कूलों में करीब 1.2 करोड़ बच्चों तक पहुंच चुका है। आईओसी और रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से यह पहल अब ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के समुदायों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों तक भी पहुंची है। देश के 120 आंगनवाड़ी केंद्रों में महिलाओं ने अब तक 1200 से अधिक ओवीईपी सत्र आयोजित किए हैं। लेख में मध्य प्रदेश के एक आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़ी छात्रा रूचि का उदाहरण देते हुए बताया गया है कि खेल और मूल्यों पर आधारित गतिविधियां बच्चों, खासकर लड़कियों में आत्मविश्वास और सहभागिता को बढ़ाने में मदद कर रही हैं। भारत में ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाने में नीता अंबानी की भूमिका भी उल्लेखनीय है। वह रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन होने के साथ-साथ इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की सदस्या भी हैं और खेल तथा ओलंपिक मूल्यों को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने के प्रयासों से जुड़ी रही हैं।

राशिफल

मेष — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

तुला — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

कृषि आदान विक्रेता संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन

व्यापारी संगठित नहीं हुए तो छोटे व्यापारियों के समक्ष उत्पन्न होगी व्यापार बंदी की नौबत

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

कृषि आदान विक्रेता संघ ने जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में व्यापारियों को वर्तमान व्यापारिक परिस्थितियों, शासन के नए नियमों तथा संगठन की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत, प्रदेश सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण दुबे, प्रदेश सदस्यता प्रभारी विनोद जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

संगठित शक्ति ही व्यापारियों के अधिकारों की कर सकती है रक्षा : मानसिंह

प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने कहा कि वर्तमान समय में शासन द्वारा व्यापार से संबंधित कई सख्त कानून लागू किए जा रहे हैं, जिनके कारण व्यापारियों को भविष्य में कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते व्यापारी संगठित नहीं हुए तो छोटे व्यापारियों के सामने व्यापार बंद होने जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इन परिस्थितियों में संगठित शक्ति ही व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा कर सकती है।

ऑनलाइन व्यापार से लेन-देन बंद करें : रघुवंशी

राष्ट्रीय प्रवक्ता मध्य प्रदेश के प्रांतीय सचिव संजय रघुवंशी ने सम्मेyन मौजूद सभी व्यापारियों से कहा कि वह संगठन के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें, ऑनलाइन व्यापार से लेन-देन बंद करें और जिला संगठन, प्रदेश संगठन एवं राष्ट्रीय संगठन को मजबूत करें, तभी भविष्य में कृषि व्यापार को करना संभव होगा, वरना व्यापार बंद करना पड़ेगा। रघुवंशी ने खाद बीज एवं कीटनाशक के नमूने फेल होने पर व्यापारियों की बचाव के उपाय एवं अन्य कानून की जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया संगठन एवं प्रदेश संगठन द्वारा पिछले 7 सालों में जो कार्य किए गए हैं वह आगे भी जारी रहेंगे।

डीएसपी म्यूचुअल फंड सर्वेक्षण: अधिकांश महिलाएं लेती हैं स्वतंत्र निवेश का निर्णय

एजेंसी ⏭ मुंबई

डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने यूगो के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी म्यूचुअल फंड सर्वेक्षण 2025–26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्र व्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है। अब अधिकांश महिलाएं (56 फीसदी) कहती हैं कि वे 2022 में 44 फीसदी से तेज़ी-से निवेश निर्णय करती हैं, जो अध्ययन में दर्ज सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन है। जबकि पुरुष 68 फीसदी पर नेतृत्व करना जारी रखे हुए हैं, महिलाओं के बीच ऐक्सीलरेशन इंक्रीमेंटल भागीदारी के बजाय संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत देता है

शब्द पहेली - 6159



बाएँ से दाएँ
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

ऊपर से नीचे
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

शब्द पहेली- 6158 का हल

	सो	नि	या	गां	धी		म	हा	न	ता
खा	ना		प		र	क्ष	क		म	ल
ना		म	न	सि	ज		र	ग		मे
ब	ला	त			वा	दा		म	ह	ल
दो		दा		क	ला		आ		व	
श	य	न	क	क्ष		दि	शा	ही	न	ता
	म		प		ह	ल		न		क
का	ज	ल		शा	म			त	ह	त
म		त	य		व	फा	दा	र		व
चो	र		की	म	त		म		का	र
र	म	जा	न		न	य	न	ज	ल	

सूडोकु नवताल - 6169

कठिनतम

		4			9			
	2			8	4			
8						3		
							9	4
	3						7	
5	6							
		7						9
			2	5			8	
			6			2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6168 का हल

5	9	1	2	8	4	3	6	7
6	4	2	3	5	7	9	1	8
8	3	7	9	6	1	4	2	5
4	7	5	8	2	6	1	9	3
3	6	9	7	1	5	8	4	2
1	2	8	4	3	9	7	5	6
7	5	6	1	9	8	2	3	4
9	8	3	5	4	2	6	7	1
2	1	4	6	7	3	5	8	9

अल्लू अर्जुन की सिक्योरिटी ने जूनियर एनटीआर के बॉडी डबल को दिया धक्का

मुंबई। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी के रिसेप्शन का एक वायरल वीडियो चर्चा में है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ आए सिक्योरिटी वालों को भीड़ में एक आदमी को धक्का देते हुए देखा गया। बाद में उस आदमी की पहचान ईश्वर हैरिस के तौर पर हुई। हैरिस को इंडस्ट्री में जूनियर एनटीआर का बॉडी डबल माना जाता है। हैरिस ने सोशल मीडिया पर लिखा 'हम उसी समय अंदर जा रहे थे, जब अल्लू अर्जुन अ दर आ रहे थे। जब वह तस्वीरें क्लिक करने के लिए स्टेज के पास आ रहे थे, तो उनके बाउंसरों को लगा कि मैं उनके पास फोंटो लेने आ रहा हूं या कैमरा ब्लॉक कर सकता हूं। इसलिए उन्होंने मुझे रोक दिया।'

लाइफ Style

प्रियंका

खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं

हाल ही में गोइंग रोग पॉडकास्ट में प्रियंका ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि वह बचपन में खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं, लेकिन उन्हें अपनी स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने बताया कि 90 के दशक में स्कूल के दिनों में उनका लुक काफी ट्रेंडी हुआ करता था-फ्लेयर्ड जींस, क्रॉप टॉप और बेली बटन पियर्सिंग। उसी दौरान एक बार उनका पियर्सिंग बंद हो गया, तो उन्होंने उसे दोबारा खुद ही कर लिया। प्रियंका ने हंसते हुए कहा, 'मैंने एक बार कैब के पीछे बैठकर अपना बेली बटन फिर से पियर्स कर लिया था। उस समय हम 90s में यही सब करते थे।'उन्होंने यह भी बताया कि उस समय उन्हें फैशन की ज्यादा समझ नहीं थी, लेकिन उन्हें यह पता था कि किस तरह के कपड़े और स्टाइल उन पर अच्छे लगते हैं।

प्रियंका ने अपने मिस इंडिया और मिस वर्ल्ड के दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जब वह मिस इंडिया प्रतियोगिता में गईं तो उन्होंने पहले कभी मॉडलिंग नहीं की थी, इसलिए शुरुआत में सब कुछ उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आई थीं। यह अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। प्रियंका चोपड़ा जल्द ही राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आने वाली हैं। यह 7 अप्रैल, 2027 को रिलीज होने वाली है। वह वेब सीरीज 'सिटाडेल 2' में भी नजर आने वाली हैं।

हॉलीवुड मसाला

जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं स्टेफनी

लॉस एंजिल्स। यूट्यूब पर जेफ निपर्ड अपनी फिटनेस वीडियो के लिए मशहूर रहे, उनके मिलियन में फॉलोअर्स हैं। हाल ही में जेफ निपर्ड की मंगेतर डॉ. स्टेफनी बटरमोर का निधन हो गया है। जेफ गहरे सदमे में हैं। जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं, स्टेफनी जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं। स्टेफनी को उनके प्यार और दयालु व्यवहार के लिए याद किया जाएगा। वह ओवेरियन कैंसर पर **PhD** रिसर्च कर रही थीं, इसके लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। हम आपसे जेफ की प्राइवेसी को बरकरार रखने की उम्मीद करते हैं।

पीटर जैक्सन पाम डी ओर से होंगे सम्मानित

लॉस एंजिल्स। न्यूजीलैंड के प्रशंसित फिल्म निर्माता-निर्देशक और स्क्रिप्ट राइटर पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। ऑस्कर विजेता पीटर जैक्सन को 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' को बड़े पर्दे पर लाने के लिए जाना जाता है। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही वो इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं। पीटर जैक्सन को यह सम्मान 12 से 23 मई तक चलने वाले 79वें कान फिल्म महोत्सव में प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीटर जैक्सन ने इसे अपने कॅरियर के सबसे यादगार पलों में से एक बताया। निर्देशक ने कहा, 'कान में मानद पाम डी'ओर से सम्मानित होना मेरे करियर के सबसे बड़े सौभाग्य में से एक है।

सलमान की हीरोइन बनेंगी नयनतारा

मुंबई। सलमान खान अब साउथ की सुपरस्टार नयनतारा के साथ स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। हाल में खबर सामने आ रही है कि डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली के साथ बन रही फिल्म में ये जोड़ी नजर आने वाली है। बॉलीवुड एक्टर सिकंदर जैसी फिल्म के बाद एक बड़ी हिट की तलाश में हैं। बैटल ऑफ गलवान के अलावा कई अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहे हैं। इसके अलावा उनके पास कई बड़ी फिल्मों की स्क्रिप्ट हैं। इसमें से एक साउथ डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली की अगली बड़े स्केल की फिल्म है। रिपोर्ट की माने तो वामशी सलमान के साथ एक बड़ी एंटरटेनर फिल्म बना रहे हैं जिसकी हीरोइन नयनतारा हो सकती हैं। सलमान और नयनतारा की जोड़ी फैंस को पसंद आने वाली है। साल 2023 में आई फिल्म जवान में नयनतारा को शाहरुख खान के साथ रोमांस करते हुए देखा था।

शेरनियों के बिना सिंघम कुछ नहीं: अजय

मुंबई। अजय देवगन ने अपने जीवन की महिलाओं के लिए एक इमोशनल पोस्ट शेयर करके सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत लिया। एक्टर ने अपनी पत्नी काजोल, बेटी नीसा देवगन, सासु मां तनुजा और परिवार के बाकी सदस्यों की कुछ खास तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपनी 'शेरनियां' बताया। उनके कैप्शन में लिखा था, 'यह सिंघम अपनी शेरनियों के बिना कुछ भी नहीं है,' इस एक लाइन पर ही उनके चाहने वाले फिदा हो गए हैं। पहली तस्वीर में काजोल, तनीषा मुखर्जी, तनुजा और अजय की मां वीना देवगन के साथ एक प्यारा फैमिली मोमेंट दिखाया गया है। सभी महिलाएं सजी-धजी कैमरे के सामने पोज दे रही हैं, जिनमें प्यार प्यार दिख रहा है। यह तस्वीर परिवार की पीढ़ियों के बीच मजबूत बंधन को दिखाती है।

टीवी मसाला

एल्विश ने जिया शंकर को रोमांटिक अंदाज में किया प्रपोज

नई दिल्ली। एल्विश यादव और जिया शंकर की सगाई और शादी की खबरें पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। लेकिन अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि एल्विश ने जिया को प्रपोज किया है। एल्विश के प्रपोजल को जिया ने एक्सेप्ट भी कर लिया है। लेकिन क्या यह सच है? क्योंकि जिया ने पहले बताया था कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। तो अब क्या चल रहा है? दरअसल, रियलिटी शो एंगेज्ड सीजन 2 के हालिया एपिसोड में एल्विश ने एक घुटने पर बैठकर, हाथ में लाल गुलाब लेकर जिया को प्रपोज किया। एल्विश ने जिया से पूछा, 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' इस पर जिया ने जवाब दिया, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं और तुमसे शादी करूंगी।'दोनों का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बाद कई फैंस दोनों को बधाई भी दे रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह प्रस्ताव शो के लिए रचा गया था। कहानी में आगे क्या होता है, यह जानने के लिए दर्शकों को आगामी एपिसोड का इंतजार करना होगा। इससे पहले फ्री प्रेस जर्नल के साथ बातचीत में जिया शंकर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में बात की थी। हालांकि, उन्होंने उसका नाम नहीं बताया था। एल्विश के साथ अपनी सगाई की प्रमोशनल पोस्ट से मचे बवाल पर टिप्पणी करते हुए जिया ने कहा था कि उनके परिवार और उनके बॉयफ्रेंड के परिवार दोनों को इस दृश्य की जानकारी थी। इसलिए किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।

पोद्दार हाउस में अभिरा की होगी वापसी

नई दिल्ली। स्टार प्लस के पॉपुलर शो में से एक माना जाने वाला ये रिश्ता क्या कहलाता है में अब तक का सबसे बड़ा धमाका होने वाला है. फैंस को शो में इस ट्रैक का काफी दिनों से इंतजार था. ये रिश्ता के लेटेस्ट एपिसोड में देखने को मिला था कि अस्पताल के बेड पर बड़ी दादी सा ने अभिरा से घर वापसी की बात कही थी। दादी सा ने कहा था कि अभिरा के बिना परिवार एकदम अधूरा है. कावेरी पोद्दार की ये सारी बातें अभिरा चुपचाप सुन लेती है. दादी सा अपनी आखिरी इच्छा जाहिर करते हुए कहती हैं कि लड़की वापस आ जा, यही मेरी आखिरी इच्छा है. शो के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अभिरा ना सिर्फ पोद्दार हाउस में वापस आएगी। बल्कि, अपने स्वैग से अरमान और विद्या के भी होश उड़ा देगी. शो का जो लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है उसमें देखने को मिला कि दादी सा अब घर आ चुकी हैं. ऐसे में पोद्दार परिवार के लोग उनके स्वागत में लग जाते हैं। वहीं, अरमान अपनी दादी की आरती उतारता है।

ऐश्वर्या और अभिषेक ने 'सलाम-ए-इश्क' गाने पर नीता अंबानी संग किया डांस

मुंबई। ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी का एक वीडियो इंटरनेट पर हर किसी का दिल जीत रहा है। तीनों एक साथ शादी में डांस कर रहे हैं। फैंस के लिए ये पल बेहद खास है। सलमान के गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर तीनों ने जमकर अपने पैर थिरकाए। ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी ने एक साथ मिलकर खूब डांस किया है। जी हां, तीनों के डांस के वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को देखकर लगता है कि यही आज का सबसे चर्चित विषय है। मुदित अडानी और अनन्या दीवानजी की शादी में नीता, ऐश्वर्या और अभिषेक के साथ मंच पर आईं और उन्होंने एक यादगार डांस परफॉर्मेंस दी, जिसने सभी लोगों और बाद में इंटरनेट यूजर्स का भी दिल जीत लिया। वीडियो में, तीनों फेमस गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं।

नई दिल्ली। 'तू खुद की खोज में निकल, तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की, समय को भी तलाश है।' तापसी पन्नू अभिनीत फिल्म पिंक में तनवीर गाजी की लिखी ये पंक्तियां महिला सशक्तीकरण की राह आम स्त्रियों को दिखाती है। इसी तरह कई महिला केंद्रित फिल्मों के संवाद भी महिलाओं को प्रेरित करते हैं, उनकी शक्ति और क्षमता का परिचय दुनिया को करवाते हैं।

डायलॉग्स ने किया प्रेरित, बड़े पर्दे पर संवाद बने महिला शक्ति का प्रतीक

पिंक ने समझाया ना का असल मतलब : साल 2016 में रिलीज हुई तापसी पन्नू स्टारर फिल्म पिंक को अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने निर्देशित किया था। फिल्म का सबसे सशक्त संवाद 'ना का मतलब ना होता है' रहा। यह डायलॉग बताता है कि एक महिला की अस्वीकृति का सम्मान किया जाना चाहिए।

गुंजन सक्सेना ने सपनों को दी उड़ान : साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल' में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। फिल्म में का यह संवाद दुनिया से लड़कर अपने सपनों को पूरा करनी की उम्मीद देता है। एक स्त्री को उसकी क्षमता से वाकिफ करता है।

दंगल ने दी लैंगिक समानता की सीख : साल 2016 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में एक पिता अपनी

बेटियों को रेसलर बनाता है। दुनिया को बताता है कि गोल्ड मेडल लड़का लाए या लड़की, मेडल तो मेडल होता है। यह फिल्म अपने इसी चर्चित संवाद के जरिए सहजता से लैंगिक समानता की सीख दर्शकों को देती है।

कभी हार ना मनाने का संदेश देती गंगूबाई काठियावाड़ी : संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी(2022)' एक वेश्या की कहानी जरूरी थी। लेकिन इस कहानी में एक स्त्री के कभी ना हार माने की क्षमता को भी बखूबी दिखाया गया। फिल्म पुरुषों को उनका कुरूप चेहरा भी दिखाती है। इस फिल्म के कई डायलॉग मशहूर हुए, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित यही डायलॉग रहा है।

थप्पड़ फिल्म ने समझाया स्वाभिमान का महत्व : साल 2020 में रिलीज फिल्म थप्पड़ में तापसी पन्नू के किरदार ने घरेलु हिंसा के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई। अनुराग सिन्हा निर्देशित इस फिल्म का यह डायलॉग एक स्त्री को उसके स्वाभिमान के प्रति जागरुक करने का काम करता है।

लापता लेडीज ने खुद से रूबरू होने की अहमियत बताई : साल 2023 में किरण राव निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाती है। साथ ही महिलाओं अपने लिए जीने की सीख भी देती है। फिल्म का यह एक डायलॉग महिला सशक्तिकरण की बात को बहुत ही सहज और सरल ढंग से कहता है।

मैरी कॉम ने ताकत पर भरोसा करना सिखाया : ओमांग कुमार निर्देशित फिल्म 'मैरी कॉम'बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम की बायोपिक थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने मैरी कॉम के संघर्ष और बॉक्सिंग चैंपियन बनने की कहानी को बहुत ही बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा। फिल्म के कई डायलॉग फेमस हुए लेकिन यह डायलॉग हर महिलाओं को बताता है कि उनके अंदर एक चैंपियन है, जिसे कभी भूल नहीं चाहिए।

बॉलीवुड हो या दर्शक इन पर कहीं ना कहीं आज भी हावी है पितृसत्तात्मक सोच

दमदार कहानी के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर कमजोर पड़ीं महिला केंद्रित फिल्में

नई दिल्ली। आधी आबादी की उपलब्धियों पर गर्व किया जाता है। देश, समाज में दिए गए योगदान को सराहा जाता है। मगर बात जब सिनेमा की आती है तो निराशा हाथ लगती है। आज भी महिला केंद्रित फिल्में अपने वजूद के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस संघर्ष के पीछे कई कारण मौजूद हैं। 'पुरुषों की दुनिया में आगे बढ़ने वाली महिला खास होती है" अमेरिकन सिंगर रिहाना का कहा गया यह कथन हिंदी सिनेमा में अब तक सच नहीं हुआ। 21वीं सदी में आकर भी दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बॉलीवुड में महिला केंद्रित कहानी अपने लिए जगह बनाने की कोशिश में लगी है। तमाम कोशिशों के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में सफलता से कोसों दूर है। ऐसा नहीं है कि महिला कलाकार या निर्देशक सार्थक प्रयास नहीं कर रहे हैं।

अस्सी और मर्दानी 3 की पहल गई बेकार

इस साल अब तक दो महिला केंद्रित हिंदी फिल्में रिलीज हुईं, तापसी पन्नू की 'अस्सी'और रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3'। दोनों ही फिल्मों में महिलाओं से जुड़े संवेदनशील विषय को उठाया गया है। फिल्म 'अस्सी'दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध पर बात करती है, वहीं 'मर्दानी 3' बच्चों की तस्करी जैसा मुद्दा उठाती है। दोनों कहानियां भीतर तक झकझोरती हैं। लेकिन, इनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखें तो पता चलता है कि दर्शक इनसे दूरी बनाकर चले।

कमजोर कलेक्शन ने तोड़ दी उम्मीदें

फिल्म 'अस्सी'ने रिलीज के 16वें दिन तक सिर्फ 10 करोड़ रुपये कमाए। वहीं रानी मुखर्जी स्टारर 'मर्दानी 3' ने 37वें दिन तक 50.36 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है। पिछले साल काजोल की फिल्म 'मां' थिएटर में रिलीज हुई। वहीं ओटीटी पर 'मिसेज' जैसी फिल्म देखने को मिली। हर साल चंद महिला केंद्रित फिल्में ही दर्शकों को देखने को मिलती हैं, ऐसे में सफलता का आंकड़ा भी सीमित है। प्रोड्यूसर अब भी वुमन सेंट्रिक फिल्मों में दावा खेलने से बचते हैं।

ये हैं प्रमुख कारण

सवाल है कि सिर्फ इस बात का अफसोस मनाया जाए कि महिला केंद्रित फिल्में दर्शकों को पसंद नहीं है तो हकीकत इसके उल्ट है। दर्शकों के लिए फिल्म सिर्फ फिल्म होती है। कंगना रनौत की फिल्म क्वीन, तनु वेड्स मनु, तापसी पन्नू की पिंक, श्रीदेवी की इंग्लिश विंग्लिश, आलिया भट्ट की राजी और गंगू बाई काठियावाड़ी और लापता लेडीज इस बात उदाहरण हैं। ये फिल्में दर्शकों को खूब पसंद आईं। अपने मैसेज को भी दर्शकों तक बखूबी पहुंचाती हैं। लेकिन, ऐसे कई कारण अब भी मौजूद हैं, जो महिला केंद्रित फिल्मों की राह को मुश्किल बनाते हैं।

फीमेल ऑडियंस का थिएटर तक ना पहुंच पाना: *आज भी आधी आबादी का एक बड़ा हिस्सा थिएटर तक पहुंच नहीं रखता है। इसके पीछे आर्थिक स्वतंत्रता की कमी एक बड़ी वजह है। महिलाओं का एक बड़ा तबका आज भी आर्थिक रूप से संपन्न होने के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में थिएटर पहुंचकर महिला केंद्रित फिल्में देखना,*

उनकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं हो पाया है।

महिला निर्देशकों को कमी: *सिनेमा जगत खासकर बॉलीवुड में धीरे-धीरे महिलाएं अभिनय के अलावा कई फील्ड में अपने लिए जगह बना रही हैं। कई महिला निर्देशक हमारे दौर में मौजूद हैं। लेकिन यह संख्या गिनती की है। आज भी महिला केंद्रित फिल्मों को पुरुष निर्देशक बनाते हैं। जब कोई पुरुष महिला विषय पर बात करेगा तो कहीं ना कहीं उतनी संवेदनशीलता पर्दे पर नजर नहीं आएगी जो दिखनी चाहिए। एक स्त्री की भावनाओं को एक स्त्री के नजरिए से जब निर्देशित किया जाएगा तो उसका असर गहरा होगा। गौरी शिंदे की फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' और किरण राव की 'लापता लेडीज' इस बात का सफल उदाहरण हैं। दोनों फिल्मों में बहुत बारीकी और गहराई से महिलाओं की सोच और भावनाओं को व्यक्त किया गया है।*

पितृसत्तात्मक सोच का हावी होना : *बॉलीवुड हो या दर्शक इन पर कहीं ना कहीं आज भी पितृसत्तात्मक सोच हावी है। एक बड़ा पुरुष वर्ग बड़े पर्दे पर महिला केंद्रित कहानी देखकर असहज हो जाता है। दरअसल, कहानी में पुरुष समाज और पितृसत्ता की सच्चाई वह देखना नहीं चाहते हैं।*

शाबाश, टीम इंडिया!

भारतीय क्रिकेट की जीत पर पीएम मोदी ने कही दिल छू लेने वाली बात

नई दिल्ली। टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त दी है। टीम इंडिया की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी टीम को बधाई दी है। पूरे देश में खुशी का माहौल है और क्रिकेट टीम को जमकर सराहा जा रहा है। भारतीय क्रिकेट टीम को जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा, शाबाश, टीम इंडिया! उन्होंने कहा, यह शानदार जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रतीक है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन किया। पीएम मोदी ने कहा, इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। शाबाश, टीम इंडिया!

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में...

भारत की जय हो!

भारत बना तीसरी बार टी20 विश्व कप विजेता

टी20 विश्व कप 2026 के खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को शानदार प्रदर्शन कर करारी शिकस्त दी। भारत ने लगातार दूसी बार टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम के जीत के हीरो रहे संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह।

अहमदाबाद। अहमदाबाद के जिस नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में भारत का विश्व विजेता बनने का सपना 3 साल पहले टूटा था उसी मैदान पर सूर्या सेना ने इतिहास रच दिया है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम को 2023 में वनडे विश्व कप के खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने हराकर करोड़ों भारतीयों का दिल चकनाचूर कर दिया था। अब इसी मैदान पर टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को हराकर टी20 विश्व कप में लगातार दूसरी बार और ओवरऑल तीसरी बार विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल कर लिया। भारत पहला देश बन गया है, जिसने न केवल अपने खिताब की रक्षा की, बल्कि अपने घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप का खिताब जीता। इससे पहले भारत ने एमएस धोनी की कप्तानी में 2007, रोहित शर्मा की कप्तानी में 2024 और अब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में 2026 में विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। एक लाख की कैपेसिटी वाले भरे स्टेडियम में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 255 रन बनाए, जो विश्व कप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर है। इसके बाद भारतीय फैंस को चुप कराने का सपना देख रही न्यूजीलैंड टीम को 19 ओवरों में 159 रनों पर आसानी से रोक दिया। इस तरह से उसने 96 रनों से जीत दर्ज की। जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवरा में 14 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि अक्षर पटेल के नाम 3 विकेट रहे। भारतीय टीम ने जैसे ही अहमदाबाद में जीत दर्ज की पूरा स्टेडियम रोशनी और पटाखों से जगमगाने लगा।

अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने दिलाई भारत को तेज शुरुआत, 98 रनों की साझेदारी

टीम इंडिया ने निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 255 रन बनाए। भारत को संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 7.1 ओवरों में 98 रन की साझेदारी की। अभिषेक 21 गेंदों में 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 52 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यहां से संजू सैमसन ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 105 रन जुटाकर टीम को 200 के पार पहुंचा दिया।

सूर्यकुमार यादव शून्य पर आउट, आखिरी ओवर में शिवम दुबे ने बरसाए रन

संजू ने लगातार तीसरी पारी में अर्धशतक लगाया। खिताबी मैच में उन्होंने 46 गेंदों में 8 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 89 रन बनाए। टीम इंडिया को 16वें ओवर की पहली गेंद पर सैमसन के रूप में दूसरा झटका लगा। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर ईशान (54) और अंतिम गेंद पर कप्तान सूर्यकुमार यादव (0) भी पवेलियन लौट गए। ईशान ने 25 गेंदों में 4 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 54 रन बनाए। टीम इंडिया 204 के स्कोर तक अपने 4 विकेट खो चुकी थी। यहां से तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने हार्दिक पंड्या (18) के साथ 22 रन और शिवम दुबे (नाबाद 26) के साथ 29 रन की अटूट साझेदारी करते हुए भारत को 255 रन तक पहुंचाया, जो टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट का सबसे बड़ा स्कोर भी है। मेहमान टीम की तरफ से जेम्स नीशम ने 4 ओवरों में 46 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि रचिन रवींद्र और मैट हैनरी ने 1-1 विकेट निकाला।

संजू सैमसन, ईशान किशन और अभिषेक शर्मा की फिफ्टी

संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की तूफानी पारियों के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मैच में जीत के लिए 256 रन का विशाल टारगेट दिया। इस खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। टीम इंडिया इस मैच में बगैर किसी बदलाव के उतरी, जबकि कीवी टीम में कोल मैककोन्ची के स्थान पर जैकब डफी को शामिल किया गया।

कनाडा ने अर्जेन्टीना को हराया शेरिडन ने बचाए दो पेनल्टी शूट

एजेंसी ▶▶| हैरिसन

गोलकीपर केलेन शेरिडन ने शुरुआती दो पेनल्टी बचाई, जिससे कनाडा ने शीबिलीव्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गोल रहित ड्रॉ के बाद अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया।

जोर्डिन हुइतेमा को पहले हाफ में कनाडा की ओर से गोल दागने का स्वर्णिम मौका मिला था लेकिन अर्जेन्टीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने उनके शॉट पर हाथ मार दिया, जिसके बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। शीबिलीव्स कप के नए नियमों के अनुसार मैच में अतिरिक्त समय का खेल नहीं होता और नतीजे के लिए सीधे पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया जाता है।

शेरिडन ने अर्जेन्टीना के शुरुआती दो प्रयासों को नाकाम किया और कनाडा ने तब जीत सुनिश्चित की जब विरोधी टीम की वेनिना प्रेनिंगर का शॉट क्रॉसबार से ऊपर से बाहर निकल गया।

न्यूजीलैंड महिला टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू ने लिए 125 विकेट

ताहुहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास, खेले 103 मैच

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 15 साल तक वनडे फॉर्मेट में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी।

ताहुहू ने कहा, वनडे क्रिकेट में टीम की जर्सी पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है। एक-एक गेम खेलना अद्भुत एहसास था। वनडे क्रिकेट में 100 से ज्यादा मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना, ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। उन्होंने कहा, मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। भारत में वनडे विश्व कप 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए अपना आखिरी वनडे मैच खेलने वाली ताहुहू ने कहा कि वह टी20 के लिए उत्साहित हैं। 2011 की रोज बाउल सीरीज में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में वनडे में डेब्यू करने के बाद से, ताहुहू ने 103 वनडे में 125 विकेट लिए हैं।

4 विश्व कप खेल चुकी ताहुहु

ताहुहू ने कहा, आगे बहुत सारी रोमांचक चीजें हैं और मैं टी20 फॉर्मेट में इस टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं। 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतना एक बहुत बड़ी कामयाबी थी और मैं इस साल के आखिर में इंग्लैंड में इस टीम को अपना खिताब बचाने में मदद करने के लिए सच में प्रेरित हूं। 35 साल की पेसर उन 12 खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने कीवी महिला टीम के लिए 100 से अधिक वनडे मैच खेले हैं। ताहुहु 4 विश्व कप खेल चुकी हैं। वह लगातार टॉप 10 वनडे गेंदबाजों में शामिल रही हैं। 2023 में उन्हें आईसीसी महिला वनडे टीम ऑफ द ईयर में चुना गया था।

ली की पेस हमेशा रही ताकत

हेड कोच बेन सॉयर ने कहा, "ली 15 साल से महिला वनडे में टॉप पर हैं, जो एक तेज गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। ली की पेस हमेशा से एक ताकत रही है, लेकिन उनका प्रतियोगी स्वभाव और इस टीम को आगे बढ़ाने का जोश सबसे अलग रहा है। उन्होंने कहा, ली कुछ समय से वनडे गेंदबाजी ग्रुप की सीनियर सदस्य रही हैं और अगले चार साल के साइकिल में ग्रुप को एक बेहतरीन जगह पर छोड़ रही हैं, जो उनकी नेतृत्व का सबूत है। सॉयर ने कहा कि अपने देश के लिए वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज के तौर पर संन्यास लेने पर उन्हें गर्व होना चाहिए। टीम के लिए उन्होंने नए मानक तय किए हैं।

महिलाओं की 13 टीम पर्यटन गाइड के रूप में दे रहीं सशक्त योगदान

कान्हा टाइगर रिजर्व में महिलाएं निभा रहीं सुरक्षा की जिम्मेदारी

बालाघाट जिले में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। मध्यप्रदेश के इस जिले में स्त्री-पुरुष लिंगानुपात सर्वाधिक है, जहां प्रति 1000 पुरुषों पर 1022 महिलाएं हैं। यह सकारात्मक सामाजिक वातावरण कान्हा टाइगर रिजर्व में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी में भी परिलक्षित होता है।

हरिभूमि जबलपुर।

कान्हा टाइगर रिजर्व में महिलाएं जोखिम भरे वन कार्यों के साथ-साथ पर्यटन गाइड के रूप में भी नई पहचान बना रही हैं। मुक्की ग्राम की महिलाएं गाइड के तौर पर पर्यटकों को जंगल और वन्यजीवों की जानकारी देती हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह पहल पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान रहे इस क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है।

अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, वन क्षेत्र की निगरानी और वन्य प्राणियों की सुरक्षा का दायित्व निभा रहीं

कान्हा में महिला कर्मचारियों की एक टीम जंगल की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस टीम में खापा रेंजर संध्या देशकर, माना बीट की बीट गार्ड वनरक्षक विनीता मरावी, भैसानघाट बैरियर की वनरक्षक सोनम झारिया, और सुरक्षा श्रमिक प्रेमा यादव और विमला कुशरे शामिल हैं। ये महिलाएं टाइगर रिजर्व में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, वन क्षेत्र की निगरानी और वन्य प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दायित्व निभाती हैं।

कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद, वे पूरी लगन और साहस के साथ जिम्मेदारियां निभा रहीं

उनके दैनिक कार्यों में जंगलों में गश्त करना, बैरियर पर निगरानी रखना और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना शामिल है। कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद, वे पूरी लगन और साहस के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं। खापा रेंजर संध्या देशकर के अनुसार, जंगल की सुरक्षा में महिलाओं का आगे आना आवश्यक है। ये महिलाएं वास्तव में महिला सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं।

परिवारों की आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद कर रही

इसके अतिरिक्त, कान्हा टाइगर रिजर्व में 13 महिला गाइड मुक्की, खटिया और सरही प्रवेश द्वारों पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। ये महिलाएं पर्यटकों को जानकारी प्रदान कर अपने परिवारों की आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद कर रही हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं।

मोबाइल नंबर और ओटीपी की अनिवार्यता हटाने की तैयारी, करीब 63 लाख वाहनों में अभी प्लेट लगनी बाकी

मप्र में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की प्रक्रिया होगी आसान

जबलपुर। जबलपुर सहित पूरे मध्यप्रदेश में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की प्रक्रिया अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रही है। इसी स्थिति को देखते हुए परिवहन विभाग ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रस्तावित बदलाव के तहत अब नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन करते समय मोबाइल नंबर देना अनिवार्य नहीं रहेगा।

विभाग का मानना है कि मोबाइल नंबर अपडेट करने और ओटीपी से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के कारण कई वाहन मालिक आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते एचएसआरपी लगाने का अभियान प्रभावित हो रहा है। इसलिए आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए यह कदम उठाने की तैयारी की जा रही है।

प्रदेश में बड़ी संख्या में वाहन अभी भी बिना एचएसआरपी

परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार राज्य में लगभग 63 लाख वाहनों में अभी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगनी बाकी है। हालांकि, अब तक करीब 28 लाख वाहनों में ही यह प्लेट लग पाई है। अभियान की गति बढ़ाने के लिए विभाग लगातार नियमों में बदलाव कर रहा है और वाहन मालिकों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

ग्रामीण और बाहरी क्षेत्रों में अधिक समस्या

विभागीय सूत्रों के अनुसार सबसे ज्यादा दिक्कत ग्रामीण इलाकों और शहरों के बाहरी क्षेत्रों में सामने आ रही है। कई वाहन मालिकों के मोबाइल नंबर वाहन के रिकॉर्ड से लिंक नहीं हैं, जबकि कई मामलों में ओटीपी से जुड़ी तकनीकी समस्याएं भी सामने आई हैं। इन्हीं कारणों से आवेदन प्रक्रिया बीच में ही रुक जाती है और लोग नंबर प्लेट लगवाने से वंचित रह जाते हैं। अब मोबाइल नंबर की अनिवार्यता खत्म करने से वाहन मालिकों को आवेदन करने में काफी सुविधा मिल सकेगी।

वाहन मालिकों से जल्द प्लेट लगवाने की अपील

परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा लें। इससे वाहन की पहचान अधिक सुरक्षित और आसान हो जाती है। साथ ही यदि वाहन चोरी हो जाए या किसी अपराध में उपयोग हो, तो उसकी पहचान और पता लगाने में भी यह प्लेट काफी सहायक साबित होती है।

इस तरह कर सकते हैं आवेदन

वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट बुक माई एचएसआरपी पोर्टल के माध्यम से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी परिवहन सेवा केंद्र पर जाकर भी आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। आवेदन करते समय वाहन का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) देना आवश्यक होगा। इसके साथ ही आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी जैसे फोटो पहचान पत्र की भी जरूरत होगी। इसके अलावा पुरानी नंबर प्लेट से संबंधित जानकारी भी देनी होगी। आवेदन पूरा होने के बाद निर्धारित समय पर वाहन लेकर संबंधित केंद्र पर जाना होगा, जहां पुरानी नंबर प्लेट हटाकर नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगा दी जाएगी।

घमापुर में वारदात, एसपी से शिकायत

सरेराह नाबालिग से मारपीट कर कपड़े फाड़े

जबलपुर। घमापुर थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ अभद्रता, मारपीट और सरेराह कपड़े फाड़ने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मोहल्ले में रहने वाला युवक हनी बेन छात्रा के पास पहुंचा और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। छात्रा द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर छात्रा को बचाया।

पीड़िता की मां का आरोप है कि आरोपी का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है। वह पहले भी एक नाबालिग से जुड़े मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत जेल जा चुका है और फिलहाल जमानत पर बाहर है। परिवार का कहना है कि आरोपी जेल से आने के बाद से छात्रा को परेशान कर रहा था और तेजाब फेंकने की धमकी भी दे चुका है। परिजनों का आरोप है कि जब वे शिकायत लेकर घमापुर थाना पहुंचे तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और रिपोर्ट दर्ज करने में टालमटोल की। पुलिस के रवैये से नाराज होकर पीड़िता अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

उम्र निर्धारण के लिये डीजीपी को सर्कुलर जारी करने निर्देश

पॉक्सो मामलों में 10वीं की मार्कशीट जप्त की जाए

जबलपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक अग्रवाल तथा न्यायाधीश रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की संयुक्तपीठ ने मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिया है कि पॉक्सो से जुड़े हर मामले में पीड़िता की 10वीं की मार्कशीट और स्कूल का एंट्री रजिस्टर जब्त किया जाए, ताकि पीड़िता की उम्र का सही निर्धारण किया जा सके। संयुक्तपीठ ने कहा कि न्यायालय पॉक्सो मामलों में लगातार देख रही है कि संबंधित विवेचना अधिकारी अक्सर पीड़िता की 10वीं की मार्कशीट जब्त नहीं करते, जबकि यह दस्तावेज उम्र निर्धारण के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य हो सकता है। यदि ये दस्तावेज जब्त किए जाएं तो पीड़िता की उम्र तय करने में आसानी होगी। न्यायालय ने यह भी कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि विवेचना अधिकारियों द्वारा यह चूक जानबूझकर की जाती है या किसी अन्य कारण से परंतु इसका असर समाज पर पड़ रहा है। संयुक्तपीठ ने डीजीपी को 30 दिन के भीतर इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया है । इसे लंबित मामलों में भी लागू किया जाए। न्यायालय ने उक्त निर्देश सीधी जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के एक युवक की ओर से दायर अपील की सुनवाई के दौरान दिए ।

प्रकरण के मुताबिक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सीधी की विशेष अदालत ने 28 अक्टूबर 2025 को आरोपी को 20 वर्ष की सजा सुनाई थी। सजा के खिलाफ जमानत के लिए उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई थी। दायर अपील पर सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से अधिवक्ता पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा और राज्य की ओर से उप महाधिवक्ता श्वेता यादव उपस्थित रहीं। इसी मामले में सुनवाई के बाद संयुक्तपीठ ने डीजीपी को निर्देश दिया कि सभी पुलिस अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट सर्कुलर जारी किया जाए, जिसमें कहा जाए कि यदि पीड़िता 11वीं या 12वीं में पढ़ रही है, या 10वीं में फेल हुई है, तो उसका मैट्रिक प्रमाण पत्र रिकॉर्ड में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। जिस स्कूल में पीड़िता ने पहली बार प्रवेश लिया था, उस स्कूल का प्रथम प्रवेश (दाखिल खारिज) रजिस्टर भी जब्त किया जाए, क्योंकि यह उम्र निर्धारण का सबसे विश्वसनीय दस्तावेज माना जाता है।

पूर्व प्राचार्य पर आरोप, ओमती थाने में मामला दर्ज

चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान माईक छीनने से हंगामा

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेपियर टाउन स्थित क्राइस्ट चर्च कैथेड्रल में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान हंगामे की स्थिति बन गई। घटना के बाद ओमती थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 9 बजे चर्च में प्रार्थना सभा चल रही थी, जिसमें लगभग 150 से 200 महिला और पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे। शिकायतकर्ता ब्रूसली तगादुई निवासी नार्थ सिविल लाइन ने पुलिस को बताया कि जब वे मंच से माइक के जरिए सभा को संबोधित कर रहे थे, तभी लेडली मैथ्यू अचानक चर्च के अंदर पहुंच गए।

बताया जा रहा है कि लेडली मैथ्यू पूर्व में क्राइस्ट चर्च बॉयज स्कूल के प्राचार्य रह चुके हैं और वर्तमान में चर्च समिति से उनका कोई आधिकारिक संबंध नहीं है। आरोप है कि उन्होंने मंच पर पहुंचकर माइक छीन लिया और सभा में व्यवधान पैदा किया। रोकने पर उनके और चर्च सदस्यों के बीच झूमाझपटी हुई, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान अभद्र भाषा के प्रयोग से मौजूद लोगों में नाराजगी फैल गई।

बताया गया है कि बाहर निकाले जाने के लगभग 15 मिनट बाद आरोपी दोबारा चर्च परिसर में लौटा और अंदर घुसने का प्रयास करते हुए कुछ लोगों को धमकी दी। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों में नवीन कक, नितिन बाघ, फिलिप पमर, एलएम साठे, जैनी परिहार, अल्फ्रेड पोटिक और मेशक तगादुरई शामिल हैं, जिन्होंने पुलिस को बयान दिए हैं। ब्रूसली तगादुरई की शिकायत पर ओमती थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 0135/2026 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296(ए) और 351(2) के तहत प्रकरण कायम किया है।

मीनाक्षी सेन इस मकान को दो लोगों को पहले ही बेच चुकी है

मकान बेचने का अनुबंध कर पौने चार लाख हड़पे

जबलपुर। रांझी थानान्तर्गत शांतिनगर रांझी स्थित 3 सौ वर्गफुट में बने मकान को बेचने का अनुबंध कर जालसाज माँ बेटे ने एक महिला से 3 लाख 75 हजार रूपए हड़प लिये। आरोपी मां-बेटे पर धोखा धड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। रांझी पुलिस ने बताया कि शांतिनगर व्हीकल मोड़ रांझी निवासी श्रीमती सीता चौधरी ने गत वर्ष 31 मई को मीनाक्षी सेन से शांतिनगर रांझी स्थित 3 सौ वर्ग फुट में बना मकान खरीदने 3 लाख 75 हजार रूपए में बिक्रय अनुबंध किया था। मकान की कीमत का भुगतान करने के बावजूद मीनाक्षी सेन सीता चौधरी को मकान का कब्जा देने में आना-कानी कर रही है। मीनाक्षी सेन व बबलू सेन तथा उसका बेटा अनूप सेन अपराधिक प्रवृत्ति के हैं मीनाक्षी ने उक्त मकान को कई लोगों को बेचा है और मकान में नगर निगम के रिकार्ड में अपने पुत्र अनूप सेन का नाम चढ़वा लिया है। सीता चौधरी की शिकायत की जांच में सीता चौधरी व साक्षियों के बयान लिये गये जिसमें श्रीमती सीता चौधरी ने बताया कि गत 31 मई को मीनाक्षी सेन व उसके पुत्र अनूप सेन से उसने शांतिनगर रांझी स्थित एक 3 सौ वर्गफुट के मकान को खरीदने 3 लाख ७५ हजार रूपए में अनुबंध किया था। रकम का भुगतान करने के बाद स्वयं के नाम पर स्टॉम्प पर गवाहों के समक्ष अनुबंध किया गया था इसके बावजूद मीनाक्षी ने उक्त मकान को नगर निगम रिकार्ड में अपने बेटे के नाम पर चढ़वा लिया है। मीनाक्षी सेन इस मकान को दो लोगों को पहले ही बेच चुकी है। मीनाक्षी द्वारा मकान का कब्जा देने से मना करने पर पैसे भी वापिस नहीं किये जा रहे हैं। इसतरह मीनाक्षी सेन व उसके बेटे अनूप सेन ने मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी की है।

मार्च की शुरुआत में ही बढ़ी गर्मी, तापमान 35 डिग्री के पार

जबलपुर। इस वर्ष मार्च की शुरुआत में ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। जबलपुर सहित पूरे मध्यप्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार को जबलपुर में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे दिन में तेज धूप और गर्मी का असर महसूस किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले दो दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्रों से आने वाली गर्म और शुष्क हवाओं का प्रभाव प्रदेश के साथ-साथ जबलपुर क्षेत्र में भी दिखाई देने लगा है। हवा की दिशा बदलकर पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो जाने से वातावरण में नमी कम हो गई है, जिससे धूप का तीखापन बढ़ रहा है। हालांकि प्रदेश का मालवा-निमाड़ क्षेत्र फिलहाल सबसे अधिक गर्म बना हुआ है, लेकिन जबलपुर में भी दोपहर के समय तेज धूप के कारण गर्मी का असर साफ महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है और पारा 38 से 40 डिग्री के आसपास पहुंचने की संभावना है। रंगपंचमी के दिन भी जबलपुर सहित प्रदेश के अधिकांश शहरों में तेज धूप और गर्मी रहने की संभावना जताई गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240